सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 16 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 132, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 161 अंकों की गिरावट

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती बढ़त गंवाकर सेंसेक्स 160.73 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 अंक पर बंद हुआ। } 10

## भारत के रक्षा इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 16,000 करोड़ की लागत वाली लड़ाकू विमान अवसंरचना परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह भारत के रक्षा इतिहास में एक ऐतिहासिक अध्याय है। } 12

# प्रदेश में माफिया का आतंक समाप्त : योगी

## योगी ने महराजगंज में 79 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

विशेष/जिला सवाददाता



- प्रदेश में सुशासन और विकास का नया वातावरण तैयार किया
- पूर्वांचल को माफिया, दंगा और भय के माहौल से बाहर निकाला
- आपके एक सही वोट से सुनिश्चित हुआ विकास : सीएम
- जापानी इंसेफेलाइटिस बीमारी को जड़ से किया खत्म : सीएम

महराजगंज/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब आपका वोट सही जगह पड़ता है, तब विकास, सुरक्षा, रोजगार और सुशासन सुनिश्चित होता है, लेकिन एक गलत वोट जातिवाद, क्षेत्रवाद, परिवारवाद, माफियावाद, अराजकता और गरीबों की जमीनों पर कब्जे जैसी दुष्प्रवृत्तियों को जन्म देता है। डबल इंजन सरकार ने इन प्रवृत्तियों पर प्रभावी रोक लगाकर प्रदेश में सुशासन और विकास का नया वातावरण तैयार किया है। महराजगंज समेत पूरे पूर्वांचल को माफिया, दंगा व भय के माहौल से बाहर निकालकर विकास, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, मजबूत सड़क ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हाईकोर्ट ने भोजशाला को घोषित किया मंदिर

## नमाज अदा करने का आदेश रद्द, हिंदुओं को उपासना का मिला अधिकार

एजेंसी



इंदौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर के ऐतिहासिक विवाद के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए इस मध्यकालीन स्मारक की धार्मिक प्रकृति हिंदू मान्यताओं में ज्ञान की देवी के रूप में पूजी जाने वाली वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर के तौर पर तय की।

अदालत ने रेखांकित किया कि परमार वंश के राजा भोज की विरासत से जुड़े इस स्थल पर हिंदुओं की पूजा-अर्चना की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई है। उच्च न्यायालय ने विवादित परिसर में केवल हिंदुओं को उपासना का अधिकार दिए जाने की गुहार स्वीकार की और इसके साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सात अप्रैल 2003 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुस्लिमों को हर शुक्रवार स्मारक में नमाज अदा करने की इजाजत दी गई थी। उच्च ...शेष पृष्ठ 10 पर

### शीर्ष अदालत जाने की तैयारी में मुस्लिम पक्ष

इंदौर। धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर को सरस्वती मंदिर करार दिए जाने और इस मध्यकालीन स्मारक में नमाज की अनुमति समाप्त करने संबंधी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के शुक्रवार के फैसले को मुस्लिम पक्ष ने शीर्ष अदालत में चुनौती देने की घोषणा की है। मुस्लिम पक्ष के वकील अशहर वारसी ने कहा हम भोजशाला मामले में उच्च न्यायालय के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं और इसे शीर्ष अदालत में जल्द से जल्द चुनौती देंगे। उन्होंने दावा किया कि भोजशाला परिसर में एएसआई का वैज्ञानिक सर्वेक्षण...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### महिला ने पांच दिन में चार बच्चों को दिया जन्म, सभी सुरक्षित

मुरादाबाद। संभल जिले की एक महिला ने मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर महावीर अस्पताल में पांच दिन के अंतराल में चार बच्चों को सामान्य प्रसव से जन्म दिया। चिकित्सकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने इसे दुर्लभ मामला बताया। अस्पताल के अनुसार, संभल के ओवरी गांव की रहने वाली अमीना ने नौ मई को पहले बच्चे को जन्म दिया और इसके बाद 14 मई को चिकित्सकों की निगरानी में तीन अन्य बच्चों का जन्म हुआ। चार नवजात बच्चों में दो बेटे और दो बेटियां हैं और अमीना छह मई को इस अस्पताल में भर्ती हुई थीं। डॉ. शुभ्रा अग्रवाल के नेतृत्व वाली टीम ने जटिलता के बावजूद सफलता प्राप्त की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह अस्पताल में पहला मामला है, जहां चार बच्चों का सामान्य प्रसव हुआ। उन्होंने बताया कि महिला का इलाज गर्भावस्था के तीसरे महीने से हो रहा था और अल्ट्रासाउंड में चार भ्रूणों की पुष्टि हुई थी।

### आरजी कर हत्या मामले में तीन आईपीएस सस्पेंड

कोलकाता। आरजी कर अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले की फाइल फिर से खोले जाने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव पूर्व किए गए वादे पर अमल करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान कथित लापरवाही और कर्तव्य में चूक के आरोप में तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। राज्य सचिवालय में इस फैसले की घोषणा करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, पूर्व उपायुक्त इंदिरा मुखर्जी और अभिषेक गुप्ता को उनके खिलाफ शुरू की गई विभागीय जांच के मद्देनजर निलंबित करने का आदेश दिया गया है।

# नीट-यूजी पेपर लीक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## सीबीआई ने पुणे से प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी को दबोचा ○ कई वर्षों से नीट समिति से जुड़ा था प्रोफेसर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले के कथित सरगना एक प्रोफेसर को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच शुरू होने के तीन दिन के भीतर इसे सुलझाने का दावा करते हुए पुणे के एक प्रोफेसर को गिरफ्तार किया है, जिसे प्रश्नपत्र लीक का मुख्य स्रोत बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, रसायन विज्ञान के विशेषज्ञ और लातूर निवासी प्रोफेसर पी वी कुलकर्णी कई वर्षों से नीट प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समितियों से जुड़े रहे हैं। प्रोफेसर कुलकर्णी को पुणे स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया गया।

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, पी वी कुलकर्णी को गहन पूछताछ के बाद पुणे से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, गोपनीय सामग्री तक विशेष पहुंच का फायदा उठाते हुए प्रोफेसर कुलकर्णी ने अप्रैल के अंतिम सप्ताह में अपने घर पर विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित कीं, जिनमें



उन्होंने छात्रों को वे प्रश्न, विकल्प और उत्तर लिखवाए जो तीन मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में पूछे गए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने बयान में कहा, अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को संगठित किया था। मनीषा वाघमारे को सीबीआई ने 14 मई को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि छात्रों ने इन विशेष कक्षाओं में शामिल होने के लिए कथित तौर पर कई लाख रुपये दिए थे। इन कक्षाओं में छात्रों ने प्रश्न अपनी नोटबुक में लिखे थे, जो बाद में तीन मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्नपत्र से पूरी तरह मेल खाते थे। प्रवक्ता ने कहा कि सीबीआई की जांच टीमों ने रसायन विज्ञान के प्रश्नपत्र लीक होने के वास्तविक स्रोत और उन बिचौलियों की पहचान कर ली है, जिन्होंने कई लाख रुपये लेकर छात्रों को इन विशेष कक्षाओं तक पहुंचाया। उन्होंने कहा, पिछले 24 घंटों में सीबीआई ने देशभर में कई स्थानों पर छापेमारी की और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा मोबाइल फोन जब्त किए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि जब्त सामग्री की विस्तृत फॉरेंसिक और तकनीकी जांच जारी है। सीबीआई ने बृहस्पतिवार को अहिल्यानगर से धनंजय लोखंडे और पुणे से उसकी सहयोगी मनीषा वाघमारे को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला कि लोखंडे को प्रश्नपत्र वाघमारे से मिला था। इसके बाद लोखंडे ने इसे नासिक निवासी शुभम खैरनार को दिया, जिसने आगे इसे यश यादव तक पहुंचाया और फिर यादव ने इसे अन्य लोगों में प्रसारित किया। सीबीआई ने जयपुर से मंगलीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा गुरुग्राम से यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को भी पकड़ा गया है। अधिकारियों के अनुसार, खैरनार ने अप्रैल में यादव को बताया था कि मंगलीलाल बिवाल अपने छोटे बेटे के लिए लीक हुए नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र की व्यवस्था कराने के बदले 10 से 12 लाख रुपये देने को तैयार है। उन्होंने बताया कि खैरनार ने कथित ...शेष पृष्ठ 10 पर

### 21 जून को फिर होगी परीक्षा

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को घोषणा की कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की पुनः परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अनियमितताओं के आरोपों के मद्देनजर सुधारों के तहत अगले वर्ष से मेडिकल प्रवेश परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता छात्र और उनका भविष्य है। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा के संचालन



में पाई गई अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्वाई की जा रही है। उन्होंने कहा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता छात्रों का भविष्य है। इस बार हम किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने देंगे। सरकार आपके साथ है। परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों के बाद तीन मई को आयोजित हुई नीट-यूजी परीक्षा रद्द कर दी गई थी। प्रधान ने कहा कि यह मामला उस समय सामने आया जब राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की शिकायत प्रणाली के माध्यम से गेस पेपर के प्रश्न पत्रों साथ नीट-यूजी परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के कथित तौर पर मेल खाने को लेकर आपत्तियां प्राप्त हुईं, जिसके बाद जांच शुरू की गई। उन्होंने कहा यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

### कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच : सीजेआई

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से करते हुए शुक्रवार को कहा कि वे आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा हासिल करने के लिए प्रयासरत रहने पर एक वकील को फटकार लगाते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि समाज में पहले से ही ऐसे परजीवी मौजूद हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं और पूछा कि क्या याचिकाकर्ता भी उनके साथ जुड़ना चाहता है। पीठ ने याचिकाकर्ता वकील से कहा, पूरी दुनिया वरिष्ठ अधिवक्ता बनने की पात्र हो सकती है, लेकिन कम से कम आप इसके पात्र नहीं हैं। सीजेआई ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि दिल्ली उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा प्रदान भी कर दे, तो शीर्ष अदालत उसके पेशेवर आचरण को देखते हुए उसे रद्द कर देगी। सीजेआई ने फेसबुक पर याचिकाकर्ता द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा का भी उल्लेख किया।

## अनियमितता पर 200 निजी अस्पतालों पर बड़ी कार्रवाई

विशेष संवाददाता

- आयुष्मान योजना के तहत मानकों में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई
- 100 निजी अस्पतालों का रोका भुगतान, 100 से योजना की निलंबित

लखनऊ। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सएेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी चिकित्सालयों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश हैं कि योजना के लाभार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में इसे अधिक प्रभावी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए समय-समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में अस्पतालों की सूचीबद्धता और गुणवत्ता परीक्षण ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकास योजनाओं को गति देने पर जोर

### मुख्यमंत्री धामी की वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों संग बैठक



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तृत संवाद किया। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी तथा केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के पर्वतीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ाने, आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सेवाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जनप्रतिनिधियों ने युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने, स्थानीय उत्पादों के विपणन को मजबूत करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही पर्यटन क्षेत्र के विस्तार के माध्यम से स्थानीय आय वृद्धि के नए रास्ते तलाशने पर भी विचार रखे गए।

बैठक में कृषि, बागवानी और पारंपरिक उत्पादों के संवर्धन के जरिए पलायन की चुनौती को कम करने के उपायों पर भी चर्चा हुई। महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से और अधिक सक्षम बनाने, कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा सांस्कृतिक एवं ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पेट्रोल और डीजल के दाम तीन रुपया बढ़े



एजेंसी

नयी दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। यह पिछले चार वर्षों में पेट्रोल-डीजल के दाम में पहली वृद्धि है। कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों के कारण तेल विपणन कंपनियों का घाटा बढ़ने के बीच यह वृद्धि की गई है। इसके साथ ही, दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों ने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- 899 ग्राम पंचायतों में एक साथ लगी ग्रीन चौपाल (पृष्ठ-10)
- 75 जिलों की गोशालाओं में होंगी कृषि सखियां (पृष्ठ-10)
- रुपया 22 पैसे टूटकर 95.86 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- ब्लिंकिट से खराब अंडों की बिक्री पर मांगा जवाब (पृष्ठ-10)
- विदेशी मुद्रा भंडार 696.99 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-10)


विशेष खबर | एआई ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्क्लेव में जुटे देशभर के वरिष्ठ नौकरशाह, उच्चस्तरीय वर्कशॉप में भविष्य की गवर्नेंस पर मंथन

# लखनऊ टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का नया केन्द्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से देश के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन हब के रूप में उभर रहा है। इसी दिशा में शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित ह्यएआई ट्रांसफॉर्मेशन कॉन्क्लेव 2026 में देशभर से 50 से अधिक आईएएस अधिकारियों व अन्य वरिष्ठ प्रशासकों ने भाग लिया।

कॉन्क्लेव के दौरान ह्यद एआई-पावर्ड पब्लिक एडमिनिस्ट्रेटरः कॉम्पिटेंसीज फॉर ए न्यू एरा ऑफ गवर्नेंस विषय पर उच्चस्तरीय कैपेसिटी-बिल्डिंग वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसका संचालन एनआईएचआईटी की संस्थापक और इंडिया-यूएस सीईओ फोरम की वर्किंग ग्रुप-7 की शेरपा डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने किया। डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश, विशेषकर लखनऊ, भारत में एआई इनोवेशन का सबसे उपयुक्त केंद्र बनकर उभर रहा है। पहले यह शहर तहजीब की पहचान था, अब वर्तमान सरकार के नेतृत्व में नवाचार की नई पहचान बना रहा है। इनमोबी जैसी कंपनियों के डीपटेक ऑपरेशन्स शुरू होने से प्रदेश में गवर्नेंस, रिसर्च, टैलेंट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और आंत्रप्रेन्योरशिप का नया इकोसिस्टम



विकसित हो रहा है। कॉन्क्लेव के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एआई नीति और टेक्नोलॉजी विजन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। हाल में लखनऊ की वृंदावन योजना में 368 करोड़ रुपये की लागत से देश की पहली एआई सिटी को मंजूरी दी गई है, जबकि यूपी एआई मिशन के लिए 225 करोड़ रुपये का विशेष बजट आवंटित किया गया है। इस अवसर पर स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकारी कार्यप्रणालियों में एआई ट्रांसफॉर्मेशन का राष्ट्रीय मॉडल बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह राज्य की ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को नई गति देगा।

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा कि सरकार एआई, क्वांटम और डीपटेक जैसी उभरती तकनीकों के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हालिया बजट में यूपी एआई मिशन, एआई सिटी और नई उभरती तकनीकों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कॉन्क्लेव में एआई इकोसिस्टम, साइबर सुरक्षा, डिजिटल गवर्नेंस, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और नागरिक केंद्रित सेवाओं में एआई की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से प्रस्तुत फ्रेमवर्क का उल्लेख करते हुए नैतिक, जवाबदेह, सुलभ और मानव केंद्रित एआई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़, 132 लोग गिरफ्तार

एजेंसी

लुधियाना। लुधियाना पुलिस ने शुक्रवार को शहर में अब तक के सबसे बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जिसमें फर्जी कॉल सेंटर चलाने में कथित तौर पर शामिल 132 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह पॉप-अप स्कैम, दूर बैठे कंप्यूटर तक पहुंच हासिल कर धोखाधड़ी और फर्जी बैंक सुरक्षा अलर्ट के माध्यम से विदेशी नागरिकों को निशाना बनाता था। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस गिरोह के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर हाल ही में संधू टॉवर और सिल्वर ओक के पास स्थित व्यावसायिक परिसरों सहित कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान विभिन्न अवैध कॉल सेंटर से कुल 132 लोगों को पकड़ा गया। यह गिरोह परिष्कृत ऑनलाइन धोखाधड़ी और वित्तीय घोटालों के माध्यम से विदेशी नागरिकों को निशाना बना रहा था। उन्होंने बताया कि 1.07 करोड़ रुपये, 98 लैपटॉप, 229 मोबाइल फोन और 19 वाहन बरामद किए गए हैं। 300 से अधिक बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगाई गयी है और कई अन्य खातों के लिये यह प्रक्रिया जारी है। आयकर अधिकारियों को सूचित कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# वर्तमान पीढ़ी को अतीत व बदलाव बतायें प्रबुद्धजन

## गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था, कर्फ्यू का खामियाजा भुगत चुका है प्रदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज के प्रबुद्धजन का आह्वान किया कि वे वर्तमान पीढ़ी को देश-प्रदेश के अतीत और आज दिख रहे बदलाव से अवगत कराएं। नौजवानों को बताना होगा कि नौ-दस साल पहले प्रदेश में क्या हालात थे और आज क्या परिवर्तन आया है। प्रदेश को अव्यवस्था, अराजकता, दंगे-कर्फ्यू में झोंकने वालों के हाथों नौजवानों को गुमराह होने से बचाने के लिए ऐसा करना बहुत आवश्यक है। जागरूकता की यह जिम्मेदारी उठाने के लिए प्रबुद्धजन को आगे आना होगा।

सीएम योगी शुक्रवार को राप्तीनगर में आयोजित प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। महानगर भाजपा के राप्तीनगर मंडल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करने तथा वंदे मातरम के सामूहिक गायन के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हम आज के युवा को पहले की स्थितियों से अवगत नहीं कराएंगे तो वह नहीं जान पाएगा कि तुष्टिकरण का खामियाजा क्या होता है। यह प्रदेश 9-10 वर्ष पहले गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था, कर्फ्यू, क्षेत्रीय दलों द्वारा शोषण का खामियाजा भुगत चुका है। युवाओं को आगाह कर उनके सामने ऐसी स्थिति पैदा नहीं होने देनी है। क्षणिक स्वार्थवश नागरिकों के भविष्य से खिलवाड़ देशद्रोह है और यह छूट किसी संगठन या संस्था को नहीं दी जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबने बदलते भारत, बदलते उत्तर प्रदेश और बदलते गोरखपुर को देखा है। 2017 के पहले जब बच्चा पैदा होता था तो मां-बाप उसे इंसेफेलाइटिस से बचाने को लेकर चिंतित रहते थे। बच्चे के बड़ा होने पर पढ़ाई, नौजवान होने पर नौकरी या रोजगार की चिंता थी। रोजगार के लिए यूपी से बाहर जाने पर पहचान का संकट था। विकास बाधित था। बिजली, सड़क और रोजगार नहीं था। अन्नदाता किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं थी। व्यापारी गुंडा टैक्स देने को मजबूर था, चिकित्सक भयाक्रांत रहते थे, बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। दंगा-कर्फ्यू, अराजकता, अव्यवस्था और भ्रष्टाचार ही उत्तर प्रदेश की पहचान बन गए थे। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में विकास, सुरक्षा और रोजगार की गारंटी है। बेटी, व्यापारी सभी सुरक्षित हैं। इंसेफेलाइटिस पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। गोरखपुर का बंद पड़ा खाद कारखाना फिर चल रहा है। गोरखपुर में एम्स संचालित है और कभी खुद बीमार रहा बीआरडी मेडिकल कॉलेज आज बेहतरीन सुविधाएं दे रहा है। हर तरफ फोरलेन की कनेक्टिविटी है। पिछले नौ वर्ष में अकेले गोरखपुर में 15 हजार करोड रुपये के प्रोजेक्ट आए हैं और इतने ही लगने वाले हैं। इन परियोजनाओं से पूर्वी उत्तर प्रदेश के 50 हजार नौजवानों को अकेले गोरखपुर में नौकरी और रोजगार मिला है।

### वर्तमान चुनौती के लिए मोदी के आह्वान का अनुसरण करें

सीएम योगी ने कहा कि अच्छे कार्य के बावजूद कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते हर तरफ ईंधन की आपूर्ति बाधित है। अमेरिका जैसे देश में डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दाम चार गुना बढ़े हैं। यूरोप के देशों की हालत खराब है। पाकिस्तान जैसे-तैसे गुजर कर रहा है। अरब देश परेशान हैं, अंधकार में रहने के लिए मजबूर हैं। दुनिया में अव्यवस्था का वातावरण है। 12 फरवरी से यह स्थिति बनी हुई है। अमेरिका-ईरान तनाव के कारण डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे देश पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है, बावजूद इसके भारत सरकार कीमतों को नियंत्रित रखे हुए है। मुख्यमंत्री ने लोगों से प्रधानमंत्री की अपील का पालन करते हुए बिजली व ईंधन की बचत करने तथा छोटे-छोटे प्रयासों से देश को मजबूती देने का आह्वान किया। मोदी जी के इस आह्वान से प्रेरणा प्राप्त कर ईंधन संरक्षण के लिए सोलर एनर्जी, सार्वजनिक व इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और कार पूलिंग जैसे उपायों पर अमल करने की जरूरत है। हम सबको वर्तमान चुनौती के अनुरूप खुद को तैयार करना होगा। सम व विषम परिस्थितियों में समभाव के साथ कार्य करने का सामर्थ्य हर भारतीय को विकसित करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रबुद्धजन नौजवानों को बताएं कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले देश में क्या था और आज क्या बदलाव आया है। बदलता भारत आज दुनिया के लिए प्रेरणा बना है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान दुनिया में सबसे बेहतरीन प्रबंधन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का रहा। दुनिया के सबसे विकसित देश अमेरिका में भारत की तुलना में कोरोना से चार गुना मौतें हुईं, जबकि उसकी आबादी भारत की चौथाई है। अमेरिका की तुलना में कम संसाधन के बावजूद हमारा कोरोना प्रबंधन इसलिए बेहतरीन रहा कि हमारे पीएम मोदी खुद फ्रंटफुट पर आकर नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नकारात्मक नैरेटिव से बचते हुए नेशन फर्स्ट की भावना के साथ हर नागरिक को देशहित में सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए, क्योंकि बूंद-बूंद से ही बड़ा परिवर्तन संभव होता है।

# 899 ग्राम पंचायतों में एक साथ ग्रीन चौपाल लगा पेश किया उदाहरण

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश सरकार के पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता मिशन को आगे बढ़ाते हुए अम्बेडकरनगर में शुक्रवार को सभी 899 ग्राम पंचायतों में एक साथ ग्रीन चौपाल का आयोजन कर इतिहास रच दिया गया। सुबह 9 से 10 बजे तक चले इस कार्यक्रम में पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने, हरित परिवहन को बढ़ावा देने व पर्यावरण संरक्षण के व्यापक प्रस्ताव पारित किए गए। अम्बेडकरनगर का यह सामूहिक प्रयास पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान के परिप्रेक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में ईंधन व ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देशन में इस आयोजन में ग्राम प्रधानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी पंचायतों में एक ही समय पर लगाई गई ग्रीन चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। ग्राम प्रधानों ने पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने का बीड़ा उठाते हुए सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और हरित परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने का सामूहिक प्रण लिया। इस दौरान पौधरोपण, जल संरक्षण, गो-संरक्षण, स्वच्छता, जैविक खेती, सौर ऊर्जा, पराली न जलाने और कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मानसून को देखते हुए 30 जून तक प्री-प्लांटेशन की तैयारियां पूरी करने की कार्ययोजना भी बनाई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से जनपद ने दो महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पहला, अधिकतम ग्राम पंचायतों द्वारा एक साथ एक समय में आयोजन करना। दूसरा, सबसे कम समय में इतने वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन। सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्रीन चौपालों में आगामी पौधरोपण महोत्सव पर हर परिवार द्वारा कम से कम पांच पौधे लगाने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने की बात कही गई। इसके अलावा जल संरक्षण, गोसंरक्षण, स्वच्छता, हरित एवं जैविक खेती, मृदा संरक्षण ऊर्जा संरक्षण, सौर ऊर्जा, पर्यावरण व शिक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी सहमति दर्ज की गई।

- पेट्रोल–डीजल खपत घटाने का प्रस्ताव पारित किया

प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की ओर से किया गया यह अभिनव प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के आह्वान पर ग्रामीण क्षेत्रों ने तक ऊर्जा बचत और हरित परिवहन का संदेश पहुंचाना सराहनीय है। मंत्री ने जनता से अपील की कि हर नागरिक व्यक्तिगत स्तर पर पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने का संकल्प ले और आवश्यकता अनुसार ही वाहन का उपयोग करे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से अल्पसंख्यक परिवारों को मिला सहारा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति और धर्म के भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है। खासतौर पर अल्पसंख्यक समाज के हजारों परिवारों को इस योजना से राहत और सम्मान मिला है।

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक अल्पसंख्यक वर्ग के 52,134 जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत संपन्न कराया जा चुका है। सरकार की इस पहल ने उन परिवारों की चिंता कम की है जो बेटियों की शादी के खर्च को लेकर वर्षों तक परेशान रहते थे।

योगी सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता और सामाजिक सहयोग ने गरीब परिवारों को नई उम्मीद दी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और समानता का भी बड़ा संदेश दे रही है।

### 9 साल में अल्संख्यक वर्ग के 52,134 जोड़ों की शादियां हुईं

2017-18 में 1635, 2018-19 में 4973, 2019-20 में 6040, 2020-21 में 1878, 2021-22 में 5160, 2022-23 में 8096, 2023-24 में 8535, 2024-25 में 9381, 2025-26 में 6436

कार्यक्रमों में सभी धर्मों और समुदायों के जोड़ों का एक साथ विवाह कराना समाज में भाईचारे और सौहार्द की भावना को मजबूत करता है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शादी जैसे बड़े आयोजन में गरीब परिवारों को अक्सर कर्ज और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने इस समस्या को काफी हद तक कम किया है। सरकार लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि प्रदेश में विकास और कल्याणकारी योजनाओं का आधार जाति या धर्म नहीं, बल्कि जरूरत और पात्रता है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना इसका बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है।

# 18 मंडलों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष किए जा रहे तैयार

## 16 हजार किमी नालों की सफाई पूरी, 300 बाढ़ परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकार इस वर्ष मानसून के दौरान जीरो जनहानि और कृषि भूमि को कम से कम नुकसान सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। इसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना, नालों की सफाई, तटबंधों की सुरक्षा, बाढ़ सुरक्षा समितियों के गठन समेत तमाम उपाय आगामी मानसून के दौरान बड़ी राहत साबित होंगे। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में 31 मई तक एकीकृत बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया है ताकि पहली जून से इन्हें संचालित किया जा सके।

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुताबिक इस वर्ष रिकॉर्ड गति से कार्य करते हुए अब तक लगभग 4 हजार किलोमीटर लंबाई के तटबंधों को सुरक्षित किया गया है। वहीं नदियों-नालों के किनारे बसे गांवों और कृषि भूमि को कटान से बचाने के लिए 300 परियोजनाओं पर काम चल रहा है।



इन्हें 15 जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। संवेदनशील और अति-संवेदनशील स्थानों पर कटाव निरोधक कार्य पूरे किए जा रहे हैं। नदियों के किनारों पर पत्थर की पिचिंग और जियो-बैग्स का उपयोग कर सुरक्षा घेरा भी मजबूत किया जा रहा है। विभाग के मुताबिक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए ड्रेनेज सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मार्च 2026 तक 16 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई में नालों की सिल्ट सफाई का काम पूरा हो चुका है। बारिश शुरू होने से पहले बचे सभी संवेदनशील जगहों पर सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके जरिए भारी बारिश होने पर पानी की निर्बाध निकासी से फसलों और गांव-बस्तियों को डूबने से बचाया जा सकेगा। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की तरफ से लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज समेत प्रदेश के सभी 18 मंडलों में 31 मई तक एकीकृत बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बाढ़ और प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी के लिए यह कक्ष 15 जून से 15 अक्टूबर तक 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। जलस्तर की रियल टाइम निगरानी और आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई इनके जरिए सुनिश्चित कराई जाएगी। सामाजिक स्तर पर भी विभाग अपनी तैयारियां पुख्ता कर रहा है। विभिन्न ग्रामीण इलाकों में ह्यबाढ़ सुरक्षा समितियां तैयार की जा रहीं हैं।

इनमें संबंधित क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर, ग्राम प्रधान, लेखपाल समेत अन्य स्थानीय लोगों को जोड़ा जा रहा है, जिनकी जिम्मेदारी बाढ़ और आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना पहुंचाने की होगी। साथ ही राहत से जुड़े काम में मदद करेंगे।

# 75 जिलों की गोशालाओं में होगी कृषि सखियों की तैनाती

विशेष संवाददाता (vol)

- गो संरक्षण के साथ रोजगार का मास्टर प्लान तैयार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार अब गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और जैविक खेती से जोड़कर नए रोजगार मॉडल के रूप में विकसित करने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ने मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में कृषि सखियों की तैनाती की जाएगी।

इस पूरी योजना में उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन की महिलाओं को विशेष भूमिका सौंपी जा रही है। योगी सरकार की योजना है कि ग्रामीण क्षेत्र की माताएं और बहनें गो संरक्षण में भी सहभागी बनें और गोशालाओं को आत्मनिर्भरता व समृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करें। इसके लिए प्रदेश स्तर पर महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा, जो आगे गांव-गांव में अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित करेंगी।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार की रणनीति के अनुसार प्रदेश की सभी गोशालाओं को रोजगार और जैविक कृषि के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। गोशालाओं से निकलने वाले गोबर का उपयोग बड़े पैमाने पर जैविक खाद तैयार करने में होगा। इसके लिए महिलाओं के माध्यम से खाद निर्माण इकाइयां संचालित की जाएंगी। इससे एक ओर जहां गो संरक्षण को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। खासतौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# महराजगंज में मुख्यमंत्री ने बांटे स्वीकृति पत्र, चेक और टूलकिट

**महराजगंज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महराजगंज में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चेक, टूलकिट और आवास की चाबियां वितरित कीं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया और उन्हें उपहार भी भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की ओडीओपी योजना के अंतर्गत अंगद को तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत सीमा कन्नौजिया को टूलकिट वितरित कीं। पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत राजकुमार कुशवाहा को 30 लाख रुपये की धनराशि का चेक दिया गया। ग्राम प्रधान पंचायत कल्याण कोष योजना के तहत बिजना देवी को 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एपीओ कंचन

- 208 करोड़ रुपये की 79 परियोजनाओं का किया लोकार्पण/शिलान्यास

मौर्या फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक सुरेंद्र कुमार को कृषि यंत्र वितरण हेतु अनुदान राशि का चेक सौंपा गया। इसी प्रकार द्वारिका को भी अनुदान राशि से संबंधित कृषि यंत्र (ट्रैक्टर) की चाबी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत प्रतिभा जायसवाल को 5 लाख रुपये की परियोजना लागत का चेक दिया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अवतारी देवी को आवास की चाबी सौंपी गई, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से विनोद को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत उर्मिला देवी को 5 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक वितरित किया गया।

# भाजपा सरकार की नीतियां फेल है : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर 2027 की तैयारियों पर दिया जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं, नेताओं और परिचितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश संकट में है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। जो हालात हैं, उसमें महंगाई में लगातार वृद्धि होगी। भाजपा सरकार की नीतियां फेल है। डॉ. राममनोहर लोहिया की दाम बांधो नीति से ही महंगाई पर लगाम लगेगी। अनाप-सनाप लूट पर रोक लगेगी। आमदनी और खर्च के अनुपात में संतुलन होना चाहिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में विधानसभा चुनाव लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा है। लोकतंत्र बचाने में यूपी की बड़ी जिम्मेदारी है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करेगी लेकिन इस बार जनता की ताकत के सामने भाजपा टिक नहीं पायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौ वर्ष में प्रदेश में विकास का कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। इस सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा हो गयी। हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार है। यह सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में वर्तमान संकट का कारण भाजपा है। वही सभी समस्याओं की जड़ है। जनता को भ्रमित करती है। महिला आरक्षण विधेयक 2023 में संसद में पास होकर कानून बन चुका है। महिला आरक्षण कानून तत्काल 2027 में लागू होना चाहिए। भाजपा महिलाओं को गुमराह करना बंद करें। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के खिलाफ पीडीए एकजुट है। पीडीए भाजपा का विकल्प है। 2027 के चुनाव में भाजपा का सफाया होना तय है।

### मंत्रियों के नाम के बाद, क्या उनके विभागों की पर्ची भी ऊपर से आयेगी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में मंत्रियों के नाम के बाद, अब क्या उनके विभागों की पर्ची भी ऊपर से आएगी? उन्होंने कहा मंत्रालयों के बंटवारे की देरी की असली वजह सिर्फ.ये है कि मंत्रालय-विभाग की कमीशन-कमाई के बंटवारे के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। दीर्घ प्रतीक्षा के बाद जो नये मंत्री बने हैं वो बेचारे तो बस दर्शक दीर्घा में बैठकर, गेंद को इधर-उधर आते-जाते देख रहे हैं। भाजपाई डबल इंजन बाकी सब मंत्रियों को डब्बा कर देता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने ठाना है कि नये मंत्रियों को जो भी मंत्रालय-विभाग मिलेगा, उस पर पूरी तरह से निगाह-निगरानी रखी जाएगी, जिससे ये नये-नवेले मंत्रीगण अपने खजाने न भर सकें। इस बात के लिए कागजी प्रमाण के साथ-साथ और भी आडियो-वीडियो सबूत इकट्ठे किये जाएंगे और इन भाजपाइयों की कलई खोली जाएगी। अब जनता ही भाजपाई लोगों को अपने टैक्स के पैसों की लूट करने से रोकेगी क्योंकि भ्रष्टाचार रोकने के बाकी सारे विभाग तो भ्रष्ट भाजपा ने बर्बाद कर ही दिये हैं। जनता को लगता है अब सोशल मीडिया और सिटिजन जर्नलिज्म के माध्यम से ही उनको न्याय मिल सकता है। भाजपा सरकार जानती है कि ये आखिरी बार है जब वो सत्ता में है इसीलिए ये भाजपाई दसों हाथों से पैसा बटोरना चाहते हैं। जागरूक जनता अब इन भाजपाइयों को उनके गंदे मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगी।

# नीट अभ्यर्थी रितिक के निधन पर अखिलेश ने जताया शोक

विशेष संवाददाता (vol)

- सपाईयों ने रितिक की मौत पर प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखीमपुर के गंगोत्री नगर निवासी नीट अभ्यर्थी रितिक मिश्रा के असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। रितिक मिश्रा नीट अभ्यर्थी थे। नीट परीक्षा के पेपर लीक होने से वे बहुत व्यथित थे। अवसाद की स्थिति में उन्होंने आत्महत्या कर ली। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

नीट परीक्षा निरस्त होने से तनाव में अवसाद के कारण विधानसभा धौरहरा के ग्राम कटौली के ऋतिक मिश्रा ने आत्महत्या कर ली थी। इस सम्बंध में जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई की छात्र ऋतिक मिश्रा के परिजनों को सरकार 2 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में मुआवजा दे जो छात्र प्रतियोगी परीक्षाएं देने जाते हैं उनके किराये भत्ते की क्षतिपूर्ति के लिए सरकार 50,000/-रू. दे जिन संस्थाओं व संबंधित विभाग व मंत्री की जिनकी संलिप्तता है उन्हें बर्खास्त किया जाए। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक आरए उस्मानी, पूर्व विधायक शमशेर बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, वरुण चौधरी, विकास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, प्रदेश सचिव कयूम खान, जिला महासचिव अंसार महलूद, तृप्ति अवस्थी, महिला सभा की अध्यक्ष प्रख्याति खरे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आज के विद्यार्थी ही कल के नागरिक और राष्ट्र के भविष्य निर्माता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जागरूक नागरिक और राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं, इसलिए उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संविधान के प्रति सम्मान की भावना होना अत्यंत आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना आज कानपुर के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। बता दें कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संसदीय परंपराओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कानपुर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों विवेकानंद विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, अशोका एजुकेशन सेंटर तथा पूर्णचंद्र



विद्यानिकेतन के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही, सदन की व्यवस्था तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को निकट से देखा और समझा।

उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आत्मीय संवाद करते हुए विधानसभा की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया तथा जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाती है तथा प्रदेश के विकास से संबंधित नीतियां और कानून बनाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में जागरूकता, नेतृत्व क्षमता तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सकारात्मक सोच तथा निरंतर अध्ययन के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, परिश्रम और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने विधानसभा भवन की ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सदन की कार्यवाही, प्रश्नकाल और विधायी प्रक्रिया से संबंधित अनेक जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। महाना ने विद्यार्थियों के प्रश्नों का सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से उत्तर दिया।

विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी एवं उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनकी समझ को भी सुदृढ़ बनाते हैं। इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# पिछड़ा वर्ग आयोग ने 87% शिकायतों का निस्तारण किया

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के संकल्प के साथ सभी वर्गों को न्याय दिला रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग लगातार शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित निस्तारण कर रहा है। आयोग साल 2024 से अप्रैल 2026 तक आई कुल शिकायतों में से करीब 87 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निस्तारण कर चुका है। इस तरह आयोग ने योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए न केवल बड़ी संख्या में लंबित मामलों का निस्तारण किया है, बल्कि नई शिकायतों पर भी समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की है। दरअसल योगी सरकार की प्राथमिकताओं में पिछड़ा वर्ग के लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान, शिकायतों की सुनवाई और प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई शामिल है।

# मास्टर ट्रेनर्स को चारा विकास के पहलुओं पर मिली जानकारी

## चारा विकास के लिए मास्टर ट्रेनर्स और चारा उत्पादकों का प्रशिक्षण आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हरे चारे की कमी के मद्देनजर प्रदेश के पशुपालन विभाग के तत्वावधान में भा.कृ.अनु.प.- भारतीय चरागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में चारा विकास के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 27 अप्रैल से 14 मई तक आयोजित किया गया जिसमे प्रदेश के समस्त 75 जिलों के पशुपालन एवं कृषि विभाग से कुल 125 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम दो-दिवसीय कुल 6 बैच में सम्पन्न कराया गया।

इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स को चारा विकास के निम्न पहलुओं पर जानकारी दी गयी तथा प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। उत्तर प्रदेश में पशुधन एवं चारा उपलब्धता का परिदृश्य तथा क्षेत्रवार चारा विकास योजना, विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त चारा उत्पादन तकनीकियाँ एवं वर्ष पर्यंत




चारा उत्पादन प्रणाली, बारानी, गोचर भूमियों एवं गौशालाओं के लिए चरागाह, वन-चरागाह एवं उद्यान चरागाह प्रणाली, समस्याग्रस्त दशाओं तथा गैर-परंपरागत स्त्रोतों से चारा उत्पादन तकनीकियां और पशुधन आहार प्रबंधन एवं चारा संरक्षण की विधियां के विषय में बताया गया।

प्रतिभागियों ने उन्नत चारा तकनीकियों की जानकारी के साथ-साथ तकनीकियों के प्रसार के लिए विशेषज्ञों से विचार-मंथन भी किया। कार्यक्रम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण उपरान्त अपने जनपदों के पशुपालक किसान, कृषि उद्यमी एवं गौशाला संचालकों को प्रशिक्षित कर उनका क्षमता विकास करने के लिए कार्ययोजना भी बताई गयी। मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण के अलावा प्रदेश के चारा उत्पादक किसानों एवं गौशाला संचालकों के लिए आयोजित किये जा रहे एकदिवसीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 7 जिलों के कुल 106 चारा उत्पादकों एवं गौशाला संचालकों को चारा उत्पादन, संरक्षण एवं उपयोग के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम से कुल 1125 चारा उत्पादक किसानों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

# वेलनेस सिटी के चार मार्गों से जुड़ेगा ग्रीन कॉरिडोर

## मेडी सिटी के रूप में विकसित की जायेगी वेलनेस सिटी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहीद पथ से किसान पथ को जोड़ने वाला ग्रीन कॉरिडोर वेलनेस सिटी की कनेक्टिविटी को नयी रफ्तार देगा। इसके लिए योजना के 04 मुख्य मार्गों को ग्रीन कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को परियोजना का निरीक्षण करके अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिये हैं।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सुलतानपुर रोड व किसान पथ के मध्य 485 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वेलनेस सिटी योजना विकसित की जा रही है। जिसके लिए ग्राम-बक्कास, मलूकपुर ढ़कवा, चौरहिया, चौरासी, दुलारमऊ, नूरपुर बेहटा तथा मस्तेमऊ की भूमि चिन्हित है। वेलनेस सिटी को मेडी सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। जहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज, डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ विपासना केन्द्र व मेडिटेशन सेंटर आदि होंगे।

उन्होंने बताया कि लैंड पूलिंग, अर्जन एवं किसानों से सहमति के आधार पर योजना के लिए भूमि जुटाव का कार्य किया जाएगा। अभी तक 427 किसानों से 78 हेक्टेयर भूमि के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जबकि, 30 हेक्टेयर भूमि का लैंड पूलिंग एग्रीमेंट किया जा चुका है। जल्द ही भूमि देने वाले किसानों को लॉटरी के माध्यम से विकसित भूखण्ड आवंटित किये जाएंगे।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से महज 0.5 किलोमीटर की दूरी पर प्रस्तावित वेलनेस सिटी में ट्रैफिक निर्बाद्ध रूप से संचालित हो, इसके लिए योजना में 60 मीटर से 24 मीटर चौड़ी सड़कें विकसित की जाएंगी। साथ ही योजना के 04 मुख्य मार्गों को निमार्णाधीन ग्रीन कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा।

उपाध्यक्ष ने बताया कि शहीद पथ से किसान पथ के मध्य 6.5 किलोमीटर लंबा व 24 मीटर चौड़ा ग्रीन कॉरिडोर आकार लेने लगा है। अधिकारियों को बारिश से पहले मिट्टी भरायी का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। उपाध्यक्ष ने बताया कि सुलतानपुर रोड से ग्रीन कॉरिडोर को जोड़ने के लिए आर्मी लैंड से मरी माता मंदिर के मध्य 1800 मीटर लंबी 4-लेन सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस सड़क के बनने से गोमती नगर विस्तार से अर्जुनगंज की ओर जाना आसान होगा और लगभग 10 लाख की आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। निरीक्षण में मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी संगीता राघव, जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी व अधिशासी अभियंता अजीत कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## चिनहट में 03 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त सैरपुर में 03 अवैध निर्माण सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को चिनहट के ग्राम-जुग्गौर में अभियान चलाकर लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। वहीं, सैरपुर में 03 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि चिनहट के ग्राम-जुग्गौर में अभियान चलाया गया। लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि सैरपुर थानाक्षेत्र के अल्लूनगर डिगुरिया, मथुरा विहार व रैथा रोड पर अभियान चलाया गया। इस दौरान 03 अवैध व्यावसायिक निर्माणों को सील किया गया।

# लखनऊ, कानपुर व आगरा मेट्रो के लिए पार्किंग व मेट्रो फीडर मार्ग तय

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ में 71, कानपुर में 24 व आगरा में 19 नए पार्किंग स्थल तैयार
- यूटीयू मोबिलिटी एप के माध्यम से अंतिम मील कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा मेट्रो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में मेट्रो एवं सिटी ट्रांसपोर्ट सेवाओं को जनोपयगी बनाने की कवायद तेज हो गई है। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक की गई थी। इसमें कनेक्टिविटी, सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुविधाजनक एवं प्रभावी बनाने तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई थी।

यूपीएमआरसी के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि मेट्रो स्टेशनों के आसपास फीडर कनेक्टिविटी को मजबूत करने एवं यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए नए ऑटो एवं टेम्पो सर्कुलर रूट तय किए गए। लखनऊ में 29, कानपुर में 50 तथा आगरा में 27 नए रूटों की पहचान कर उन्हें स्वीकृति दी गई। साथ ही इन रूटों पर नए ऑटो एवं टेम्पो स्टॉप भी तय किए गए, ताकि यात्रियों को मेट्रो स्टेशनों तक आने-जाने में सुविधा मिल सके। मेट्रो एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। यह अभियान सोशल मीडिया, शहरभर में लगाए जाने वाले डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड तथा अन्य जनसंचार माध्यमों के जरिए संचालित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक परिवहन को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें।

प्रमुख सरकारी आवासीय कॉलोनियों एवं कार्यालयों को नजदीकी मेट्रो स्टेशनों से जोड़ने के लिए शटल बस सेवाएं चरणबद्ध तरीके से शुरू करने पर भी सहमति बनी। इस पहल का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को बेहतर प्रथम एवं अंतिम मील कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। यूपीएमआरसी ऐप आधारित मोबिलिटी सेवाओं जैसे यूटीयू मोबिलिटी के माध्यम से अंतिम मील कनेक्टिविटी को और मजबूत करने की योजना बनाई जा रही है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन पहले से ही ओला, उबर एवं रैपिडो जैसी सेवाओं के साथ समन्वय कर मेट्रो यात्रियों को सुविधाजनक अंतिम मील परिवहन सुविधा उपलब्ध करा रहा है। एम.डी. सुशील कुमार ने कहा कि मेट्रो सेवाओं को और अधिक आसान एवं जनसुलभ बनाने के लिए अंतिम मील कनेक्टिविटी को मजबूत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि विभिन्न मेट्रो स्टेशनों के आसपास पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं का विकास किया जाना आवश्यक है, ताकि यात्रियों को अपने निजी वाहनों की सुरक्षित पार्किंग की सुविधा मिल सके और अधिक से अधिक लोग मेट्रो सेवा का उपयोग करने के लिए प्रेरित हों।

# बलरामपुर अस्पताल कें खून की कई जांच न होने से मरीज परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- थायराइड, विटामिन बी-12 समेत दूसरी जांचें अटकीं

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में शुक्रवार को थायराइड, विटामिन बी-12 समेत दूसरी खून की जांचें नहीं हो सकीं। मरीज खून की जांच के लिए भटकते रहे। जांच कब से शुरू होंगी इसकी जानकारी तक देने वाला कोई नहीं था। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन पांच से छह हजार मरीज आ रहे हैं।

डॉक्टर 300 से अधिक मरीजों को खून की जांचें कराने की सलाह देते हैं। इनमें थायराइड, विटामिन बी-12, पीटीपीसी आईएनआर, बीएनपी, इलेक्ट्रोलाइट प्रो समेत दूसरी जांच प्रमुख हैं। ये सभी जांचें बुधवार से ठप हो गई हैं। तीन दिन बीत गए। इसके बावजूद अभी तक जांच शुरू नहीं हो पाई। वहीं, जिस एजेंसी के जिम्मे रीजेंट और किट उपलब्ध कराना है, उसकी कोताही और हीलाहवाली जारी है।

यही वजह है कि तीन दिन बाद तक जांच में इस्तेमाल होने वाले संसाधन नहीं जुटाए गए। एजेंसी की मनमानी का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। अमीनाबाद निवासी शाहिद खान को थायराइड जांच कराने की सलाह बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने दी। बीते दो दिनों से सुबह खाली पेट जांच के लिए आ रहे हैं। लेकिन उनकी जांच नहीं हो पाई। मायूस होकर लौटना पड़ा। काकोरी निवासी सरिता देवी का इलाज बलरामपुर अस्पताल में चल रहा है। वह कमजोरी और अचानक मोटापे से पीड़ित हैं। डॉक्टर ने थायराइड व विटामिन बी-12 जांच कराने की सलाह दी। शुक्रवार को मरीज की जांच नहीं हो सकी। अस्पताल की निदेशक डा. कविता आर्या से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं हो सकी। अस्पताल के सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि अगर समस्या है तो उसे कराया जाएगा।

# नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य जोन के कार्यवाहक अध्यक्ष अंकित तिवारी एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में एकत्र होकर युवा कांग्रेस और छात्र संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंका और भाजपा और एनटीए की मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए धर्मेन्द्र प्रधान के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (मध्य जोन) के कार्य. अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक ने देश के लाखों करोड़ों की संख्या में कड़े परिश्रम और ट्यूशन, कोचिंग करके दिन-रात मेहनत कर रहे छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों के विश्वास और उनके मनोबल को पूरी तरह से तोड़ने का काम किया है। भाजपा सरकार के संरक्षण में एनटीए लगातार परीक्षा आयोजन की सुदृढ़ व्यवस्था कराने में विफल साबित हो रही है, जिसके कारण देश के होनहार मेहनती छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इस मौके पर युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि यदि सरकार छात्रों के हितों के प्रति रक्षा करने में विफल रहती है तो आने वाले समय में यह संघर्ष और अधिक वृहद रूप लेगा। उन्होने मांग की है कि- ठळअ को तुरंत भंग किया जाए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तत्काल इस्तीफा दें, नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच हो, छात्रों को फ्री मेंटल हेल्थ सपोर्ट मिले, प्रभावित छात्रों को फ्री लीगल ऐड दी जाए तथा पीड़ित परीक्षार्थियों को आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए। यदि सरकार छात्र और युवाओं के हितों में इन मांगों को नहीं मानेगी तो युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने को विवश होंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीपक पाण्डेय प्रिंस प्रकाश, प्रदेश जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अहमद रजा खान, प्रदेश सचिव मो. नईम खान, गौरव शुक्ला, स्वप्निल चौरसिया, नीरज सिंह आदि तमाम युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।



## संसदीय कार्य मंत्री पुरस्कार के लिए चयनित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को उनके दीर्घ संसदीय अनुभव, संसदीय परंपराओं के प्रति समर्पण, उत्कृष्ट संसदीय आचरण तथा सदन के संचालन में विशिष्ट योगदान को दृष्टिगत रखते हुए उत्कृष्ट विधायक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह निर्णय आज अध्यक्ष विधानसभा की अध्यक्षता में आयोजित उत्कृष्ट विधायक समिति की बैठक में लिया गया। आगामी समय में विधानसभा सदन के भीतर एक विशेष समारोह आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

## सूरजकुंड पार्क में मिलीं खामियां, लगा जुर्माना

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित सूरजकुंड पार्क के रखरखाव और विकास कार्यों में बड़ी लापरवाही मिली है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शुक्रवार को यहां अधूरे काम, अव्यवस्था और धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित ठेकेदार पर 1 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क में फाउंटेन लगाने का काम अधूरा मिला। वीसी ने अधिशासी अभियंता मनोज सागर को जल्द काम पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्क में स्थापित ऋषि-मुनियों की मूर्तियों के नीचे अब तक नाम और विवरण नहीं लिखे जाने पर भी वीसी ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल सभी मूर्तियों पर जानकारी अंकित कराने और वॉल मेंटेनेंस का काम पूरा कराने को कहा। निरीक्षण में बाउंड्रीवॉल के पास अवैध कब्जे और झुग्गी-झोपड़ियां भी मिलीं। वीसी ने इन्हें हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पार्क में नया एंट्रेंस गेट बनाने और लाइटिंग व्यवस्था मजबूत करने को कहा गया। कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पार्क में नई बायोमेट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं झाड़ियों की कटाई-छंटाई और सफाई व्यवस्था बेहतर करने को भी कहा गया। उपाध्यक्ष ने सूरजकुंड पार्क को और आकर्षक बनाने के लिए यहां लेजर शो शुरू कराने की मंजूरी दी। साथ ही डालीगंज चौराहे के उद्यानिकीकरण और सौंदर्याकरण के कार्य अवस्थापना विकास निधि से कराने के निर्देश दिए।

## पर्यटन विभाग के उपनिदेशक डॉ.कल्याण सिंह निलंबित

**लखनऊ।** क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय, लखनऊ में उपनिदेशक पर्यटन के पद पर तैनात डॉ कल्याण सिंह को रिश्वत लेने के प्रकरण में निलंबित कर दिया गया है। इनका रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। निलंबन के बाद उन्हें पर्यटन निदेशालय, लखनऊ से संबद्ध किया गया है। डॉ कल्याण सिंह के रिश्वत लेने के प्रकरण को शासन ने गंभीर अनुशासनहीनता, निरंकुश कार्यशैली और भ्रष्ट आचरण माना है। उनके खिलाफ गंभीर कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों में अनुशासनिक कार्रवाई शुरू कर दी है। दोष सिद्ध होने पर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है। डॉ. कल्याण सिंह का अभी कुछ दिन पहले रिश्वत लेते हुए वीडियो सामने आया था, जिसमें उपनिदेशक एक व्यक्ति से रिपोर्ट लगाने के लिए 500 रुपये के नोटों की गड्डी लेकर दराज में रखते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि निलंबित उपनिदेशक कल्याण सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है। उनका दावा है कि वीडियो में उनकी आवाज बदलने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यानी डीपफेक का इस्तेमाल किया गया है।

## डा. प्रवीन कुमार रिक्शे से पहुंचे बलरामपुर अस्पताल

**लखनऊ।** देश के प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने तथा अनावश्यक निजी वाहनों के उपयोग को कम करने के आह्वान के क्रम में शुक्रवार को बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रवीण श्रीवास्तव द्वारा सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की सराहनीय पहल की गई। डा. श्रीवास्तव ने बताया कि प्रातः मेट्रो सेवा का उपयोग करते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन तक पहुंचे तथा वहां से रिक्शा द्वारा अस्पताल आए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक उपयोग का जो संदेश दिया गया है, उसका पालन करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि वे प्रतिदिन प्रातःकाल सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करते हुए ही अस्पताल आने का प्रयास करेंगे।

# एकेटीयू के कुलपति ई-रिक्शा से पहुंचे अपने कार्यालय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने ऊर्जा संकट के बीच माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उर्जा बचत के संदेश का पालन करते हुए पांच दिवसीय कार्य सप्ताह व्यवस्था लागू कर दिया है। जबकि हर शुक्रवार को विश्वविद्यालय को नो व्हीकिल जोन घोषित किया गया है। इस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कुलपति प्रो. जे.पी. पाण्डेय शुक्रवार को सुबह सरकारी गाड़ी का प्रयोग करने के बजाय पैदल अपने कार्यालय हुंचे।

इस दौरान उन्होंने नो व्हीकिल जोन व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने का भी निर्देश दिया। पांच दिवसीय कार्य सप्ताह के तहत सुबह साढ़े नौ बजे कार्यालय खुल गया। इसके लिए विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने साइकिल, पब्लिक व्हीकिल का प्रयोग किया। कुछ लोग पैदल भी कार्यालय पहुंचे। प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि ऊर्जा एवं पर्यावरण बचाने के लिए जरूरी है कि लोग समझदारी से परिवहन का उपयोग करें। वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना समय की मांग है।

## एकेटीयू कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय का कार्यकाल बढ़ा

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय का कार्यकाल बढ़ाया गया है। कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की ओर से इस सम्बन्ध में शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। राज्यपाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार, कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय को नियमित कुलपति की नियुक्ति होने अथवा 6 माह की अवधि अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, एकेटीयू के कुलपति पद के दायित्वों का निर्वहन के लिए नियुक्त किया है। बता दें कि कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो रहा था और अभी विश्वविद्यालय में नियमित कुलपति की नियुक्ति में समय लगने की सम्भावना है।

## एकेटीयू में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह व्यवस्था लागू

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उर्जा बचत के संदेश का पालन करते हुए पांच दिवसीय कार्य सप्ताह व्यवस्था लागू कर दिया है। कुलपति प्रो. जे.पी. पाण्डेय के निर्देशानुसार, विश्वविद्यालय में अब सोमवार से शुक्रवार तक कार्य होगा। कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब समस्त कार्यालय और कक्षाएं सुबह साढ़े नौ बजे से शाम छह बजे तक संचालित होंगी। हालांकि, पूर्व निर्धारित परीक्षाएं अपनी तय समय सारिणी के अनुसार ही संपन्न होंगी। साथ ही पेट्रोल बचत के लिए सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को परिसर को नो व्हीकिल जोन रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि सप्ताह में एक दिन परिसर बंद रहने से बिजली और ईंधन की भारी बचत होगी, जो राष्ट्रहित में एक बड़ा योगदान है।

# पीजीआई में शिक्षकों की भर्ती पर फैकल्टी फोरम नाराज

**लखनऊ।** पीजीआई में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नियमित शिक्षक भर्ती प्रक्रिया व परिणाम घोषित करने में लेटलतीफी और बैकलॉग भर्ती परिणाम पहले घोषित करने पर फैकल्टी फोरम ने तीखा विरोध जताया है। फोरम ने संस्थान प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। चेतावनी दी है कि यदि 15 जून 2026 तक नियमित भर्ती का परिणाम घोषित नहीं किया गया तो फैकल्टी सदस्य आन्दोलन करने को मजबूर होंगे। शुक्रवार को फैकल्टी फोरम ने तीन पेज का ज्ञापन निदेशक डॉ. आरके धीमान को भेजा है। फैकल्टी फोरम के अध्यक्ष डॉ. मोहन गुर्जर और सचिव डॉ. विवेक सिंह ने पत्र में वरिष्ठता (सीनियरिटी) विवाद की आशंका जाहिर की। पत्र में कहा गया है कि आठ अगस्त 2025 को संस्थान ने विभिन्न विभागों में करीब 200 नियमित फैकल्टी पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसके लिए इंटरव्यू प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है, जबकि 29 जनवरी 2026 को जारी बैकलॉग भर्ती प्रक्रिया का परिणाम 14 मई 2026 को घोषित कर दिया गया। भर्ती प्रक्रिया के सामान्य सिद्धांतों के तहत पहले जारी विज्ञापन का परिणाम पहले घोषित होना चाहिए था, लेकिन संस्थान प्रशासन ने बाद की भर्ती प्रक्रिया पहले पूरी कर दी। इससे भविष्य में गंभीर प्रशासनिक और कानूनी विवाद खड़े हो सकते हैं। फोरम ने आशंका जताई है कि यदि बैकलॉग भर्ती से चयनित अभ्यर्थी पहले ज्वाइन कर लेते हैं तो वे ज्वाइनिंग की तारीख के आधार पर वरिष्ठता का दावा कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में नियमित भर्ती से चयनित शिक्षक सदस्यों की सीनियरिटी प्रभावित हो सकती है। इसका असर भविष्य में पदोन्नति, विभागीय जिम्मेदारियों, प्रशासनिक पदों और वेतन निर्धारण पर भी पड़ेगा।

## वायरल आडियो के खिलाफ लविवि प्रशासन ने गठित की कमेटी, केस दर्ज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के एक प्रोफेसर की छात्रा की बातचीत का आडियो वायरल हुआ। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने वायरल हुए दो ऑडियो के संबंध में स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई करता है। विश्वविद्यालय का मानना है कि संस्थान की गरिमा और शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित करने वाले किसी भी आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।द कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इस संदर्भ में विश्वविद्यालय की इंटरनल कंप्लेंट कमेटी को आदेश दिया है कि वह 24 घंटे के भीतर इस मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। यह कदम विश्वविद्यालय की पारदर्शी और उत्तरदायी कार्यप्रणाली को दशार्ता है, जिससे सुनिश्चित हो सके कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, आडियो कथित तौर पर पेपर लीक करने के मामले में संबंधित शिक्षक के खिलाफ परीक्षा नियंत्रक द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है कि परीक्षा प्रक्रिया की पवित्रता और छात्रों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## केजीएमयू में विशेष श्रेणी अपशिष्ट प्रबंधन पर सीएमई

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस जागरूकता गतिविधियों के अवसर पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में विशेष श्रेणी अपशिष्ट प्रबंधनः अलगाव से परे सुरक्षा सुनिश्चित करना पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें केजीएमयू, एसजीपीजीआई, आरएमएलआईएमएस, विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के संकाय सदस्यों, निवासियों, छात्रों, अस्पताल प्रशासकों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों सहित 200 से अधिक प्रतिनिधियों की उत्साही भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोड के अध्यक्ष डा. रवींद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी और टिकाऊ स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को बढ़ावा देने में शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की भूमिका पर बतायी।

# अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति सपा सांसद द्वारा की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा लखनऊ महानगर एवं जिला महिला मोर्चा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता महिलाएं उपस्थित रहीं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना केवल प्रधानमंत्री का ही नहीं बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने कहा कि सपा लगातार महिलाओं, सनातन संस्कृति और राष्ट्र की भावनाओं का अपमान करती रही है, जिसे देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी ने कहा कि भाजपा की मातृशक्ति ऐसे किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने का कार्य करेगी जो देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के सम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास करेगा। महिला मोर्चा लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहा है और सपा सांसद से सार्वजनिक माफी की मांग करता है। धरना-प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर संबंधित सांसद के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की।



इसके अलावा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी की महिला पदाधिकारी, महिला जनप्रतिनिधियों एवं महिला कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रधानमंत्री के विरुद्ध की गई अमर्यादित बयान के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। सपा नेताओं की अमर्यादित भाषा और अराजक राजनीतिक संस्कृति के विरुद्ध लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया गया।

**भाजपा महानगर का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 16 से ... लखनऊ।** भाजपा महानगर का दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग 16 एवं 17 मई को अयोध्या स्थित श्रीराम सेवक पुरम, विश्व हिंदू परिषद यात्री निवास, रामघाट में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण वर्ग में लखनऊ महानगर के लगभग तीन सौ से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि सभी प्रतिभागी 16 मई को प्रातः 6 बजे कैसरबाग स्थित भाजपा कार्यालय से बसों के माध्यम से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रातः 10 बजे से पंजीकरण शुरू होगा तथा दोपहर 12 बजे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की कार्यपद्धति, भाजपा का इतिहास एवं विकास, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, चुनाव प्रबंधन, वैचारिक अधिष्ठान, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास सहित विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग का समापन 17 मई क सायं 5 बजे प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन एवं समापन सत्र के साथ होगा।

## सीएसआईआर-एनबीआरआई में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई), लखनऊ में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन के.एन. कौल ब्लॉक स्थित लोटस सभागार में किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात वैज्ञानिक एवं उद्योग विशेषज्ञ डॉ. आश्विन काशिकर, जनरल मैनेजर (आर एंड डी), अंकुर सीड्स प्रा. लि., नागपुर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक डॉ. ए.के. शासनी ने कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाजहित में पादप विज्ञान अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने के लिए सीएसआईआर-एनबीआरआई की प्रतिबद्धता को दोहराया। टेक्नोलॉजीः कल्टीवेटिंग टुमारोस हार्वेस्ट विषय पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस व्याख्यान देते



हुए डॉ. आश्विन काशिकर ने कृषि एवं पादप जैव प्रौद्योगिकी में उभरती प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक), मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, जीनोमिक चयन, प्रिसीजन ब्रीडिंग एवं जीन संपादन जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से जलवायु-अनुकूल एवं उच्च उत्पादकता वाली फसल किस्मों के विकास पर प्रकाश डाला। डॉ. आश्विन काशिकर ने जीनोमिक चयन, स्पीड ब्रीडिंग तथा एआई आधारित हाई-थ्रूपुट फीनोटाइपिंग जैसी उन्नत प्रजनन तकनीकों के बारे में जानकारी दी, जो फसल सुधार कार्यक्रमों को तीव्र गति प्रदान कर रही हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# पत्नी की हत्या कर इंदिरा डैम के पास फेंका शव

## अल्ताफ ने फिल्मी अंदाज में यासमीन की हत्या कर दर्ज करायी गुमशुदगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट में एक युवक ने पत्नी की हत्या कर शव ट्रॉली बैग में भरकर इंदिरा डैम के पास फेंक दिया और थाने जाकर खुद उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी। पूछताछ में बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को शक हुआ। सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने हत्या कुबूल कर ली। आरोपी की पहचान अल्ताफ उर्फ कल्लू (25) पुत्र सईद निवासी खलीली जनपद फैजाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार अल्ताफ ने गुरुवार को चिनहट थाने में अपनी पत्नी यासमीन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जांच के दौरान पुलिस को उस पर संदेह हुआ, जिसके बाद गहन पूछताछ की गई। चिनहट के रामलीला मैदान निवासी सब्जी विक्रेता अल्ताफ ने पहले पुलिस को पत्नी यासमीन की हत्या कर और फिर उनके चरित्र पर सवाल उठाते हुए मायके वालों और पुलिस को खूब गुमराह किया। कभी पत्नी के अकेले भागने तो कभी प्रेमी के साथ भागने की कहानी बताता रहा। कई घंटे की पूछताछ के बाद वह पुलिस के सामने टूट गया और पत्नी की हत्या की बात कबूल ली। उसने बताया कि उसने



यासमीन का गला घोंटकर हत्या की और शव को इंदिरा डैम के किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है। मृतका के पिता सद्दू पुत्र अली अहमद, निवासी पुराना पोस्ट ऑफिस कस्बा मोहल्ला चिनहट की तहरीर पर चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में मुख्य आरोपी अल्ताफ के साथ-साथ उसकी मां, बहन, भाई और भौजाई के खिलाफ भी हत्या का आरोप लगाया गया है।

अल्ताफ ने पुलिस को बताया कि पत्नी के एक रिश्तेदार से अवैध संबंध थे। इस बात को लेकर आए दिन दोनों के बीच झगड़ा होता था। 13 मई की शाम को भी झगड़ा हुआ। इसके बाद देर रात को भी दोनों के बीच विवाद हुआ और रात करीब दो बजे के आसपास अल्ताफ ने पत्नी यासमीन की गला घोंट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को एक प्लास्टिक के बोरे में भरा और ई-रिक्शे पर रखकर बीबीडी स्थित इंदिरा नहर के पास लेकर पहुंचा।

ई-रिक्शे से शव से भरा बोरा उतारने के बाद आरोपी ने ई रिक्शा चालक को भेज दिया और फिर कुछ देर के बाद शव को नहर किनारे झाड़ियों के बीच छिपा दिया। चिनहट पुलिस ने मुख्य आरोपी अल्ताफ उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर लिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की आगे की विवेचना पुलिस अधिकारियों की निगरानी में की जा रही है।

## नहर में मिली बेहोश युवती की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** वीआईपी रोड स्थित निकली शारदा नहर में गुरुवार दोपहर एक युवती बेहोशी अवस्था में मिली। लोगों की सूचना पर पहुंची आशियाना पुलिस ने युवती को नहर से निकलवा इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा, जहां से डॉक्टरों ने उसे ट्रामा रेफर कर दिया था, वहां इलाज दौरान रात में उसकी मौत हो गई।

मूलरूप से जनपद सीतापुर के बिसवां के रहने वाले मौजी लाल परिवार के साथ कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित स्नेहनगर में किराए पर रहते हैं और मिस्त्री का काम करते हैं। बड़ी बेटी अंजली (19) की दोस्ती गोमती नगर भरवारा निवासी अखिलेश नामक युवक से थी गुरुवार को किसी बात को लेकर युवती का अपने दोस्त से विवाद हो गया था, जिसके पश्चात सुबह युवती वीआईपी रोड निकली नहर में छलांग लगा दी थी। आशियाना के बंगला बाजार चौकी प्रभारी संदीप ठाकुर ने बताया कि गुरुवार करीब दो बजे युवती नहर में उतराई मिली जिसकी सांसे चल रही थी त्वरित युवती को बाहर निकलवा इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख ट्रामा रेफर कर दिया जहां इलाज दौरान रात्रि समय युवती की मौत हो गई। वहीं इस मामले कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने अपना पल्ला झाड़ते हुए मामले को आशियाना थाने का बताया है पीड़ित परिवार ने पुलिस से कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

## नकली नोट जमा करने आया युवक गिरफ्तार

- चिनहट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा का मामला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक बैंक में नकली नोट जमा करने आए युवक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस गिरफ्तारी के बाद नकली नोटों से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। मटियारी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में जाली नोट जमा कराने पहुंचे एक युवक को बैंककर्मियों ने पुलिस के हवाले कर दिया। जांच पड़ताल में आरोपी के बैग से 2 लाख 35 हजार रुपये के कथित फर्जी नोट और कई डिपॉजिट पर्चियां बरामद हुई हैं।

पुलिस के अनुसार शाखा प्रबंधक सुमित सिंह ने सूचना दी कि आरोपी बैंक में 33 हजार रुपये एक अन्य व्यक्ति के खाते में जमा कराने पहुंचा था। डिपॉजिट प्रक्रिया के दौरान बैंक के कैशियर ने नोटों की गड्डी में 14 नोट नकली पाए। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। बैंक की तहरीर पर चिनहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान सौरभ शुक्ला पुत्र



हरिपाल शुक्ला के रूप में हुई है, जो मूल रूप से गोंडा जिले के परसपुर शुक्लान पुरवा का रहने वाला बताया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी के बैग की तलाशी ली तो उसमें 2.35 लाख रुपये के जाली नोट बरामद हुए। इसके अलावा 27 डिपॉजिट पर्चियां भी मिलीं, जिससे पुलिस को संगठित नेटवर्क के सक्रिय होने की आशंका है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी एक ऐसे गिरोह से जुड़ा है, जो अलग-अलग बैंक खातों में छोटे-छोटे अमाउंट में रकम ट्रांसफर करता था। पुलिस के मुताबिक यह गैंग असली नोटों के साथ जाली नोट मिलाकर बैंक खातों में जमा करता था और बाद में कमीशन के जरिए रकम निकलवाई जाती थी। चिनहट थाना एसएचओ के अनुसार आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 179 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## श्री श्याम मंदिर परिसर में नयी पार्किंग भूमि का पूजन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री श्याम भक्तों की सुविधा एवं क्षेत्रीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर, बीरबल साहनी मार्ग, लखनऊ में आधुनिक पार्किंग निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम शुक्रवार 15 मई 2026 को प्रातः 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण परियोजना सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन, विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव के अथक प्रयास तथा विधायक डॉ. नीरज बोरा के निर्देशन में साकार हो रही है। कार्यक्रम को लेकर श्री श्याम परिवार एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है।

विधायक ओ पी श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग की समस्या लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब इस निर्माण कार्य से श्रद्धालुओं को व्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे यातायात व्यवस्था भी सुगम बनेगी तथा मंदिर आने वाले भक्तों को बड़ी राहत मिलेगी।

## लखनऊ में बिकानेरवाला ने 6वें आउटलेट का किया शुभारंभ

**लखनऊ।** शुक्रवार को लखनऊ में बिकानेरवाला ने अपने 6वें आउटलेट का किया शुभारंभ किया। बिकानेरवाला भारत के सबसे लोकप्रिय पारंपरिक भारतीय मिठाई एवं स्नेक्स ब्रांड्स में से एक है। यह एक 100% शाकाहारी रेस्टोरेंट है, जो मल्टी-क्यूजीन व्यंजनों के साथ विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ दरफ फॉर्मेट में उपलब्ध कराता है। नया आउटलेट इंदिरा नगर, सेक्टर-5, लेखराज डॉलर कॉम्प्लेक्स, लखनऊ में स्थित है। 5000+ वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह आउटलेट 100+ पूर्णतः वातानुकूलित बैठने की



क्षमता एवं एक पार्टी हॉल से सुसज्जित है।

इंदिरा नगर आउटलेट, बिकानेरवाला की विस्तार यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा लखनऊ में ब्रॉड की मजबूत उपस्थिति को और सुदृढ़ करता है। बिकानेरवाला की लखनऊ में पहले से ही गोमती नगर, विजय टॉवर, लुलु मॉल, फन रिपब्लिक मॉल एवं एमराल्ड मॉल में सफल उपस्थिति है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में अलग-अलग सड़क हादसों में जहां तीन लोगों की मौत हो गयी वहीं कई घायल हो गये। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

पहली घटना आलमबाग थाना क्षेत्र इलाके में गुरुवार देर रात तालकटोरा रोड स्थित बाला जी मंदिर के पास बेकाबू ट्रक ने स्कूटी सवार प्रिंटिंग प्रेस कर्मी को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। राहगीरों को आता देख चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। आलमबाग पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, कृष्णानगर इलाके में घर के पास परचून की दुकान में सामान लेने गए युवक को ऑटो टक्कर मार भाग निकला। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

आलमबाग के दौदा खेड़ा बाबू बलखंडी मार्ग निवासी सुरेंद्र शुक्ला का बड़ा बेटा आनंद (22) प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। परिवार में मां जया शुक्ला व छोटा भाई विभव शुक्ला हैं। परिजनों ने बताया कि गुरुवार देर रात काम पूरा कर स्कूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में तालकटोरा रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास पीछे से बेकाबू ट्रक (यूके 07 सीए 9804) ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आनंद उछलकर सड़क के बीच जा गिरा। भागने के चक्कर में ट्रक के पीछे का पहिया आनंद के ऊपर से निकल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही आलमबाग पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक का सिर क्षत-विक्षत हो चुका था। पुलिस ने कपड़ा डालने के बाद तलाशी ली। जेब में मिले मोबाइल से परिजन को सूचना दी। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि चचेरे भाई आयुष शुक्ला ने आलमबाग कोतवाली में ट्रक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के साथ ही आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

वहीं, मूल रूप से हरदोई के मरवर गांव निवासी मनोज कुमार (35) मजदूरी करता था। परिवार में पत्नी लक्ष्मी देवी और तीन बच्चे हैं। मनोज कृष्णानगर मछली मंडी इलाके में किराए पर रहता था। चचेरे भाई अनिल ने बताया कि दो दिन पहले ही मनोज गांव से लौटा था। गुरुवार रात मनोज खाना पका रहा था। इसी दौरान पीछे से ऑटो मनोज को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कृष्णानगर पुलिस ने मनोज को गंभीर हालत में लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

**डम्पर की ठोकर से ऑटो चालक की मौत :** इटौंजा इलाके में गुरुवार रात तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

इटौंजा के अकडरिया कला हीरापुरवा निवासी मैकू लाल का 40 वर्षीय बेटा विनोद कुमार ऑटो रिक्शा से गुरुवार बीकेटी की ओर जा रहा था। रास्ते में अर्जुनपुर के पास तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का पता चलते ही परिवारजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर इटौंजा सोबरन सिंह का कहना है कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। डंपर और चालक के बारे में जानकारी जुटाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

वहीं, कृष्णानगर पुलिस के मुताबिक, बहराइच भगवानपुर के रहने वाले मनोज मिश्र (33) के भाई ननकऊ ने बताया कि उनके भाई बुधवार को लखनऊ मजदूरी करने के लिए कृष्णा नगर स्थित बाराबिरवा आए थे। गुरुवार रात करीब 10:00 बजे मजदूरी के बाद पिकडली होटल के पास रोड पार करते समय अचानक एक ऑटो चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, जहां उनकी मौत हो गई। परिवार में उनकी पत्नी लक्ष्मी, एक बेटी व दो बेटे हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई निविदा संख्या:** NER-LJN-2026-140, **कार्य का नाम :** NER-LJN Division :- LJN Division की छोटी ट्रैक मशीनों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध, जिसमें ओवरहॉलिंग, प्रमुख मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स का प्रतिस्थापन शामिल है, अगले 2 वर्षों के लिए, **अनुमानित लागत :** ₹ 60,00,000.00, **अग्रिम धन :** ₹ 1,20,000.00, **समापन अवधि :** 24 माह।

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-140** के लिए ई-निविदा दिनांक 18.06.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-104 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## मंच पर दिखी शास्त्रीय व आधुनिक कला

- जयंती पर याद किये गये एलपीएस संस्थापक सीपी सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल के संस्थापक सीपी सिंह की 70वीं जयंती पर शुक्रवार को विद्यालय की सेक्टर-आई शाखा स्थित सीपी सिंह स्मृति सभागार में श्रद्धापूर्वक ढंग से मनायी गयी। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार ने संस्थापक के जीवन दर्शन और उनके आदर्शों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यालय के सभी 10 शाखाओं के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेक्टर-डी शाखा की छात्राओं ने 'मनः शुद्धयति' समूह नृत्य की सुंदर और भावपूर्ण प्रस्तुति दी, तो वहीं साउथ सिटी शाखा के छात्र-छात्राओं ने संस्कृत श्लोकों के सस्वर पाठ से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्नाव शाखा के विद्यार्थियों ने 'तू जिंदा है' समूह गीत के जरिए आत्मविश्वास और जोश का संचार किया। नाटक की श्रेणी में साउथ सिटी शाखा के छात्रों द्वारा प्रस्तुत



'रावण-लक्ष्मण संवाद' ने दर्शकों को प्रेरित किया। नन्हे कलाकारों की प्रतिभा भी देखते ही बनी, जहां प्रगतिपुरम, रायबरेली शाखा के छोटे बच्चों ने 'लिटिल लीजेंड्स ऑन मूव' नृत्य से सभी का मन मोह लिया।

शास्त्रीय और आधुनिक कला के संगम के रूप में साउथ सिटी की छात्राओं ने 'शिव शंभु' भरतनाट्यम की मनोहारी प्रस्तुति दी, जिसकी मुद्राओं और भावों को दर्शकों की खूब सराहना मिली। सेक्टर-आई के विद्यार्थियों ने इंग्लिश क्वायर के माध्यम से जीवन में सकारात्मक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक लोकेश सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और संस्थापक के साथ जुड़ी अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए उनके संघर्ष और विजन पर प्रकाश डाला। विद्यालय की निदेशिका रश्मि पाठक ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गुमशुदा 101 मोबाइल फोन बरामद कर सौंपे

**लखनऊ।** राजधानी में सर्विलांस सेल पूर्वी जोन और विभिन्न थानों की सीईआईआर रिकवरी टीम ने 101 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 28 लाख रुपए आंकी गई है। ये मोबाइल सिर्फ लखनऊ ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों और अन्य राज्यों से भी ट्रेस कर बरामद किए गए हैं।

शुक्रवार को पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन डा. दीक्षा शर्मा ने सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना फोन वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खिल उठे। नागरिकों ने लखनऊ पुलिस की सर्विलांस और रिकवरी टीम की सराहना की। जो फोन चोरी के बाद दूसरे जिले तक पहुंच गए थे, उन्हें भी पुलिस ने रिकवर कर लिया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सिंह सेंगर के निर्देशन में चलाया गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त अपर्णा कुमार और बबलू कुमार की निगरानी में पूर्वी जोन की टीम लगातार सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सर्विलांस की मदद से गुम मोबाइल ट्रेस कर रही है। पुलिस के मुताबिक पूर्वी जोन के अलग-अलग थानों से मोबाइल गुम होने की शिकायतें मिली थीं।

## युवक की गोमती में डूबकर मौत

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शिरकत करने गए भेलपुरी ठेला संचालक की नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अंतिम संस्कार के बाद वह गोमती नदी में नहाने लगे थे। इसी बीच तेज बहाव के बीच में आकर डूब गए। गोताखोरों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मूलतः हरदोई के बेल्थरा गांव निवासी सुधीर सक्सेना (30) पत्नी सोनिका एक बेटी दो बेटों के साथ के साथ नई बस्ती फैजुल्लगंज मडि 7वें में में किराए के मकान में रहते थे। वह भेलपुरी का ठेला लगाकर परिवार का पेट पालते थे। पत्नी सोनिका के मुताबिक, पति सुधीर शुक्रवार सुबह अपने दूर के रिश्तेदार के बेटे की मौत के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सबके साथ ठाकुरगंज स्थित गुललाला घाट गए थे। अंतिम संस्कार के बाद वह गोमती नदी में नहाने के लिए चले गए। इसी बीच वह गहरे पानी में पहुंच गए। उन्होंने तैरना नहीं आता था, वह पानी में डूब गए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

**एडमिन यूनिट/जोनः** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:** Catg-LJND-07-26, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 12-05-2026 समय 16:59 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 27-05-2025 समय 10:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 27-05-2026 समय 12:30 बजे। **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
मुजाधि/वाणिज्य-40 लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।



# कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

website :-www.ugoonp.in E-mail:-nppmaurava@gmail.com

पत्रांकः112/अल्पकालीन नि.सू./न.पं. ऊगू/2026-27 दिनांक - 14/05/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत, ऊगू, उन्नाव मे पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो/एजेन्सियों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त होने वाली धनराशि से विभिन्न वार्डो मे नाली निर्माण कार्य किये जाने हेतु निविदा दिनांक -06/06/2026 को अपरान्ह 1:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू जनपद - उन्नाव में आमन्त्रित की जाती है। उक्त सभी निविदाये अपरान्ह 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत ऊगू उन्नाव मे खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय स्वयं ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। प्रत्येक निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद/एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि ''अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊगू'' के नाम बन्धक करना अनिवार्य होगा। निविदा फार्म कार्यालय नगर पंचायत, ऊगू जनपद उन्नाव मे दिनांक- 05/06/2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजें से अपरान्ह 4:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त किये जा सकते है। यदि उक्त तिथि में कोई अवकाश होता है तो अगली तिथि में निविदाएं क्रय व डाली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन की धनराशि (जी.एस.टी. रहित) | 10% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य + 18% जी.एस टी.सहित | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नगर पंचायत ऊगू उन्नाव में विभिन्न वार्डो में नाली का निर्माण कार्य। | 3,36,615.00 | 33,662.00 | 400+72=472.00 | एक माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव**


## दबंग पिता-पुत्र ने पड़ोसी महिला व बेटी को पीटा

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के चोरहा पुर गांव निवासी पीड़िता ममता देवी ने पड़ोसी राम फेर अपने पुत्र मनीष के साथ घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि दोनों ने न सिर्फ सरकारी संपत्ति और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया, बल्कि महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट भी की। महिला द्वारा दी गई तहरीर पर नगराम पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मोहम्मद हसन को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। मो. असफाक पुत्र जियाउलहक निवासी- ग्राम चिर्रा, थाना टिकैतनगर, बाराबंकी।

# आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से पहचान बना रहा भारत : सुधांशु

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** फिक्की फ्लो लखनऊ द्वारा होटल ताज महल, लखनऊ में भारत का मन, तन और आत्मा विषय पर एक विशेष एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुधांशु त्रिवेदी उपस्थित रहे। वहीं डॉ मयंक सोमानी ने स्वास्थ्य एवं जीवनशैली से जुड़े विषयों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल्स के एमडी व सीईओ डॉ मयंक सोमानी ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल (प्रिवेंटिव हेल्थकेयर) के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के बीच नियमित स्वास्थ्य जांच और मानसिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।

अपने संबोधन में राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत केवल आर्थिक रूप से ही नहीं, बल्कि




आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से भी विश्व में एक नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संस्कृति, पारिवारिक मूल्य और जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने कहा कि आज भारत स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सचेत जीवनशैली के प्रति अधिक जागरूक हो रहा है, जिससे एक भावनात्मक रूप से सशक्त और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज का निर्माण हो रहा है।

उन्होंने कहा हम चेतना के द्वार तक पहुँच रहे हैं। महिला सम्मान पर अपने विचार रखते हुए त्रिवेदी ने कहा कि भारत महिलाओं को सर्वोच्च सम्मान देने वाली संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता है। कार्यक्रम में फिक्की फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन सिमरन साहनी, पूर्व चेयरपर्सन आरुषि टंडन, स्वाति वर्मा, विभा अग्रवाल सहित फिक्की फ्लो लखनऊ की कार्यकारी समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# अखण्ड सौभाग्य के लिए सुहागिनें आज रखेंगी वट सावित्री व्रत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार 16 मई को श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम होने जा रहा है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत रखेंगी, वहीं इसी दिन न्याय के देवता भगवान शनि की जयंती भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।

सीतापुर रोड स्थित हाथी बाबा मंदिर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे ने बताया कि ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या को वट सावित्री व्रत किया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) वृक्ष का पूजन कर यमराज से अपने पति के प्राणों की रक्षा करने वाली माता सावित्री का स्मरण करती हैं। बरगद के वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। महिलाएं वृक्ष की परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधती हैं और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इसमें वट वृक्ष की पूजा की जाती है। इस व्रत को बरगदाही व्रत भी कहते हैं। महिलाएं यह व्रत अखण्ड सौभाग्य के लिये करती हैं। इस व्रत में उपवास रखते है। ये व्रत सावित्री द्वारा अपने पति को पुनः जीवित करने की स्मृति के रूप में रखा जाता है। इस बार वट सावित्री व्रत 16 मई को है। वट वृक्ष को देव वृक्ष माना जाता है। इसकी जड़ों में ब्रह्माजी, तने में विष्णु जी का और डालियों और पत्तियों में भगवान शिव का वास माना जाता है। वट वृक्ष की पूजा से दीघार्यु, अखण्ड सौभाग्य और उन्नति की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इसमें वट वृक्ष की पूजा की जाती है।

**पूजा विधिः** पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि प्रातःकाल स्नान आदि के बाद बांस की टोकरी में सप्त धान्य रख कर ब्रह्मा जी की मूर्ति की स्थापना कर फिर सावित्री की मूर्ति की स्थापना करते है और दूसरी टोकरी में सत्यवान और सावित्री की मूर्तियों की स्थापना करके टोकरी को वट वृक्ष के नीचे जाकर ब्रह्मा तथा सावित्री के पूजन के बाद सत्यवान और सावित्री की पूजा करके बड़ बरगद की जड़ में जल देते है। पूजा में जल, मौली, रोली, कच्चा सूत, भीगा चना, फूल तथा धूप से पूजन करते है। वट वृक्ष पूजन में तने पर कच्चा सूत लपेट कर 108 परिक्रमा का विधान है किन्तु न्यूनतम सात बार परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए।

**कच्चे धागे से मजबूत होगी रिश्तों की डोर :** सुहाग की कुशलता और समृद्धि की कामना का वट सावित्री व्रत सोमवार को है, लेकिन रविवार से इसका मान शुरू हो गया था। इस दिन सुहागिन बरगद के पेड़ के तने में 108 बार कच्चे धागे को परिक्रमा करके बांधती हैं और सात जन्मों तक रिश्ता मजबूत बना रहे इसकी कामना करती हैं। मानसनगर की रहने वाली संगीता वैसे तो हर साल तुलसी मानस मंदिर परिसर में लगे बरगद के पेड़ में धागा बांधती थीं, लेकिन इस बार गमले में धागा बांधकर पुरानी पररंपरा का निर्वहन करेंगी। आशियाना की पूजा मेहरोत्रा भी घर में गमले में ही पूजन करेंगी।

**सुहागिनें मंगल कामना के लिए करेंगी उपवासः** इस दिन महिलाएं पतियों की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत धारण कर वट वृक्ष बरगद की पूजा करती हैं। महिलाएं अखंड सौभाग्यवती होने की मंगलकामना के साथ शनि भगवान का भी विशेष पूजन करेंगीं। वट वृक्ष की पूजा के बाद महिलाएं चने के प्रसाद के साथ व्रत खोलती हैं। इस दिन सूत, सिंदूर और फल आदि से वट वृक्ष का पूजन कर विविध पकवानों का प्रसाद वट वृक्ष को अर्पित करती हैं। वटसावित्री व्रत को लेकर बाजार में पूजन सामग्री और फलों की खरीदारी को लेकर महिलाओं में उत्साह दिखा।

**वट सावित्री व्रत और शनि जन्मोत्सव एक ही दिनः** ज्येष्ठ माह की शुरूआत हो चुकी है और इस माह आने वाले सभी त्योहारों का विशेष महत्व है। इस माह की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि बेहद शुभ रहने वाली है। इस दिन शनि जयंती और वट सावित्री व्रत रखा जाएगा। बता दें वट सावित्री का उपवास ज्येष्ठ मास की अमावस्या और पूर्णिमा तिथि को रखा जाता है। मान्यता है कि इस दिन उपवास करने से अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मिलता है। यह उपवास पति की लंबी आयु के लिए रखा जाता है। इस दौरान कुछ महिलाएं निर्जला व्रत भी रखती है और बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर शनि जयंती भी मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार शनि देव का जन्म ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को हुआ था। इस दिन इनकी पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। शनिदेव की कृपा पाने के लिए यह तिथि बेहद ही शुभ मानी जाती है। इस तिथि पर पूजा करने से व्यक्ति के रुके हुए कार्यों को गति मिलती है।

## बाजार में खूब बिकी बरगद की डाल व खरबूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वट वृद्ध की पूजा की परंपरा को लेकर दुकानदार पांच और सात पत्तों वाली बरगद की डाल बेच रहे हैं। मुंशी पुलिया के पास ठेले पर डाल बेचने वाले दुकानदार प्रमोद ने बताया कि पहली बार बरगद की डाल बेच रहे हैं। 11 पत्तों वाली डाल 21 रुपये और सात पत्तों वाली डाल 11 रुपये में बेच रहे हैं। आसपास के ग्रामीण इलाकों से डाल बेचने वाले राजधानी के कई इलाकों में नजर आए हैं। वट सावित्री व्रत को लेकर खरबूजा 30 रुपये किलो महंगा हो गया। इंदिरानगर के फल विक्रेता रमेश कुमार ने बताया कि वट सावित्री व्रत में खरबूजे की मांग सबसे ज्यादा रहती है। ऐसे में खरबूजा दोगुने दाम पर बिकता है।

वट सावित्री व्रत को लेकर सब्जी मंडी में बिक रहे खरबूजे ने रविवार को अचानक रंग बदल दिए। सुबह 50 रुपये किलो से शुरू हुए दाम 250 रुपये तक पहुंच गए। फल विक्रेताओं का कहना है कि वट सावित्री व्रत के पूजन के लिए खरबूजे की ज्यादा मांग है। वहीं, कुछ दिनों से कम उपलब्धता होने से भी कीमत ज्यादा है। भूतनाथ सब्जी मंडी के फल विक्रेता कहते हैं कि सुबह 50 रुपये से बिक्री शुरू हुई थी, शाम को बाजार बंद होते-होते 250 रुपये तक में लोग खरीद कर ले गए। राजाजीपुरम की अर्चना मिश्रा बताती हैं कि 100 रुपये का एक खरबूजा खरीदा है। जानकीपुरम की चमन कहती हैं कि निशातगंज से लेकर यहां तक देख लिया, कहीं खरबूजा नहीं मिला। रीना कहती हैं कि 140 रुपये किलो में बहुत मुश्किल से एक खरबूजा मिला है, वह भी बस काम चलाने लायक है। हालांकि, चौक निवासी पारुल, उषा व अन्य कहती हैं कि पुराने शहर में एक खरबूजा 50 रुपये का मिला है। दुबग्गा फलमंडी के आढ़ती आरिफ ने बताया कि 45 रुपये किलो थोक में खरबूजा बिका है।

# भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव आज, मंदिरों में होगी विशेष पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस साल शनि जन्मोत्सव 16 मई के दिन है। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि शनिवार को है और इस तारीख पर न्याय के देवता शनिदेव का जन्मदिवस मनाया जाएगा।

शनि जयंती शनिदेव की विशेष कृपा पाने के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। आप किसी भी समय पर शनिदेव की पूजा कर सकते हैं। इससे शनिदेव की कृपा आप पर बनी रहती है लेकिन पौराणिक मान्यता है कि अगर सूर्य के ढलने के समय अगर शनिदेव की पूजा की जाए, तो शनिदेव की विशेष कृपा मिलती है। विशेषकर जो लोग शनि की साढ़ेसाती या शनि की ढैया से पीड़ित हैं, उन्हें शनि जन्मोत्सव पर शनिदेव की पूजा जरूर करनी चाहिए।

**शनिदेव को प्रसन्न करने की पूजा विधिः** शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें। इसके बाद नीले या काले रंग के कपड़े पहन लें। शनि मंदिर जाकर सरसों के तेल में काले तिल डालकर शनिदेव को अर्पित करें। इसके बाद शनिदेव के सामने दीपक जलाकर उनकी कृपा पाने के लिए प्रार्थना करें। शनि चालीसा का पाठ करके शनिदेव को प्रसाद चढ़ाएं।

**शनिदेव की कृपा पाने के लिए इन बातों का रखें ध्यानः** शनिदेव की कृपा पाने के लिए याद रखें कि शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है, इसलिए कभी भी बुरे कर्म ना करें या इसे समर्थन ना दें। शनिदेव को लाल रंग के फूलों की जगह नीले रंग के फूल अर्पित करें। शनि जयंती पर पीपल की जड़ में पानी और कच्चा दूध मिलाकर चढ़ाने से भी आपकी कुंडली से शनि का नकारात्मक प्रभाव कम होता है।

**तेल अर्पण करेंः** इस दिन कांसे या लोहे के कटोरे में सरसों का तेल लें और उसमें अपना चेहरा देखें। उसके बाद कटोरे सहित इसे किसी गरीब या जरूरतमंद को दान कर दें। या फिर शनि मंदिर में रख दें, आपकी समस्याएं कम होने लगेंगी इस दिन छाया दान या शनिदेव पर तेल चढ़ाना अति लाभकारी माना गया है।

**शनि स्तोत्र का पाठ करेंः** इस दिन आप सुबह स्नान करके शनि मंदिर में जाकर शनि देव की पूजा-अर्चना करें। उसके बाद शनि स्तोत्र या फिर शनि कवच का पाठ करें इन दोनों पाठ में से आप कोई भी एक पाठ करेंगे तो शनिग्रह से जुड़ी दिक्कतें दूर होंगी।

**गरीब या जरूरतमंद को दान दें:** इस दिन शनि मंदिर में जाकर शनिदेव को सरसों का तेल, काला तिल व काला उड़द अर्पित करें। इस दिन किसी गरीब या जरूरतमंद को अपनी सामर्थ्य अनुसार मदद करें। शनि जयंती के दिन पैसे, काले कपड़े, तेल, भोजन, तिल और उड़द आदि का दान करने से शनिजनित दोष दूर होते हैं।

**शिवजी और हनुमानजी की पूजाः** शनिदेव, हनुमानजी की पूजा करने वालों से सदैव प्रसन्न रहते हैं, इसलिए इनकी प्रसन्नता के लिए शनि पूजा के साथ-साथ हनुमान जी की भी पूजा करनी चाहिए। वहीं शनिदेव के आराध्य भगवान शिव हैं। इस दिन शनिदेव के साथ शिवजी पर काले तिल मिले हुए जल से अभिषेक करना चाहिए। शनि दोष की शांति के लिए प्रतिदिन महामृत्युंजय मंत्र या 'ॐ नमः शिवाय' का जाप और सुंदरकाण्ड का पाठ करना चाहिए इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं।

## शनि जन्मोत्सव पर सपना गोयल की अगुआई में होगा भव्य भंडारा

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में ज्येष्ठ अमावस्या के दिन शनि जन्मोत्सव शनिवार 16 मई पर, भव्य और दिव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार शनि जयंती पर शनिवार का संयोग लगभग 13 वर्षों बाद बन रहा है। यह दुर्लभ संयोग शनि पूजन अनुष्ठान के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे में लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित शिव शक्ति शनिदेव मंदिर पर पूजन अनुष्ठान के उपरांत दोपहर एक बजे से भव्य और सात्विक भंडारा, वितरित किया जाएगा।

सपना गोयल के अनुसार शनि देव हिंदू धर्म में न्याय और कर्मफल के देवता हैं, जो सूर्य देव और माता छाया के पुत्र हैं। वे नवग्रहों में सबसे महत्वपूर्ण और शनिवार के स्वामी हैं। शनिदेव क्रूर नहीं, बल्कि अनुशासनात्मक, गंभीर और तपस्वी है। वास्तव में शनिदेव कर्मफलदाता' और 'न्यायाधीश है। उन्हें प्रसन्न करने के लिए कर्मों को शुद्ध रखना और जरूरतमंदों की मदद करना सबसे उत्तम उपाय माना जाता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अयोध्या तीर्थ श्रीराम जन्म भूमि पर बने भव्य मंदिर परिसर में 14वां सुंदरकांड महा अनुष्ठान आगामी शनिवार 23 मई 2026 को होना सुनिश्चित हुआ है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया

**Office of The Municipal Board, Deoria**

अबुबकर नगर दक्षिणी, देवरिया, उ.प्र.-274001

Website - http://nppdeoria.in e-mail - eonppdeo@gmail.com

**पत्रांक : 559/वि०वि०-2025-26/देवरिया** **दिनांक : 15/05/2026**

**अति अल्पकालिक नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा ई-निदिया प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों/का समूह को सूचित किया जाता है कि न. पा. परि., देवरिया द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पालिका द्वारा स्थापित प्रचार-प्रसार हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन वित्तीय वर्ष 2026-27, निविदा स्वीकृति तिथि से 31 मार्च, 2027 तक संचालन किये जाने हेतु निलामी ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 16/05/26 से दिनांक 23/05/26 को 03 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ यथेष्ठ मूल्य की धरोहर धनराशि तथा निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि को UP e-tender online Account में नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर प्राप्ति रसीद निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई-निलामी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विज्ञापन अनुभाग नगर पालिका परिषद, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

1. ई-नीलामी डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय 16/05/2026 11 बजे
2. ई-नीलामी डाउनलोड की अन्तिम तिथि व समय 23/05/2026 03 बजे
3. ई-नीलामी बिड़ खोले जाने की तिथि व समय 24/05/2026 10 बजे

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | न्यूनतम बोली | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हनुमान मन्दिर, पूर्वा चौराहा, टाउन हाल कैम्पस एवं मालवीया रोड पर लगे एल.ई.डी. स्क्रीन का संचालन कार्य। | 6,00,000=00 | 60,000=00 | 1208=00 |

1. नीलामी को स्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी न० पा० परि०, देवरिया में निहित होगा।
2. निविदादाता को जी०एस०टी० नम्बर, आधार कार्ड, पैन कार्ड निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन के रख-रखाव की जिम्मेदारी फर्म की होगी।
4. यह कि एल0ई0डी0 स्क्रीन का स्थान बदला नही जा सकेगा।
5. यह कि ठेके के लिए अधिक दर (धनराशि) आने पर ठेकेदार के पक्ष में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात ही मानी जायेगी। उच्चतम बोलीदाता की जमानत की धनराशि ठेके की धनराशि में समायोजित की जायेगी। उच्चतम बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण न करने पर प्रथम उच्चतम बोलीदाता की बोली निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6. बोलीदाता को बोली में दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ प्रमाण पत्र मूल रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया को सम्बोधित करते हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
7. यह कि उक्त एल०ई०डी० स्क्रीन की वसूली पालिका द्वारा प्रदत उपविधि के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई शिकायत या अनियमितता पायी जाती है तो बिना कारण बताये ठेका जनहित में निरस्त कर दिया जायेगा।
8. बोलीदाता के पक्ष में आदेश होने के उपरान्त 50% धनराशि 15 दिवस के अन्दर एवं शेष 50% धनराशि 3 माह के अन्दर पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उक्त ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
9 सरकारी कार्यक्रमों हेतु पालिका अपनी सुविधानुसार अतिरिक्त एल0ई0डी० स्क्रीन लगवा सकेगी अथवा पूर्व से लगे एल0ई0डी0 स्क्रीन का निःशुल्क इस्तेमाल कर सकती है।
10. ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि एल0ई0डी0 स्क्रीन पर किसी भी प्रकार का अभद्र / मजहब/धर्म/व्यक्ति विशेष को ठेस पहुँचाने वाले फोटो अथवा विडियो को प्रसारित नही करेगा। अगर ऐसा करते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित फर्म के खिलाफ एफ0आई0आर0 आदि कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।
11. किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया।**


# आज से शुरू होगा दो दिवसीय भव्य श्रीराम हनुमत महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हनुमत सेवा समिति द्वारा श्रीराम हनुमत महोत्सव का आयोजन 16 और 17 मई 2026 को किया जा रहा है। महोत्सव के मुख्य सेवादार विवेक पाण्डेय ने शुक्रवार 15 मई को बताया कि यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान बलरामपुर गार्डन परिसर में सायं 4:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

इस आध्यात्मिक समारोह में श्री कृष्ण कुमार चौरसिया जी के विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय का दिव्य दर्शन करवाया जाएगा। इसके साथ ही लखनऊ में प्रथम बार छत्तीसगढ़ के रामनामी समुदाय से मिलने, जानने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का शुभ अवसर भी प्राप्त होगा। मंच का प्रभावी संचालन प्रेमकान्त तिवारी द्वारा किया जाएगा। 16 मई को सायं 4:30 बजे मंगलाचरण के उपरांत सायं 5:00 बजे मुम्बई के विश्व विख्यात भजन गायक श्री प्रेम प्रकाश दुबे द्वारा हनुमान चालीसा का 21 स्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके उपरांत सायं 7:15 बजे नैमिषारण्य, सीतापुर के प्रख्यात कथावाचक श्री कपिल शास्त्री जी द्वारा और देवता चित्त न धरई, हनुमंत सेई सर्व सुख करई विषय पर विलक्षण व्याख्यान दिया जाएगा। रात 8:00 बजे विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न विभूतियों को हनुमंत कृपा सम्मान प्रदान किया जाएगा। तत्पश्चात 8:25 बजे मुम्बई के विश्व विख्यात भजन गायक श्री प्रेम प्रकाश दुबे एवं उनके दल द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी। रात्रि 9:55 बजे ज्योति प्रार्थना एवं आरती के उपरांत प्रसाद एवं दिव्य हनुमंत भंडारा होगा। इस क्रम में 17 मई को भी पहले दिन की ही तरह सायं 4:30 बजे मंगलाचरण होगा। उसके उपरांत सायं 4:45 बजे दिल्ली निवासी विश्वविख्यात स्वर सम्राट श्री अजय याज्ञनिक जी द्वारा सुंदरकांड का सस्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा। रात्रि 8:30 बजे अंतरराष्ट्रीय भजन गायक जय पांडे 'कोकिल' एवं वरिष्ठ तबला वादक श्री पांडे द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुतियां भक्तों को आध्यात्मिकता से सराबोर करेगी। तत्पश्चात रात्रि 10:00 बजे गंगा महाआरती के दर्शन होंगे। उसके बाद दिव्य हनुमंत भंडारा होगा।

इस सनातनी जनजागृति एवं सर्व कल्याण के भव्य अनुष्ठान में विभिन्न महानुभावों का सहयोग भी मिला है। डी.एल.डब्यू. कॉलेज रोड स्थित श्री बाबूलाल मिष्ठान भण्डार के निदेशक अनुज गुप्ता एवं श्री संजय गुप्ता ने प्रसाद में सहयोग दिया है।

# हर कुंवारा खराब नहीं होता है



**अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संसथान में तिल का ताड़ का मंचन**

**लखनऊ।** अनादि सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संसथान में शंकर शेष लिखित नाट्यकृति तिल का ताड़ का मंचन मुन्नी देवी के निर्देशन में हुआ। तिल का ताड़ कुंवरो की आवासीय समस्या पर आधारित नाटक है। नाटक का नायक प्राणनाथ अपने मकान मालिक धन्नामल से झूठ बोलकर उसके यहाँ किराये पर रहता है कि उसकी शादी हुए एक साल हो गया है और उसकी माँ कि तबियत खराब है। इसलिए कुछ ही दिन में उसकी पत्नी आ जाएगी। एक साल बीत जाता है, पर उसकी पत्नी नहीं आती है। इसपर धन्नामल प्राणनाथ को चेतावनी देता है कि यदि कल तक तुम्हारी पत्नी नहीं आयी तो परसो मेरा माकन खाली कर देना। प्राणनाथ आपने दोस्त पतित पावन शर्मा जो कि समाज सुधारक है उससे अपनी समस्या बतलाता है और एक औरत लाने को कहता है। वो भी उसको आश्वासन देकर चला जाता है। इसी बीच घर के बाहर कुछ गुंडे मंजू देवी को परेशान कर रहे होते हैं। प्राणनाथ का एक और दोस्त जो कि ब्रह्मचारी है वो समझ जाता है कि प्राणनाथ झूठ बोले रहा है इसलिए वो इस झूट का पर्दा फाश करने में लग जाता है। पतित पावन ऑफिस में काम करने वाली बाटलीवाला जो कि शादी के लिए परेशान है उसको ब्रह्मचारी के पीछे लगा देता है। ब्रह्मचारी हर समय बाटलीवाला से परेशान होकर प्राणनाथ से माफी मांगता है। इसी बीच प्राणनाथ जिस लड़की से प्यार करता है उसके पिता बनारसीदास और खुद के पिता गयाप्रसाद भी आ जाते हैं। इस तरह एक झूठ छिपाने के चक्कर में प्राणनाथ को बहुत झूठ बोलने पड़ते है जो कि हास्य कि स्थिति पैदा करते हैं। दोनों पिताओ की शंका दूर होती है और प्राणनाथ के पिता बनारसीदास की लड़की से से अपने लड़के कि शादी तय कर देते हैं। इस नाटक से ये सन्देश मिलता है कि हर कुंवारा लफंगा नहीं होता। इसलिए समाज के लोगो को ये विचार अपने मन से निकाल देना चाहिए।

## समवशरण महामंडल विधान धूमधाम से संपन्न



**लखनऊ।** आचार्य श्री 108 सुबल सागर जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में 11 मई से चल रहे समवशरण महामंडल विधान का शुक्रवार को पूणार्हूति और हवन के साथ धूमधाम से समापन हो गया। यह आयोजन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर डालीगंज में किया गया था। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध समिति के महामंत्री रीतेश जैन ने बताया कि विधानाचार्य आशीष भैया 'पुण्यांश' के कुशल निर्देशन और ऋषि एंड ग्रुप (भोपाल) के सुमधुर भजनों और संगीत ने पूरे विधान में चार चांद लगा दिए। विधान के मुख्य पात्रः ध्वजारोहण अनिल जैन, सौधर्म इंद्र अविरल जैन, कुबेर इंद्र आशीष जैन, यज्ञनायक सुमेरचंद जैन, ईशान इंद्र विकास जैन, चक्रवर्ती मनीष जैन, माहेंद्र इंद्र अशोक जैन, सनतकुमार इंद्र वीर कुमार जैन रहे। इस मौके पर अनंतमती बाईजी, मनोज जैन, अंशुल जैन, अंकित जैन, सुबोध जैन, वीर कुमार जैन, पार्श्व जैन मौजूद रहे।

संक्षेप

## नदी में नहा रहे दो युवकों की डूबने से मौत

जौनपुर। लाइनबाजार के सलखापुर गांव के पास शुक्रवार की दोपहर में सई नदी में दो युवक डूब गए।दोनो युवकों को उनके मित्र नदी से बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय ले गए।वहाँ पर चिकित्सक ने दोनों युवकों की हालत गम्भीर देखते हुए रेफर कर दिया गया।जिसके बाद दोनो को एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया।वहां पर चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जफराबाद के बैजाबाद गांव के लगभग एक दर्जन से युवक सलखापुर गांव के पास सई नदी में नहाने गए थे।नहाते समय दो युवक डूबने लगे।अन्य युवक उन्हें ढूंढने लगे।काफी देर तक खोजबीन के बाद दोनों युवक बेहोशी की हालत में नदी के पानी मे मिले।उन दोनों को युवक अपनी बाइक से तत्काल जिला चिकित्सालय ले गए।वहां पर दोनो युवकों राजन चैहान पुत्र अनिल चैहान तथा रवि चैहान पुत्र राय चैहान की हालत काफी नाजुक देख कर बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया।आनन फानन में उन्हें एक निजी चिकित्सालय में ले गए।वहाँ पर चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।दोनो युवक 25 वर्ष के बताए जा रहे है।

## सदिग्धावस्था में फांसी पर झूलकर दी जान

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के घराघनपुर निवासी संग्राम पटेल 40 वर्ष अपने घर के समीप ही आम के पेड़ में घर के पास बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर झूल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई सुबह स्वजन देखें तो आम के पेड़ में फांसी लगाकर झूले हुए हैं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पेड़ से उतरवा कर अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार संग्राम पटेल वर्ष पुत्र राजपाल पटेल निवासी घराघन पुर संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर के पास ही आम के पेड़ में बीती रात फांसी लगाकर झूल गए सुबह स्वजन उठे तो देखे किफांसी लगाकर झूले हुए हैं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को पेड़ से उतरवाकर अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई मृतक को तीन लड़के थे जिनका उम्र क्रमशः 14 वर्ष 12 वर्ष 10 वर्ष सबसे छोटा लड़का गूगा है पत्नी घर पर खेती-बाड़ी का काम करती है स्वजन घटना को लेकर रो रो कर बुराहाल हो गया है।

## ट्रेन से कटकर वृद्ध महिला की मौत

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में वृद्ध महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं आरपीएफ और सिधारी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार शाहगढ़ गांव निवासी 65 वर्षीय कलावती देवी पत्नी स्व. श्यामलाल राम शुक्रवार सुबह घर से निकली थीं। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पार करते समय बलिया-शाहगंज पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गईं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतका के बड़े पुत्र विनोद कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की पहचान अपनी मां कलावती देवी के रूप में की। इसके बाद सिधारी थाना के उपनिरीक्षक मनीष मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि मृतका अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पल्हनी में चलाया सफाई अभियान

आजमगढ़। पल्हनी ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत एकरामपुर में स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को सफाई अभियान चलाया गया। गांव में सड़क के किनारे, पोखरी और उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर्मियों ने व्यापक सफाई की। इस अभियान के दौरान पोखरी के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई, फैली गंदगी और कूड़े को साफ कराया गया। सफाई कर्मियों ने नालियों की सफाई के साथ-साथ पोखरी के आस-पास जमा कचरे को हटाकर लोगों को स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील भी की।

# अधिकारियों की लापरवाही पर भड़के डीएम



दुद्धी, सोनभद्र। कनहर सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य में बरती जा रही शिथिलता पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ का गुस्सा फूट पड़ा। कनहर सिंचाई परियोजना फील्ड हॉस्टल अमवार में आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के दौरान कार्यों की अत्यंत धीमी प्रगति और संतोषजनक जबाब नही मिलने पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाई। बैठक में जब डीएम ने प्रगति रिपोर्ट को लेकर तीखे सवाल पूछे, तो जिम्मेदार अधिकारी बगलें झांकने लगे और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।उन्होंने वन विभाग, बिजली विभाग तथा राजस्व विभाग से बारी -बारी से समस्या के बारे में जानकारी ली।

डेढ़ घंटे तक समस्या गिनाते रहें जिम्मेदार अधिकारी भड़के डीएम,जल्द समस्या दूर नही हुई तो कार्यवाही तय अमवार फील्ड हॉस्टल में हुई इस समीक्षा बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी करीब डेढ़ घंटे तक इशू गिनाते रहें, हद तो तब हो गई जब नहर निर्माण में लगे एक कार्यदाई संस्था के कर्मचारी डीएम के सामने पेश हो गया और वह कोई सवालों का जबाब नही दे पाए। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्य की कछुआ गति पर गहरा असंतोष जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने की चेतावनी दी। डीएम ने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं हुआ, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नहर निर्माण के कार्य में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मौके पर मैनपावर और मशीनों की संख्या तुरंत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग स्तर पर कार्यों की दैनिक मॉनिटरिंग की जाए ताकि आ रही बाधाओं को समय पर दूर किया जा सके।यह परियोजना सोनभद्र जिले के दुद्धी और चोपन ब्लॉक के हजारों किसानों के लिए जीवनदायिनी मानी जाती है। इसमें हो रही देरी से क्षेत्रीय किसानों में भी निराशा है, जिसे देखते हुए प्रशासन अब सख्त रुख अपना रहा है।

## आंधी-तूफान पीड़ित परिवारों से मिले राज्यमंत्री ने संभव सहायता का दिया भरोसा

सोनभद्र। तेज आंधी, बारिश एवं तूफान से हुई जनहानि के बाद समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़, सदर विधायक भूपेश चैबे तथा जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मृतक कमलावती, रामविलास एवं महेंद्र के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके साथ शासन पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय के माध्यम से मृतकों के परिजनों के बैंक खातों में तत्काल प्रभाव से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता 24 घंटे के भीतर भेजने की कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित कराई गई है। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित अन्य सभी सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ भी पीड़ित परिवारों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रभावित परिवारों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों परनजर बनाए हुए है और हर आवश्यक कदम उठाया जा रहा है।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## तीन सप्ताह में घरों में नही पहुंचा पानी तो होगी कार्रवाई

दुद्धी, सोनभद्र। शुक्रवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने हर घर जल योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने अमवार जल जीवन मिशन वाटर टिटमेंट प्लांट पहुंचकर संस्था के अधिकारियों की जमकर क्लास लगाते हुए कहा कि तीन सप्ताह के अंदर कनेक्शन हुए घरों में पानी पहुंचना चाहिए। उन्होंने कनेक्शन की धीमी प्रगति और पानी सप्लाई शुरू नही होने पर कड़े शब्दों में फटकार लगायी।

# नीट पेपर लीक के खिलाफ जूलूस निकाल किया प्रदर्शन




जौनपुर। नीट पेपर लीक में शामिल सभी दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑगेनाईजेशन व डेमोक्रेटिक यूथ आर्गनाइजेशन ने संयुक्त रूप से जुलूस व विरोध प्रदर्शन आयोजित किया।

जुलूस की शुरूआत बदलापुर सब्जी मण्डी के पास स्थित संगठन के कार्यालय से की गई, जो इन्दिरा चैक होते हुए बदलापुर तहसील परिसर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन में तब्दील हो गया। जहां पर, महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित 6 सूत्री मांग पत्रक तहसीलदार बदलापुर को सौंपा गया। वक्ताओं ने कहा कि, राजस्थान में प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बाद नीट 2026 को रद्द किया जाना और सीबीआई जांच के आदेश ने एक बार फिर देश में केंद्रीकृत उच्च-स्तरीय परीक्षाओं से जुड़े गहरे संकट को उजागर कर दिया है। छात्र संगठन निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने में लगातार विफलताओं की कड़ी निंदा करता है। पिछले कई वर्षों से विभिन्न केंद्रीय परीक्षाओं में पेपर लीक, अनियमितता, हेरफेर और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप बार-बार सामने आते रहे हैं। इतने व्यापक प्रचारित ह्लसुरक्षितह्व परीक्षा तंत्र को भेदने की क्षमता केवल सामान्य व्यक्तियों में नहीं हो सकतीय इस प्रकार की संगठित धांधली प्रभावशाली और ऊँचे स्तर के नेटवर्क की संलिप्तता की ओर संकेत करती है। यदि हर बार असली दोषियों को बचा लिया जाए या जांच निष्कर्षहीन रह जाए, तो छात्र और अभिभावक तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर कैसे भरोसा करेंगे? इस अनिश्चित और त्रुटिपूर्ण व्यवस्था के कारण छात्रों पर पड़ने वाला भारी मानसिक दबाव अस्वीकार्य है। जब तक सख्त जवाबदेही तय नहीं की जाएगी और पद तथा शक्ति की परवाह किए बिना वास्तविक दोषियों को दंडित नहीं किया जाएगा, तब तक ऐसी घटनाएँ बार-बार होती रहेंगी। निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षाएँ आयोजित करने में छ्ज। लगातार विफल साबित हुआ है, इसलिए इस एजेंसी को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। केंद्रीय परीक्षाओं के आसपास लगातार बढ़ती अनियमितताओं और असुरक्षा के खिलाफ संयुक्त आवाज उठाएँ तथा एक निष्पक्ष, लोकतांत्रिक और विश्वसनीय शिक्षा एवं परीक्षा प्रणाली की मांग को लेकर देशव्यापी संयुक्त छात्र आंदोलन का निर्माण करें।ह्व एआईडीवाईओ के जिलाध्यक्ष इन्दुकुमार शुक्ल, एआईडीएसओ के राज्य सचिव दिलीप कुमार के अलावा अभिभावक प्रमोद कुमार शुक्ल ने भी सम्बोधित किया। संचालन संतोष प्रजापति ने किया। रामकुमार यादव, राजबहादुर विश्वकर्मा, यशवंत राव, मिथिलेश मौर्य, अंजली सरोज, पूनम प्रजापति, साधना, रोशनी, एकता खरवार, राकेश निषाद, विनोद मौर्य, रवीन्द्र पटेल, शिवप्रकाश विश्वकर्मा, राकेश मौर्य, आजाद गुप्ता, संजय सिंह सहित अन्य कई छात्र नौजवान मौजूद रहे।

# बीमा कंपनी ने 11 लाख 50 हजार रुपये का चेक दिया

सोनभद्र। राबट्र्सगंज कचहरी परिसर स्थित एडीआर भवन में संचालित स्थाई लोक अदालत ने शुक्रवार को सुलह समझौता के आधार पर बीमा कंपनी से वादी टीचर्स कालोनी रॉबट्र्सगंज निवासी फिरोज अहमद और उनके परिवार के सदस्यों को 11 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि का चेक दिलवाया। करीब 6 माह बाद स्थायी लोक अदालत के हस्तक्षेप पर यह सफलता मिली।

बता दें कि रॉबट्र्सगंज टीचर्स कालोनी निवासी वादी फिरोज अहमद ने 11 नवंबर 2025 को स्थायी लोक अदालत में मुकदमा दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई थी। वादी के बेटे ऐयाज अहमद की 15 दिसंबर 2024 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बाइक के बीमा की वैधता 19 नवंबर 2024 से 18 नवंबर 2025 तक थी। बीमा कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी को सभी कागजात उपलब्ध कराने पर बीमा की धनराशि 15 लाख रुपये की मांग की गई थी। बीमा कम्पनी ने पहले देने का आश्वाशन दिया, लेकिन बाद में देने से इनकार कर दिया। तब मजबूर होकर स्थायी लोक अदालत में मुकदमा दाखिल कर न्याय की गुहार फिरोज अहमद पुत्रतौफीक अहमद, रुबीना खातून पत्नी फिरोज अहमद व सुहेल अहमद पुत्र फिरोज अहमद निवासीगण टीचर्स कालोनी रॉबट्र्सगंज, थाना रॉबट्र्सगंज, जिला सोनभद्र ने लगाई थी।

स्थायी लोक अदालत के हस्तक्षेप के बाद बीमा कंपनी की तरफ से सुलह समझौता के आधार पर मामले का निस्तारण करते हुए वादी फिरोज अहमद व रुबीना खातून को 4-4 लाख रुपये व सुहेल अहमद को साढ़े तीन लाख रुपये का चेक स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर प्रसाद द्वारा दिया गया। इस प्रकार से कुल 11 लाख 50 हजार रुपये का चेक दिया गया। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर प्रसाद ने बताया कि स्थस्यी लोक अदालत में जनहित सेवाओं से संबंधित मामले जैसे बिजली, पानी, अस्पताल, परिवहन, बीमा, शिक्षा, डाक, नगर पालिका आदि के मुकदमें बगैर किसी कोर्ट फीस के देखे जाते हैं। इस अवसर पर स्थाई लोक अदालत के सदस्य नीरज सिंह, आशीष मिश्रा, अधिवक्ता दशरथ सिंह, आलोक वर्मा, जमुना आदि लोग मौजूद रहे।

## जगद्गुरु शंकराचार्य की संकल्प यात्रा शुरू

जौनपुर। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौ माता, गंगा और सनातन धर्म की रक्षा के उद्देश्य से एक संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया।

यह यात्रा भदोही नेशनल हाईवे से होते हुए रामपुर सिधवन चैराहे तक पहुँची।जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। सिधवन चौराहे पर भक्तों ने माल्यार्पण कर जगद्गुरु शंकराचार्य का अभिनंदन किया और धर्म रक्षा के इस अभियान में सहयोग देने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने गौ रक्षा, गंगा स्वच्छता और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए समाज के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा लोगों में धार्मिक जागरूकता और संस्कृति के प्रति नई चेतना जगा रही है। सिधवन चैराहे पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और भक्तों ने स्वामी जी का स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने फूल-मालाएं अर्पित कर उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपने संदेश में कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की पहचान हैं, जबकि गंगा हमारी आस्था और जीवन का आधार है। उन्होंने लोगों से गौ सेवा, धर्म रक्षा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया।यात्रा के दौरान गौ माता की जयष, हर हर महादेवष और सनातन धर्म अमर रहेष जैसे जयघोष गूंजते रहे। इस संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में संत समाज, धर्मप्रेमी और स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## वीडियो निलंबित, दो अन्य पर डीएम ने की कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. द्वारा मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया के साथ कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी से विकास योजनाओं की प्रगति एवं क्षेत्र भ्रमण से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा जिस पर उनके द्वारा न तो सूचना उपलब्ध कराई जा सकी और न ही क्षेत्र भ्रमण का कोई अभिलेख प्रस्तुत किया गया। विकासखंड परिसर में प्रेरणा कैंटीन पिछले 3 सालों से बंद पाया गया, परिसर में निमार्णाधीन मीटिंग हॉल में निर्माण कार्य बंद पाया गया, इसके संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर अनभिज्ञता जाहिर की गई, विकासखंड परिसर में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। विकासखंड में कितनी बोरिंग खराब/सही है कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। मनरेगा में जॉब कार्ड व मानव दिवस के संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। कार्यालय परिसर में जगह जगह गंदगी पाई गई।

खंड विकास अधिकारी की गंभीर लापरवाही पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारी के खिलाफ चार्ज शीट जारी करते हुए निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा कर शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा एडीओ पंचायत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और आर आर सी के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई जिनके द्वारा कोई संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया, जिन्हें कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। एडीओ आईएसबी द्वारा भी विभागीय योजनाओं के संबंध में संतोषजनक जानकारी न दिए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके निलंबन की संस्तुति करने तथा अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में शिथिलता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। खंड विकास अधिकारी कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पशुओं के छांव में बैठने के लिए अतिरिक्त टिनशेड लगाये जाने का दिया निर्देश



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। संयुक्त निदेशक (प्रशासन) पशुपालन निदेशालय उत्तर प्रदेश डॉ प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी के साथ क्षेत्र के महोगढ़ी और गलरा गांव स्थित गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक के निरीक्षण में महोगढ़ी और गलरा गो आश्रय स्थल पर अधिकांश पशु बिना ईयर टैग लगे पाए गए। जिसपर संयुक्त निदेशक ने मौके पर मौजूद पशुचिकित्साधिकारी हलिया कमलेश कुमार व पशुचिकित्साधिकारी बरौंधा नीलम सिंह को गो वंशों की देखभाल में लापरवाही मिलने पर कड़ी फटकार लगाई बिना ईयर टैग वाले गोवंशो को जल्द से जल्द ईयर टैग लगवाने का सख्त निर्देश दिया।

निरीक्षण में महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल पर भूसा और पोषाहार पर्याप्त मात्रा में पाया गया लेकिन हरे चारे का कोई प्रबंध नही मिला। दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब गलरा गो आश्रय स्थल पहुंचे संयुक्त निदेशक को अधिकतर गोवंशीय पशु चिलचिलाती धूप में खड़े दिखाई पड़े।जिसे देखकर उन्होंने मौके पर पशु चिकित्साधिकारी हलिया कमलेश कुमार व ग्राम सचिव मनोज गौतम को जल्द से जल्द से जल्द गो आश्रय स्थल पर अतिरिक्त टिनशेड लगवाकर गोवंशो की सुरक्षा को देखते हुए छांव की समुचित व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिया। संयुक्त निदेशक ने पशुओं की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने की हिदायत दी। संयुक्त निदेशक ने गौ आश्रय स्थल पर पशुओं के हरे चारे के प्रबंध के बारे में पूछा तो प्रधान पति अरूण मिश्र ने बताया कि सुबह शाम पशुओं को हरा चारा खिलाया जाता है। जिसपर संयुक्त निदेशक ने कहा कि मौजूद पशुओं और उनकी चरनी को देखकर तो ऐसा नही लग रहा है कि पशुओं को हरा चारा दिया जाता है। जिसके दस मिनट बाद ज्वार का हरा चारा लेकर गोशाला के कर्मचारी आए और गोवंशो को हरा चारा खाने के लिए डालने लगे। संयुक्त निदेशक के निरीक्षण में गलरा गो आश्रय स्थल पर भूसा और पोषाहार पर्याप्त पाया गया। संयुक्त निदेशक ने गोवंशो का स्वास्थ्य परीक्षण और धूप से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।संयुक्त निदेशक डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि गलरा गो आश्रय स्थल पर गोवंशीय पशुओं के छाया की समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

## क्षय रोग के प्रति किया जागरूक




मीरजापुर। टीबी मुक्त भारत को सफल बनाने के लिए लालगंज ब्लॉक में टी बी की पहचान और समय से उपचार सुनिश्चित करने के लिए सौ दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत इसी क्रम में शुक्रवार को विकास खण्ड लालगंज के बामी गांव में स्वास्थ्य विभाग लालगंज ने चौपाल लगाकर लोगों को क्षय रोग के बारे में जागरूक करते हुए शिविर लगाकर इस अभियान में हाई रिस्क गांवों में हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन से स्क्रीनिंग कर मरीजों को पहचान कर निः शुल्क इलाज से जोड़ा जा रहा है शिविर में क्षेत्र के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने कहा है कि हमने अपने ब्लॉक को टी बी फ्री ब्लॉक करने का संकल्प ले लिया है और सभी लोगों को लक्षण और उपचार और सरकारी लाभ के बारे में जानकारी दिया गया आशा प्रतिभा देवी और प्रधान उमेश कुमार और पूर्व प्रधान राकेश त्रिपाठी के सहयोग से गांव के लोगों को प्रेरित किया कुल 65 मरीजों का एक्स रे किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर ट्यूबर डॉक्टर मनिंदर सिंह ने कहा कि टी बी एक संक्रामक बीमारी है लेकिन नियमित दवा और समय पर उपचार से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है डॉक्टर कैलाश बिंद ने कहा है कि इस मानवीय कार्य को करने के लिए सभी लोग निश्चय मित्र बनकर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। शिविर में शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, सुजीत कुमार मिश्रा एक्स रे टेक्निशन, अजीत कुमार सिंह, आशा प्रतिभा देवी, बृजेश बिंद, सुजीत आदि लोग मौजूद रहे।

## पिंक प्रेरणा कैंटीन का डीएम ने किया शुभारंभ

आजमगढ़। महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जनपद प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 250 ह्लपिंक प्रेरणा कैंटीन फास्ट फूड आधुनिक ठेले उपलब्ध कराए गए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 5 आधुनिक फास्ट फूड ठेलों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त फास्ट फूड ठेलों के जरिए अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशासन की इस पहल को महिलाओं के रोजगार एवं स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई

आजमगढ़। जनपद के फूलपुर तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। उप जिलाधिकारी फूलपुर अशोक कुमार के निर्देश पर अवैध मिट्टी परिवहन करते हुए एक डंपर को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 मई 2026 को ग्राम उदपुर, परगना माहुल क्षेत्र में अवैध मिट्टी परिवहन की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान डंपर वाहन संख्या यूपी 50 एफटी 9091 अवैध मिट्टी ले जाते हुए पाया गया। चालक से खनन संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद प्रशासन ने वाहन को कब्जे में लेकर थाना फूलपुर में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा करा दिया। वाहन स्वामी का नाम ज्ञान बहादुर यादव बताया गया है। उप जिलाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मामले में खनिज परिहार नियमावली 2021 के तहत रायल्टी और अर्थदंड अधिरोपित करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही थाना फूलपुर पुलिस को वाहन को अगले आदेश तक अभिरक्षा में रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

जौनपुर।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बाला साहेब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में शुक्रवार को सम सेमेस्टर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का शुभारंभ हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने पहले दिन कॉमर्स विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कराया। कहा कि कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह जी के दिशा निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर परीक्षाफल घोषित होगा।मूल्यांकन समन्वयक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की मंशा के अनुरूप मूल्यांकन कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाएगा। उप समन्वयक डॉ. अजय कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र एवं डॉ. ममता सिंह, विशाल सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## पेंशन अदालत का आयोजन 29 मई को

सोनभद्र। वरिष्ठ कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह ने अवगत कराया है कि आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में 29 मई 2026 को अपराह्न 12 बजे आयुक्त कार्यालय सभागार में पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इस अदालत में विन्ध्याचल मण्डल के सेवानिवृत्त पेंशनरों की पेंशन संबंधी समस्याओं की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन पेंशनरों की पेंशन अथवा ग्रेच्युटी स्वीकृत नहीं हुई है, पेंशन निर्धारण में त्रुटि है अथवा वेतन पुनरीक्षण के बाद पेंशन पुनर्निर्धारण लंबित है, वे अपने प्रकरण प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र जिला कोषागार कार्यालयों में उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र तीन प्रतियों में भरकर जनपद सोनभद्र के वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय में 19 मई 2026 को अपराह्न 3 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। अंतिम तिथि के बाद अथवा अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गड़बड़ी

आजमगढ़। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत कोटेदारों को भेजे जा रहे राशन में बड़ी गड़बड़ी सामने आने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। एफसीआई गोदाम चकवल से नौ कोटेदारों के लिए भेजे जा रहे खाद्यान्न से बीच रास्ते में ही साढ़े सात कुंतल गेहूं गायब पाए जाने पर प्रशासन ने कार्रवाई के निर्देश दिए। पूर्ति निरीक्षक बिलरियागंज ने ठेकेदार और ट्रक मालिक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कंधरापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मामला उस समय उजागर हुआ जब जिलाधिकारी को जन शिकायत के माध्यम से सूचना मिली कि स्टेट डिलीवरी वाहन द्वारा राशन वितरण में बड़े पैमाने पर हेराफेरी की जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सगड़ी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक की संयुक्त टीम ने बिलरियागंज क्षेत्र के दुल्लहपार अंडरपास के पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एफसीआई चकवल गोदाम से निकला राशन लदा ट्रक को पकड़ा। जांच में पाया गया कि ट्रक में दर्ज मात्रा से साढ़े सात कुंतल गेहूं कम था। यह राशन नौ कोटेदारों के यहां वितरण के लिए भेजा जा रहा था। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने वाहन के दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर और परिवहन अभिलेखों की जांच की तो कई गड़बड़ी पाई गई।

## शुभम सिंह के घर छापा, दो लाख की दवायें बरामद

जौनपुर ।शाहगंज में दूल्हा हत्याकांड के आरोपी शुभम सिंह के घर पर पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की है। इस दौरान आरोपी के आवास से लगभग 2,33,860 रुपये मूल्य की अवैध एलोपैथिक दवाएं बरामद की गईं। यह कार्रवाई खेतासराय थाना क्षेत्र के सरवरपुर ( वार्ड नंबर 1, मकान नंबर 70 ) स्थित आरोपी के घर पर हुई।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दूल्हा हत्याकांड के आरोपी शुभम सिंह के घर में अवैध रूप से दवाओं का भंडारण किया गया है। इस सूचना के आधार पर खेतासराय पुलिस, ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।छापेमारी के समय आरोपी शुभम सिंह की मां संगीता सिंह घर पर मौजूद थीं। टीम ने तलाशी के दौरान पाया कि ये एलोपैथिक दवाएं बिना किसी वैध लाइसेंस या दस्तावेज के अवैध रूप से रखी गई थीं। ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने दवाओं के दो सैंपल एकत्र किए, जिन्हें जांच के लिए सरकारी लैब भेजा गया है। ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और नियमावली 1945 के नियमों के तहत बची हुई सभी दवाओं को सूचीबद्ध कर चार प्लास्टिक की बोरियों में भरकर मौके पर ही सील कर दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार और खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने दवाओं के दो सैंपल एकत्र किए, जिन्हें जांच के लिए सरकारी लैब भेजा गया है। ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और नियमावली 1945 के नियमों के तहत बची हुई सभी दवाओं को सूचीबद्ध कर चार प्लास्टिक की बोरियों में भरकर मौके पर ही सील कर दिया गया।विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बरामद दवाओं के सैंपल की लैब रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। लैब रिपोर्ट और पुलिस की विभागीय जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी शुभम सिंह के खिलाफ संबंधित न्यायालय में शिकायत वाद भी दर्ज कराया जाएगा।

## सोनभद्र के गुलाब जामुन को मिलेगी वैश्विक पहचान

सोनभद्र। देश की ऊर्जा राजधानी के रूप में पहचान रखने वाला उत्तर प्रदेश का सोनभद्र जिला अब अपने विशेष स्वाद वाले गुलाब जामुन के लिए भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। प्रदेश सरकार ने एक जिला, एक व्यंजन ( ओडीओसी ) योजना के तहत सोनभद्र के प्रसिद्ध गुलाब जामुन को शामिल किया है। सरकार के इस निर्णय से स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्यमियों के लिए रोजगार तथा व्यापार विस्तार की नई संभावनाएं खुलने की उम्मीद है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि सरकार इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक विशेष सेल का गठन करेगी। यह सेल गुलाब जामुन कारोबार से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के साथ उन्हें आर्थिक सहायता और बैंक ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग करेगी।

# भोजशाला का फैसला श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस में बनेगा नजीर : महेंद्र प्रताप

## मूल गर्भगृह स्थल पर पूजा के अधिकार की जायेगी मांग



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद केस के हिन्दू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने धार भोजशाला मामले में आए इंदौर हाईकोर्ट के फैसले को श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह प्रकरण के लिए ह्लबड़ी कानूनी और ऐतिहासिक नजीरह्व बताया है। शुक्रवार उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अदालत ने भोजशाला मामले में पुरातात्विक साक्ष्यों, प्राचीन परंपराओं और पूजा की निरंतरता को महत्व दिया है, उसी प्रकार मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में भी ऐतिहासिक तथ्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर और भोजशाला दोनों मामलों के फैसलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि न्यायालय अब ऐतिहासिक दस्तावेजों, एएसआई रिपोर्ट और धार्मिक परंपराओं को गंभीरता से देख रहा है। उनका कहना है कि मथुरा में भी मूल गर्भगृह स्थल पर हिंदुओं को पूजा का अधिकार मिलना चाहिए। वह न्यायालय में इसकी मांग करेंगे।

**एलेक्जेंडर कनिंघम की रिपोर्ट में भी मंदिर का उल्लेख**

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास अध्यक्ष के महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा है कि भारतीय पुरातत्व विभाग के प्रथम डायरेक्टर अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा 1862 से 1865 के बीच तैयार किए गए अभिलेखों और पुस्तकों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि जहां वर्तमान में शाही ईदगाह स्थित है, वहां पहले भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर था। उन्होंने कहा कि एएसआई भी पहले यह स्पष्ट कर चुका है कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि के निकट स्थित मस्जिद के नीचे मंदिर के अवशेष मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भोजशाला फैसले में इंदौर हाईकोर्ट ने पूजा अधिनियम 1991 को लागू नहीं माना, जबकि इलाहाबाद हाईकोर्ट भी इस अधिनियम को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणियां कर चुका है। ऐसे में मथुरा केस में भी यह मुद्दा निर्णायक साबित हो सकता है।

**प्राचीन संस्कृति और आस्था को मिला सम्मान :** मथुरा में भी इतिहास और परंपरा के आधार पर होगा फैसला।न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भोजशाला मामले में अदालत ने यह माना कि हिंदू पूजा की परंपरा कभी समाप्त नहीं हुई। यही स्थिति श्रीकृष्ण जन्मभूमि की भी है, जहां करोड़ों लोगों की आस्था आज भी मूल गर्भगृह स्थल से जुड़ी हुई है।

उन्होंने कहा कि मथुरा केवल एक धार्मिक स्थल नहीं बल्कि सनातन संस्कृति और भारतीय सभ्यता का केंद्र है। अदालतों द्वारा ऐतिहासिक तथ्यों और सांस्कृतिक विरासत को दिए जा रहे महत्व से हिंदू समाज में विश्वास मजबूत हुआ है।

**अब मूल गर्भगृह पर पूजा की जाएगी मांग**

हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण में मूल गर्भगृह स्थल पर पूजा के अधिकार की मांग को और मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर, काशी और भोजशाला जैसे मामलों के बाद अब मथुरा केस भी निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि न्यायालय ऐतिहासिक साक्ष्यों, एएसआई रिपोर्ट और सनातन परंपराओं के आधार पर निष्पक्ष निर्णय देगा।

# स्टेशन इंप्रूवमेंट ग्रुप सीआईजी ने किया इटावा जंक्शन व टूंडला जंक्शन का व्यापक निरीक्षण

**टूंडला।** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की एसएजी स्तर की स्टेशन इंप्रूवमेंट ग्रुप सीआईजी टीम द्वारा एनएसजी-3 श्रेणी के अंतर्गत आने वाले इटावा जंक्शन एवं टूंडला जंक्शन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का मूल्यांकन कर उनकी गुणवत्ता एवं कार्यक्षमता में सुधार सुनिश्चित करना था।

इस दौरान प्रयागराज जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उप मुख्य यातायात प्रबंधक टूंडला अमित आनन्द, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय अंकित गुप्ता, वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, कानपुर शांतनु, उप मुख्य इंजीनियर गतिशक्ति एसपी पाण्डेय, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक गतिशक्ति होतम सहित संबंधित निरीक्षक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। प्रयागराज मंडल के अंतर्गत आने वाले इटावा जंक्शन एवं टूंडला जंक्शन का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत स्टेशनों का आधुनिकीकरण करते हुए उच्च स्तरीय यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। टूंडला स्टेशन पर भी आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, बेहतर यात्री सुविधाओं एवं आकर्षक स्टेशन भवन निर्माण के कार्य प्रगति पर हैं। निरीक्षण के दौरान सीआईजी टीम ने स्टेशनों पर उपलब्ध विभिन्न यात्री सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। एनएसजी-3 श्रेणी के निर्धारित मानकों के अनुरूप प्लेटफॉर्म स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, प्रतीक्षालय, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, टिकट काउंटर, पूछताछ सेवाएं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की गई। इसके अतिरिक्त यात्री सूचना प्रणाली, साइनेज, डिजिटल डिस्प्ले, एस्केलेटर लिफ्ट, दिव्यांगजन सुविधाएं एवं उनकी कार्यशीलता का भी परीक्षण किया गया। खानपान स्टॉलों पर गुणवत्ता एवं निर्धारित दर सूची के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। इटावा जंक्शन के निरीक्षण के दौरान सीआईजी टीम ने नवनिर्मित द्वितीय प्रवेश द्वार पर नई स्टेशन बिल्डिंग के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, वाहन पार्किंग हेतु पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करने तथा प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रथम प्रवेश द्वार पर उपलब्ध जनसुविधाओं के रखरखाव एवं स्टेशन परिसर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना सुनिश्चित करने को कहा गया। टूंडला जंक्शन के निरीक्षण के दौरान नई स्टेशन बिल्डिंग के निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने, सकुर्लेटिंग एरिया में वाहनों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने तथा प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का ग्राम न्याय सहायता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित




**फिरोजाबाद।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डॉ० बब्बू सारंग के कुशल मार्गदर्शन में संचालित ग्राम न्याय सहायता अभियान के अंतर्गत जनपद की समस्त तहसीलों में विधिक सहायता सेवाओं को ग्राम स्तर तक पहुंचाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है।इसी क्रम में ग्राम पंचायत खैरगढ़ एवं ग्राम पंचायत कनवारा में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई। उक्त लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद की सचिव योगेश शिवा द्वारा फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत महिला एवं बाल अधिकार, घरेलू हिंसा साइबर अपराध वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। सचिव द्वारा बताया गया कि लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले जरूरतमंद एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें न्याय प्राप्त करने में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान ग्राम सचिव खंड विकास अधिकारी सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बिजली सप्लाई में सुधार न हुआ तो होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

**शिकोहाबाद।** भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों, व्यापारियों, जनता की बिजली समस्याओं को लेकर माधोगंज फीडर पर जेई अजय कुमार, उपखंड अधिकारी हरीश से बिजली की अघोषित कटौती को लेकर वार्ता की। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर माधोगंज फीडर से बिजली समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एड पुष्पेंद्र यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में किसान, मजदूर, व्यापारी, आम नागरिक बिजली संकट से जूझ रहे हैं। शंभू नगर में कम वोल्टेज की समस्या बहुत गंभीर हो गई है। जहां शाम के समय 100 से 125 वोल्टेज मिल रहे हैं। जिससे पंखा कूलर चलना भी मुश्किल है। लेकिन बिजली विभाग समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। बिजली की कटौती, कम वोल्टेज के कारण किसानों की फसलें सुख रही हैं। पशुपालकों का काम, बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। जिसे भारतीय किसान क्रांति यूनियन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उपखंड अधिकारी ने 5 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उप खंड अधिकारी कार्यालय का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इस दौरान ब्रज प्रांत अध्यक्ष योगेश यादव, नागेंद्र कुमार, गौतम कुमार, राघवेंद्र, आकाश, आशीष, अमन ठाकुर, राजीव यादव के साथ ही कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## संक्षेप

# मासूम ने क्लास में की उल्टी, स्टाफ ने मां से लगवाया पोछा, हंगामा



**मथुरा।** गोविंदनगर क्षेत्र के बालाजी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मानवता को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। नर्सरी में पढ़ने वाली एक मासूम बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर स्कूल प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाने के बजाय उसकी मां से क्लासरूम की सफाई कराई। इस घटना की जानकारी मिलते ही लोगों में आक्रोश पनप गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने स्कूल के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक की तरफ से लिखित में माफी मांगने के बाद मामला शांत हुआ। एबीवीपी के पदाधिकारी अमन पंडित ने बताया कि गोविंदनगर क्षेत्र के बालाजी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का मामला है। तीन दिन पहले स्कूल में नर्सरी की छात्रा की क्लासरूम में अचानक तबीयत खराब हो गई थी और उसने वहीं उल्टी कर दी। आरोप है कि बच्ची को प्राथमिक उपचार देने या उसे घर भेजने की व्यवस्था करने के बजाय, स्कूल के शिक्षकों ने उसकी मां को स्कूल बुलाया। जब मां वहां पहुंची तो उन्हें बीमार बच्ची को वहीं खड़ा कर लिया और मां से क्लासरूम में फैली गंदगी (उल्टी) साफ कराई। इसके बाद वह अपने बच्ची को लेकर वहां से निकल गईं। इस बात की भनक एबीवीपी के कार्यकताओं को लगी, वे भारी संख्या में स्कूल पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे अभिभावकों का अपमान और अमानवीय कृत्य करने पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हालांकि स्कूल प्रबंधक ने लिखित में माफी मांगी इसके बाद मामला सुलझा।

# दीक्षा, हिमांशी, राजित फौजदार ने अपनी अपनी कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया

**मथुरा।** सोंख बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर में बुधवार को विभिन्न कक्षा वार भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे विभिन्न विषय दिए गए। कक्षा 08 बालिका शिक्षा व आत्म विश्वास का महत्व कक्षा 09 समय का महत्व कक्षा 10 स्वचछता का महत्वव पानी का दुरुपयोग न किया जाए पर विद्यार्थियों को बोलने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में 110 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया कक्षा 10 मे दीक्षा, ने प्रथम, यशिवी अग्रवाल द्वितीय, इशिका तृतीय स्थान कक्षा 09 में हिमांशी प्रथम, रिया रावत द्वितीय, अराध्य तृतीय स्थान कक्षा 08 में राजित फौजदार प्रथम स्थान, रानी व रजत द्वितीय, साधना तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंध निदेशक गौरव सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि आत्म विश्वास बढाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिभाग करना चाहिए जिससे विद्यार्थी अपनी छुपी प्रतिभा को दिखा सकता है क्युकी आत्म विश्वास किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने हेतू जरुरी है विद्यालय के प्राचार्य देवाशीष सेन ने कहा कि प्रतिभागियों के द्वारा जो अपनी बात रखी गई, अन्य सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना की और आने वाले प्रतियोगिता में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कहा। विद्यालय शिक्षा प्रभारी एस वी सिंह ने कहा कि यह इस तरह के प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से आगे बदने ० आत्म विश्वास मिलता है जो कि विद्यार्थी जीवन में अति आवश्यक भी है। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंध निदेशक गौरव सिंह, प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, प्राचार्य देबाशीष सेन, शिक्षा प्रभारी एस वी सिंह, बीरपाल प्रधान, उपप्राचार्य रामबाबू, हेडमास्टर सुरेंद्र सिंह, कोऑर्डिनेटर बिपिन सिंह, डॉ अशोक, रामबीर, जी.एस. सदानंद शर्मा, एन.सी.सी.प्रभारी गोविन्द सिंह, चंद्रेश यादव, योगेश कुमार, ओमप्रकाश, रोहताश, राकेश रहिजा तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, विद्यार्थी उपस्थित रहे

● **प्रतिभागियों ने रखे अपने अपने विचार, कहा कि किस तरह बढ़ाया जा सका है आत्म विश्वास**

# ब्राह्मण समाज के सम्मान में उतरे विप्रजन होली गेट पर किया पुतला दहन



**मथुरा।** श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के तत्वावधान में शुक्रवार सायं होली गेट पर सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के कथित अमर्यादित बयान के विरोध में विप्र समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम समिति के संस्थापक पंडित श्याम शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विप्र समाज के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवाओं ने सहभागिता की।

मुख्य संरक्षक पंडित राम गोपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। समाज के सम्मान और स्वाभिमान के विरुद्ध किसी भी प्रकार की टिप्पणी को विप्र समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी मानसिकता रखने वाले लोगों को अपनी भाषा और मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए। समिति के संस्थापक पंडित श्याम शर्मा ने कहा कि सपा के प्रवक्ता द्वारा दिया गया बयान अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। कार्यक्रम संयोजक एवं संरक्षक संजय शर्मा पिपरोनिया ने कहा कि विप्र समाज सदैव शांति, संस्कार और समाज हित की भावना से कार्य करता आया है, लेकिन समाज के सम्मान पर आघात होने पर विरोध दर्ज कराना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय हरियाणा ने कहा कि समाज की एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित लोगों ने समाज की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया तथा एक स्वर में अमर्यादित टिप्पणी की निंदा की। कार्यक्रम में विजय शर्मा, अर्जुन पंडित, आशीष शर्मा, विनोद दीक्षित, बृजेश शर्मा, कुलदीप शर्मा, अजय शर्मा लाला, राजा ज्ञानेंद्र दीक्षित, राहुल शर्मा, सर्वेश चतुर्वेदी, ललित स्वामी, विनोद पांडे, केके शर्मा, चंद्रकांत पांडे, कुलदीप शास्त्री, महेश दास, अनूप गौतम, पंकज चतुर्वेदी, डॉ. जमुना शर्मा व सौरभ शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# टूंडला प्रेस क्लब ने नो व्हीकल डे को सफल बनाने को निकाली पदयात्रा

## पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का दिया संदेश, लोगों से अभियान में जुड़ने की अपील




**टूंडला।** प्रधानमंत्री और डीएम की अपील के बाद टूंडला प्रेस क्लब द्वारा शुक्रवार को ईंधन बचाने के उद्देश्य से पदयात्रा निकाली गई। जिसमें सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया।


शाम छह बजे पदयात्रा फ्रेंड्स क्लब से शुरू हुई जो मैन बाजार, कोतवाली, रामलीला मैदान होते हुए भारत माता चौक पर पहुंचकर समाप्त हुई। पदयात्रा में शामिल भाजपा विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि अनावश्यक निजी वाहनों का उपयोग कम करें, सार्वजनिक परिवहन अपनाएं, पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें। पूर्व ?विधायक शिव सिंह चक ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य लोगों को पेट्रोल-डीजल की बचत, प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक करना है। यह टूंडला प्रेस क्लब का सराहनीय कदम है। यदि लोग सप्ताह में एक दिन भी निजी वाहनों का कम उपयोग न करें तो इससे पर्यावरण को बड़ा लाभ मिल सकता है। टूंडला प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने सप्ताह में एक दिन निजी वाहन का प्रयोग पेट्रोल-डीजल वाहन का प्रयोग न करने का संकल्प लिया, जिससे ईंधन की बचत हो सके। कार्यक्रम को प्रतिभा उपाध्याय, दीपक चौधरी, दुष्यंत जादौन, संजय परमार ने भी संबोधित किया। पदयात्रा में सीओ अरुण कुमार चौरसिया, नायब तहसीलदार बृजराज सिंह, रेखा वर्मा, बीएस बेदी, संरक्षक राजू उपाध्याय, हेमंत उपाध्याय, पुनीत रावत, अध्यक्ष राधेश्याम चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पौनियां, सचिव अरुण रावत, उपाध्यक्ष सीपी रावत, हितेंद्र यादव और कोषाध्यक्ष राष्ट्रदीप जैन, रामपाल सिंह, सुनील गर्ग, विवेक शर्मा, संतोष शर्मा, संजय पचौरी, अनिल शर्मा, गुलाब सिंह, जावेद अली, गिरधारी लाल, योगेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, उपेंद्र, महेश ठैनुआं, अनुज रावत, अंकित श्रोत्रिय, विमल किशोर, सुनील गर्ग, शिवसिंह चक पूर्व विधायक, दीपक चौधरी, संजय परमार, दीपक राजोरिया, रामतीर्थ चक, अजीत जुरैल, बीएस बेदी, दुष्यंत जादौन, प्रतिभा उपाध्याय, मोहित कौशिक, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# टिकैत की पुण्यतिथि पर किसानों नेताओं ने बांटा ठंडा शरबत व मिष्ठान

**मथुरा।** भाकियू सुनील के कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयों ने किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि मथुरा महानगर के हृदय स्थल होली गेट चौराहे पर किसानों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई इस मौके पर किसान नेताओं ने ठंडे शरबत मिष्ठान का वितरण होली गेट चैराहे पर किया। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी ने कहा महेंद्र सिंह टिकैत किसान गरीब मजदूरों के एकमात्र नेता थे जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता वह हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने जीवन भर किसान गरीब मजदूरों की लड़ाई लड़ी भारत सरकार से मांग करते हैं किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये।नेता की

# बाबा जयगुरुदेव महाराज का पावन वार्षिक भण्डारा महापर्व 17 से

**मथुरा।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक ट्रस्ट, मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्श पारम्परिक रूप से आयोजित होने वाला परम पूज्य बाबा जयगुरुदेवजी महाराज का पावन वार्षिक भण्डारा महापर्व इस वर्ष 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा (उ.प्र.) में आयोजित हो रहा है। इस बार 14वां पावन महापर्व है। इसे जयगुरुदेव आध्यात्मिक सत्संग मेला के नाम से भी जाना जाता है। देष के कोने-कोने से तथा पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भारी संख्या में नर-नारी भाग लेने के लिये पधारते हैं। यह जानकारी देते हुये संस्था के प्रवक्ता बाबूराम ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रमानुसार पांच दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन प्रातःकाल 5 बजे व सायंकाल 5 बजे से संस्था के राष्ट्रीय उपदेशकों के सत्संग प्रवचन होंगे। भण्डारे का पूजन 18 मई को रात्रि में षुरु होगा। भण्डारे की तिथि 19 मई को है। संस्था प्रमुख पूज्य पंकजजी महाराज का मुख्य सत्संग व नामदान कार्यक्रम 19 मई को प्रातःकाल 5 बजे से होगा। सत्संग के पूर्व प्रार्थना, सुमिरन, ध्यान और भजन के अभ्यास का साधना सत्र होता है। दर्शन, पूजन, विचार गोष्ठियों, सत्संग गोष्ठियों, आध्यात्मिक वैचारिक चर्चा के अलावा दहेज रहित सामूहिक विवाहों का भी आयोजन होता है। सैकड़ों भण्डारे चलते हैं। उन्होंने बताया कि मेले की तैयारियाँ महीने भर पहले से शुरू हो जाती हैं। आगन्तुकों की सुविधा के लिये आवास, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा, सफाई आदि की व्यवस्थायें स्थापित की जाती हैं। अस्थाई जयगुरुदेव नगर बस जाता है। लोग रेल, बसों, अन्य यातायात के साधनों के अलावा निजी या आरक्षित वाहनों से आते हैं। संस्था ने आम लोगों, ब्रजवासियों से सत्संग में भाग लेकर लाभ उठाने की तथा वैचारिक एवं भावनात्मक सहयोग करने की अपील की है।



# प्रेमानंद महाराज के दरबार में कैलाश खेर, शिव भजनों से बांधा समां



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** सूफी गायक कैलाश खेर सपरिवार शुक्रवार सुबह संत प्रेमानंद के आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने नृत्य कर संत को भगवान शिव और मीरा बाई के भजन प्रस्तुत किए। भजन सुन संत ने गायक की आवाज और भजन की प्रशंसा करने के साथ ही आशीर्वाद प्रदान किया। इससे एक दिन पहले रात में उन्होंने ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किए। सूफी गायक कैलाश खेर परिवार के साथ वृंदावन की दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर हैं। शुक्रवार सुबह रमणरेती स्थित श्रीहित राधाकेलि कुंज पहुंचकर संत प्रेमानंद से मिले। उन्होंने संत को मोर पंखी से बनी माला पहनाई। इसके बाद उन्होंने भगवान शिव और मीराबाई पर आधारित भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने नृत्य कर संत को शिव भजन सुनाया। संत प्रेमानंद भजन सुन प्रसन्न हुए उन्होंने गायक कैलाश खेर की आवाज और भजन दोनों की प्रशंसा करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। संत प्रेमानंद ने नामजप की महिमा बताते हुए कहा कि जैसे मिश्री शरीर के पित्त को शांत करती है, वैसे ही निरंतर राधा नामजप विकारों को मिटाकर जीवन में अमृत घोलता है। इससे पहले कैलाश खेर ने परिवार के साथ गुरुवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिर में इस दौरान प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों के साथ गोस्वामियों ने भी उनके साथ सेल्फी ली। संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए केवल आम श्रद्धालु ही नहीं, बल्कि देश की बड़ी हस्तियां भी लगातार वृंदावन पहुंच रही हैं। कैलाश खेर से पहले भी कई नामचीन हस्तियां यहाँ हाजिरी लगा चुकी हैं। विदित रहे कि हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी महाराज जी के दर्शन कर उनका मार्गदर्शन लिया था।, भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा अक्सर यहाँ मत्था टेकने आते हैं तथा अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा भी आश्रम के नियमित आगंतुकों में शामिल हैं।

# खान एकेडमी के सहयोग से शिक्षकों के लिए स्टेम कार्यशाला आयोजित




**मथुरा।** जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के गणित एवं विज्ञान शिक्षकों के लिए स्टेम इंम्प्रोवमेंट प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन श्रीकृष्ण सभागार में किया गया। खान एकेडमी इंडिया के सहयोग से शिक्षकों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अकाउंट बनाने, कोर्स असाइनमेंट और छात्र प्रगति विश्लेषण की जानकारी दी गई। शिक्षा में तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एआई की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक सत्यदेव ने मथुरा जनपद के राज्य स्तरीय प्रगति सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शिक्षकों को बधाई दी। मुख्य प्रशिक्षक अमित शर्मा (मंडल समन्वयक, खान एकेडमी), जबकि मार्गदर्शन जिला समन्वयक श्याम सुन्दर एवं एसआरजी खीर सागर व गौरव गर्ग आदि मौजूद रहे। कार्यशाला का उद्देश्य तकनीकी माध्यमों से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाना और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई का हल्लाबोल

● **फूंका शिक्षा मंत्री का पुतला**



मथुरा। नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में बढ़ते आक्रोश के बीच, शुक्रवार को मथुरा में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। बीएसए कॉलेज के मुख्य द्वार पर बड़ी संख्या में जुटे छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला दहन करने का प्रयास किया।

प्रदर्शन के दौरान माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब छात्र कार्यकर्ता शिक्षा मंत्री का पुतला जलाने के लिए आगे बढ़े। मौके पर मौजूद भारी पुलिस बल और प्रशासन ने कार्यकताओं के हाथों से पुतला छीन लिया। पुतला छीने जाने से एनएसयूआई कार्यकर्ता भड़क गए और सरकार व स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग की। 10 रुपये का डायपर लीक नहीं होता, पर नीट का पेपर हो जाता है। वहीं प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हर्ष चैरसिया ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा देश के करोड़ों छात्र दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन सरकार सुरक्षित शिक्षा व्यवस्था देने में पूरी तरह विफल रही है। आज देश में 10 रुपये का डायपर लीक नहीं होता, लेकिन लाखों युवाओं के भविष्य से जुड़ी नीट जैसी परीक्षा का पेपर लीक हो जाता है। यह शिक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा कलंक है।

प्रदर्शन में शामिल अन्य युवा नेताओं ने भी सरकार को घेरते हुए प्रमुख नेताओं ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दुर्गेश बघेल (जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस) ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण मेहनती छात्रों के सपनों पर पानी फिर रहा है। जब तक दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। अनाम धन्य तिवारी (प्रदेश सचिव, युवा कांग्रेस) ने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक से युवाओं का आत्मविश्वास टूट रहा है। दीपक पाठक (महानगर अध्यक्ष, सेवा दल) ने पेपर माफियाओं के खिलाफ सख्त कानून बनाने और तत्काल जवाबदेही तय करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में पियूष अग्रवाल, ऋषित भारद्वाज, गौरव कश्यप, केशव मित्तल, पवन कोयड़ सहित दर्जनों छात्र कार्यकर्ता मौजूद रहे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को जेल नहीं भेजा गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

# दुनिया के बदलते भू-राजनीतिक समीकरण



लोकमित्र

इस समय (15 मई को सुबह 11:30 बजे) जब मैं ये पंक्तियां लिख रहा हूं। पूरी दुनिया की निगाहें नई दिल्ली और बीजिंग पर लगी हैं। क्योंकि दोनो ही राजधानियों में इस समय दुनिया के नये भू-राजनीतिक समीकरण बन रहे हैं। बीजिंग में अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शायद अब तक के पहले ऐसे अमरीकी राष्ट्रपति हैं, जो चीन के सामने दबे-दबे से नजर आ रहे हैं। हालांकि जैसा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वाभाव है, वो ऐलान कर रहे हैं कि ईरान के होर्मुज संकट पर चीन मदद करने के लिए तैयार है। लेकिन यह अधूरी जानकारी है, सही बात तो यह है कि चीन ने न केवल यह कहा है कि वह होर्मुज में अपनी सेना नहीं भेजगा, जैसा कि ट्रंप चाहते थे। पर हां, उसने यह जरूर कहा है कि वह चाहेगा कि होर्मुज संकट खत्म हो और चीन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह ईरान की सम्प्रभुता का सम्मान करता है। बात साफ सी है कि चीन बिना अपनी सेना भेजे मध्यस्थ बनने के लिए तैयार है। लेकिन इससे बड़ी बात शायद ये है कि शी जिनपिंग ने डोनाल्ड ट्रंप से औपचारिक बातचीत के दौरान साफ-साफ कहा दिया है कि ताइवान का कोई भी जिक्र चीन और अमरीका के संबंधों के लिए बेहतर नहीं होगा।

दूसरी तरफ नई दिल्ली में भी ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक चल रही है। हालांकि चीन इसमें भाग नहीं ले रहा, लेकिन रूस, ईरान और बाकी देशों की मजबूत उपस्थिति के बीच जिस तरह से रूसी विदेश मंत्री लावरोव और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने दुनिया के मौजूदा संकट के लिए अमरीका को जिम्मेदार ठहराया है। ईरानी विदेश मंत्री ने तो साफ-साफ शब्दों में कहा है कि ब्रिक्स देशों को अमरीका और इजरायल की आलोचना करना चाहिए, जिस तरह से उसने एक ब्रिक्स सदस्य पर अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए हमला किया और रूसी विदेश मंत्री ने अमरीका का बिना नाम लिए कहा कि दुनिया नियम-कानूनों से ही चल सकती है। कुल मिलाकर भारत और चीन दोनो की राजधानियों में इस समय पूरी दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि अगले कुछ घंटों में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों के बैठक पर साझा वक्तव्य जारी होगा और इन पंक्तियों के छपकर पाठकों के सामने पहुंचने के पहले डोनाल्ड ट्रंप अमरीका के लिए रवाना हो चुके होंगे। मगर अगले कुछ घंटे दुनिया की भू-राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक हैं। जिस तरह होर्मुज संकट के कारण दुनिया के 50 से ज्यादा देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट से घिर गई हैं और भारत में तो लगभग एनर्जी इमरजेंसी के हालात पैदा हो रहे हैं, उस सबके बीच यह तो देखना ही होगा कि महज किसी ताकत के इगो के कारण क्या दुनिया को दांव पर लगाया जा सकता है? हमसे भले इस युद्ध के गोलाबारूद दूर हों, लेकिन इस युद्ध के कारण जो हालात पैदा हुए है, उससे लगता है कि अब हम सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। क्योंकि भारत अपनी जरूरत का 90 प्रतिशत तेल, गैस और खाद आयात करता है और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के कारण हमारी 50 फीसदी से ज्यादा सप्लायी रूक गई है। एक बड़ा संकट यह भी है कि भारत एक साल पहले तक रूस से अपनी कुल तेल जरूरतों का करीब 44 फीसदी आयात करता था, लेकिन अब अमेरिका के दबाव के कारण हमारा आयात घटकर 20 फीसदी के आसपास पहुंच गया है और हालांकि सरकार कह रही है 67 दिनों का रिजर्व हमारे पास है, लेकिन जिस तरह से गैस की किल्लत है और तेल की खपत कम करने के लिए प्रधानमंत्री ने खुद आह्वान किया है, उससे साफ है कि संकट जितना दिख रहा है, उससे कहीं गहरा है। ऐसे में एक बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है कि भारत को अब भू-राजनीति में निर्णायक संतुलन साधना ही होगा। ब्रिक्स समूह में इस समय ब्राजील, रूस, ईरान और दक्षिण अफ्रीका, भारत की तरफ ही निर्णायक फैसले के लिए देख रहे हैं। क्योंकि जिस तरह का आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, उससे लगता है कि धीरे-धीरे यह राजनीतिक संकट की तरफ बढ़ रहा है।

> अमरीका एक तरफ भारत को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का प्रमुख साझेदार मानता है, दूसरी तरफ पाकिस्तान को ईरान-अमरीका समझौते के लिए मंच बनाकर हम पर तंज करने की कोशिश कर रहा है। हाल के सालों में जिस तरह से पूरी दुनिया के आतंकवाद के तार पाकिस्तान से जुड़ते रहे हैं, उसके बावजूद उसको एक कूटनीतिक मध्यस्थ देश का दर्जा देकर अमरीका पूरी दुनिया के लिए भ्रम पैदा कर रहा है।



**दिल्ली में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों का सम्मेलन**

अगर भारत कोई निर्णायक कदम नहीं उठाता और हमारी ऊर्जा जरूरतें जबर्दस्त ढंग से प्रभावित होती हैं, तो पहले ही हम दो महीनों में दुनिया की चैथी से छठवीं अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और अगर और देरी की, तो एक डॉलर 100 रुपये के पार चला जायेगा। पिछले एक दशक में हमारी जो वैश्विक आवाज मजबूत हुई थी, वह भी खो जायेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हाल के सालों में ब्रिक्स संगठन, पश्चिम संस्थाओं के खिलाफ एक वैश्विक दक्षिण की आवाज बनकर उभरा है। ऐसे में अगर रूस और ईरान जो कि दोनो इशारा कर रहे हैं, तो भारत को इनके साथ ऊर्जा सहयोग का दीर्घकालिक समझौता कर ही लेना चाहिए।

अगर हम इस उम्मीद में बैठे रहे कि अमेरिका हमारी मदद करेगा और हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर नहीं पड़ने देगा तो हमारी भूल होगी। अमरीका-भारत से यह तो कह रहा है कि हमसे चाहे जितना तेल चाहो ले लो, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एक तो अमरीका तेल भारत तक आते-आते 15 से 16 फीसदी महंगा हो जाता है और फिर जिस दर पर हमें रूस और ईरान तेल देने के लिए तैयार है, अमरीका उस दर पर कभी नहीं देगा। इससे भी बड़ी बात यह है कि हम जरा सी कोशिश से रूस और ईरान दोनो से रुपये में तेल ले सकते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में हमारी विदेशी मुद्रा बचेगी। भले फिलहाल रूस के साथ रूबल रुपी ट्रेड उस स्तर पर न हो, जैसे पहले था। लेकिन भारत मौजूदा दुनिया की ऐसी संतुलकारी ताकत है कि अगर हम चाहें तो रूस कतई रुपये में तेल देने से पूरी तरह से मना नहीं करेगा और अगर हम आधा तेल भी रुपये में ले पाते हैं तो हमारी विदेशी मुद्रा जो दिन दूनी, रात चैगुनी रफ्तार से घट रही है, उस पर रोक लगेगी। भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। हमारी डिजिटल क्षमता, विशाल बाजार, रणनीतिक स्थिति और लोकतांत्रिक व्यवस्था, हमारे पास एसेट की तरह हमारी यूएसपी हैं। ऐसे में हमें अपनी गिरती हुई सेहत के लिए किसी और की तरफ क्यों देखें? क्यों उम्मीद करें कि कोई आकर हमें संभालेगा? भारत एक ताकत है और हमें अपनी ताकत का प्रदर्शन कम से कम अपने अस्तित्व के लिए तो करना ही चाहिए। अगर हम अमेरिका के भरोसे बैठे रहे, तो गच्चा खा जाएंगे।

अमरीका एक तरफ भारत को अपनी हिंद प्रशांत रणनीति का प्रमुख साझेदार मानता है, दूसरी तरफ पाकिस्तान को ईरान-अमरीका समझौते के लिए मंच की तरह चुनकर हम पर तंज करने की कोशिश कर रहा है। हाल के सालों में जिस तरह से पूरी दुनिया के आतंकवाद के तार पाकिस्तान से जुड़ते रहे हैं, उसके बावजूद उसको एक कूटनीतिक मध्यस्थ देश का दर्जा देकर अमरीका पूरी दुनिया के लिए भ्रम पैदा कर रहा है। ऐसे में हमें बहुत दिन तक अनिर्णय की स्थिति में नहीं रहना चाहिए। जब हम साफ-साफ कहते हैं कि हमारी रणनीति हमारे अपने हितों के मद्देनजर तय होगी, तो हमें अपने ऊर्जा संकट को हल करने के लिए उपलब्ध विकल्पों को क्यों नहीं स्वीकार करना चाहिए? अभी पिछले पखवाडे.ही इस खबर ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा था कि रूस का एलपीजी से भरे एक जहाज को भारत ने बिना खरीदे वापस कर दिया। जाहिर है यह सब अमरीका के दबाव के कारण हुआ। भारत को अब दबाव या लिहाज की विदेश नीति छोड़कर अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को स्पष्ट रूप से सामने लाना ही होगा। तटस्थ रहने से हमारे हित प्रभावित हो रहे हैं।

## निर्यात बढ़ायें

देश की करेंसी लगातार गिर रही है। डॉलर दिन प्रति दिन मजबूत हो रहा है और इस कारण देश की आर्थिक स्थिरता, महंगाई पर नियंत्रण और फॉरेक्स रिजर्व बनाये रखना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए देश को बड़े पैमाने पर पेट्रोलियम, फर्टिलाइजर, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, गोल्ड आदि आयात किया जाता है। इससे विदेशी मुद्रा बाहर चली जाती है। इसी तरह इस समय अमरीकी बाजार ज्यादा आकर्षक हैं और इस कारण एफआईआई भारत के पूंजी बाजार से अपना निवेश निकाल रहे हैं। इस कारण भी डॉलर देश से बाहर जा रहा है। ऐसे में भारत के सामने अभूतपूर्व संकट उत्पन्न हो सकता है। इसलिए भारत को अपना आयात सीमित करना होगा, एफआईआई को बाहर जाने से रोकना होगा और निर्यात बढ़ाना होगा ताकि देश में फॉरेक्स की आगत बढ़े, विदेशी मुद्रा की आय बढ़े। इससे रुपये में स्थिरता आयेगी, महंगाई रोकने में मदद मिलेगी और देश का आर्थिक विकास भी सामान्य गति से आगे बढ़ता रहेगा। दरअसल भारत सरकार के समक्ष निर्यात के मोर्चे पर पहले से ही बेशुमार चुनौतियां थीं। निर्यात व्यापार बहुत ही धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। वैश्विक चुनौतियां, जियो-इकोनॉमिक्स और आर्थिक मंदी के बीच निर्यात बढ़ाना पहले ही बहुत कठिन था लेकिन अमेरिका में ट्रंप की वापसी और उनके मागा अर्थात मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और अमेरिका फर्स्ट की नीति ने विश्व व्यापार में एक अघोषित युद्ध का आगाज कर दिया। इससे वैश्विक व्यापार अस्त-व्यस्त हो गया। इससे भारत के निर्यात पर भी बहुत ही विपरीत असर पड़ा है। हालांकि सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतियां और योजनाएं प्रस्तावित की हैं जिनके जरिए भारत सरकार निर्यात व्यापार को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निर्यात



बढ़ाने और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाना चाहती है। बजट में 2,250 करोड़ रुपये का आवंटन करते हुए निर्यात संवर्द्धन मिशन के शुरूआत की घोषणा की। इसका मकसद ऐसे समय में भारत के निर्यात की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है जब वैश्विक स्तर पर संरक्षणवाद और अनिश्चितता बढ़ रही है। मिशन के तहत वाणिज्य विभाग, सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) के साथ वित्त मंत्रालय विभिन्न सेक्टरों के लिए निर्यात लक्ष्य तय करेंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन करने के उपाय भी किए जाएंगे। विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए एमएसएमई को समर्थन देने के कदम ऐसे समय में उठाए जा रहे हैं, जब भारत के निर्यातक यूरोपीय संघ (ईयू) की जलवायु परिवर्तन से जुड़ी गैर शुल्क उपायों को लागू करने से प्रभावित हुए हैं। इन उपायों में कार्बन बॉर्डर अडजस्टमेंट मैकेनिज्म और ईयू डीफॉरेस्टेशन रेगुलेशन शामिल हैं। 2025-26 के बजट में सीतारमण ने कहा, हम निर्यात संवर्द्धन मिशन स्थापित करेंगे। इसमें मंत्रालय और सेक्टर के स्तर पर लक्ष्य तय होंगे। इसका संचालन वाणिज्य, एमएसएमई और वित्त मंत्रालय मिल जुलकर करेंगे। यह निर्यात ऋण तक आसान पहुंच, सीमा पार से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के साथ विदेशी बाजारों में गैर शुल्क बाधाओं से एमएसएमई को निपटने में मदद करेगा। दिलचस्प है कि वाणिज्य विभाग और निर्यातकों के अनुरोध के बावजूद वित्त मंत्रालय ने निर्यातकों के लिए इंटरेस्ट इक्वलाइजेशन स्कीम की अवधि नहीं बढ़ाई है, जिसका लक्ष्य खासकर एमएसएमई को लाभ पहुंचाना था। मार्केट एक्सेस इनीशिएटिव योजना का आवंटन भी खत्म कर दिया गया है। निर्यात संवर्द्धन और प्रोत्साहन के लिए बजटीय प्रयास आवश्यक है लेकिन वैश्विक स्तर पर उभरती नयी चुनौतियों के बीच भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नियोजित प्रयास करने होगें जिसमें सुलभ और सस्ता कर्ज, स्किल्ड लेबर और कैपिटल इन्सेन्टिव जैसे इनिशिएटिव शामिल होने चाहिए।

### विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

### सोशल मीडिया

विद्या जीवन की ऐसी पूंजी है, जिससे बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, विद्या अज्ञानता के अंधकार से हमको निकालकर सफलता एवं आत्मविश्वास की ओर ले जाती है। पीएम मोदी.



## कर्तव्य परायणता

### अंतर्दृष्टि

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है और न मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

## आप की बात

### ई-वाहन सस्ता करें

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है।

ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़ें। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं।

**राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.**

### युवा शक्ति का उपयोग करें

देश की युवाशक्ति के समुचित उपयोग के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार का अधिकार प्रदान किया जाये। अगर सरकार रोजगार नहीं तो वित्तीय प्रोत्साहन दे ताकि युवा अपना व्यवसाय कर सके। अधिक से अधिक रोजगार सृजन देश की जरूरत है। प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। भर्तियों पर पूरी निष्पक्षता जरूरी है।

**शिव प्रताप त्रिपाठी, लखनऊ.**

# जीवन के लिए बचानी होगी जैव विविधता



अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष

**धरती** पर जीवन का सारा ताना-बाना जैव विविधता पर ही टिका हुआ है। लेकिन इंसानी करतूतों से धरती लगातार बदल रही है, इंसान के अलावा इस ग्रह पर सभी जीव घट रहे हैं। इस वजह से भी इंसानी अस्तित्व के सामने दिन पर दिन खतरा बढ़ता जा रहा है। क्योंकि जंगलों में गूंजती पक्षियों की आवाजें, नदियों में तैरती मछलियां, खेतों में परागण करती मधुमक्खियां, औषधीय पौधे, समुद्री जीव और अनगिनत सूक्ष्म जीवाणु मिलकर ही धरती को न सिर्फ जीवित बल्कि संतुलित बनाते हैं। लेकिन इंसान के लालच के कारण आज धरती की यही जैव विविधता जबर्दस्त संकट में है। संयुक्त राष्ट्र और वैज्ञानिक संस्थाओं की लगातार आती चेतावनियां बताती हैं कि दुनिया तेजी से ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है, जहां हजारों प्रजातियां हमेशा के लिए समाप्त हो सकती हैं। इसी भयावहता को संबोधित करने के लिए यानी धरती के इंसानों का जमीर जगाने के लिए हर साल 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

याद रखिए, यह दिन कोई औपचारिक आयोजन नहीं है बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य को बचाने की चेतावनी है। इसलिए इस दिन को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि अगर वाकई धरती में जीवों की विविधता न बची, तो इंसान का अस्तित्व भी संभव नहीं रहेगा। धरती में इंसानी सभ्यता तभी तक फल-फूल रही है, जब तक विविध किस्म की वनस्पतियां, अनगिनत किस्म के जीव-जंतु इस धरती पर मौजूद हैं। मनुष्य के जीवन के लिए जैव विविधता कितनी महत्वपूर्ण है, इसका महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि अगर नंगी आंखों से न दिखने वाले सूक्ष्म जीव भी धरती से खत्म हो जाएं तो धरती में इंसानों के बने रहने की कोई संभावना नहीं बचती। वास्तव में यह धरती अकेले किसी जीव या कुछ जीवों के लिए नहीं बनी, यह धरती तभी तक फले-फूलेगी, जब दुनिया में बहुसंख्यक जीव जंतु और वनस्पतियां मौजूद रहेंगी। क्योंकि पृथ्वी की संरचना ही कुछ ऐसी है जिसमें पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता अत्यंत महत्वपूर्ण है और हां, यह भी जान लीजिए कि यह महज पर्यावरण का विषय नहीं है बल्कि भोजन, स्वास्थ्य, जल, जलवायु, अर्थव्यवस्था और समूचे मानव अस्तित्व के हर पहलू से जुड़ा हुआ है।

दुनिया की 80 फीसदी से ज्यादा ग्रामीण आबादी आज भी अपने प्राथमिक स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक औषधियों पर ही निर्भर है और आज भी धरती का तीन चैथाई से ज्यादा कृषि उत्पादन प्राकृतिक ढंग से होने वाले परागण पर ही निर्भर है। इसी तरह समुद्री जैव विविधता न सिर्फ करोड़ों लोगों का सीधे भोजन है बल्कि करोड़ों अन्य लोगों के भोजन का प्रमुख जरिया यानी रोजगार है। पृथ्वी पर इस तरह की अंतर्निर्भरता के बावजूद आधुनिक विकास मॉडल ने कुछ इस तरह का दबाव बनाया है कि सदियों से बनी रहने वाली प्राकृतिक व्यवस्था अब डगमगाने लगी है। जहां तक अपने देश भारत का सवाल है, तो हमारे लिए तो जैव विविधता का महत्व कहीं अधिक है? दुनिया का महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग रखने वाले हम सदियों से दुनिया की लगभग 8 फीसदी जैव विविधता के मालिक रहे हैं। लेकिन हाल के दशकों में हमारे विकास मॉडल में कुछ ऐसे तत्व हावी हुए हैं, जिससे भविष्य में हमारे हिस्से जैव विविधता की इस थाती का बना रहना बहुत मुश्किल हो गया है। हिमालय की पर्वत चोटियों से लेकर पश्चिमी घाट तक और सुंदरवन से लेकर थार के मरुस्थल तक हमारे देश में हजारों प्रकार की वनस्पतियां और जीव-जंतु पाये जाते हैं। यही वजह है कि भारत दुनिया के 17 मेगा-बायोडायवर्स देशों में शामिल है। लेकिन तेजी से बढ़ता शहरीकरण, कंक्रीट के जंगलों का अंधाधुंध खड़ा होना, आंख मूंदकर जंगलों की कटाई तथा प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन ये वो बड़े कारण हैं, जिनके चलते हर गुजरते दिन हमारी जैव विविधता सम्पदा पर संकट के बादल घने होते जा रहे हैं। जिसे एक नहीं अनेक तरीकों से देखा जा रहा है। गौरैय्या जैसी कभी देश में हर जगह दिखने वाली चिड़िया अब शहरों में मुश्किल से दिखती है। भारतीय गिद्धों की संख्या में लगातार और डरावनी कमी होती जा रही है। मधुमक्खियों की संख्या भी लगातार घट रही है, जिससे कृषि उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। इसी तरह समुद्री प्रदूषण के चलते कछुओं और डाल्फिनों की संख्या में भारी कमी हो गई है।




जंगल लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं, इस कारण हाथी और बाघ जैसे वन्यजीवों को लगातार सरकारी प्रयास के बावजूद बचाना मुश्किल होता जा रहा है। खासकर इसलिए भी क्योंकि जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवास तथा भोजन व पानी की कमी के कारण न सिर्फ वन्यजीवों के बीच आपस में संघर्ष बढ़ा है बल्कि यह संघर्ष बढ़कर इंसानी बस्तियों तक पहुंच गया है। हाल में जिस तरीके से ग्लोबल वार्मिंग ने कहर ढाया है और मौसम व जलवायु लगातार अनिश्चित हो रहे हैं, अनियमित बारिश, बार-बार पड़ते सूखे, डरावनी बाढ़ और जंगलों में लगती भीषण आग, इन घटनाओं के कारण जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवासों को जबर्दस्त नुकसान पहुंचा है। वैज्ञानिक मानते हैं कि अगर इंसान और जानवर जल्दी से जल्दी बदली हुई परिस्थितियों में एडजेस्ट करने के लायक नहीं बनते, तो संकट और ज्यादा गहरायेगा। दरअसल तकनीकी विकास और औद्योगीकरण के इस दौर में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विकास और प्रकृति साथ-साथ चल सकते हैं? निश्चित रूप से विशेषज्ञों का इस संदर्भ में जवाब 'हां' है। लेकिन जल्द से जल्द अंधाधुंध विकास करने की होड़ ने ऐसी स्थितियां बना दी हैं कि विकास और प्रकृति एक दूसरे के विरुद्ध होकर आमने-सामने खड़े हो गये हैं। क्योंकि हम प्रकृति की इजाजत के मुताबिक विकास नहीं कर रहे बल्कि हम अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप प्रकृति के ढलने की उम्मीद कर रहे हैं। लेकिन ऐसा होगा नहीं। इंसानों को ही प्रकृति के अनुरूप ढलना होगा और अगर इंसान ने ऐसा नहीं किया, तो किसी और के नहीं, वह अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मारेगा और पिछली डेढ़-दो शताब्दियों से हम यानी इंसान यही कर रहे हैं। यही कारण है कि करोड़ों साल में धरती का जो जैव संतुलन नहीं बिगड़ा, वह पिछली डेढ़ से दो शताब्दियों के बीच इतना बिगड़ चुका है कि अगर जल्द कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया, तो धरती का विनाश अपनी आंखों के सामने देखने के अलावा हम इंसानों के पास कोई और विकल्प नहीं बचेगा। यही कारण है कि वैज्ञानिक बार-बार चेतावनी दे रहे हैं और अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस जैसे आयोजनों के जरिये बार-बार यह समझाने और जताने की कोशिश कर रहे हैं कि पृथ्वी में जैव विविधता को बचाइये। क्योंकि अगर जैव विविधता नहीं बचती, तो न इंसान बचेगा और न इंसानी सभ्यता बचेगी।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर पूरी दुनिया में पर्यावरणविद, वैज्ञानिक और हर वह शख्स जो धरती को बनाये रखने के लिए चिंतित है, लगातार हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति कोई बाहरी चीज नहीं है बल्कि यह हमारी जिंदगी की अनिवार्य बुनियाद है। अगर हम इस बुनियाद को ही खत्म कर देंगे या खोखला कर देंगे तो भला पृथ्वी और प्रकृति कहां बचेगी? विशेषज्ञों का मानना है कि हमें जितना जल्दी हो नेचर पॉजीटिव होना होगा यानी विकास की कोई भी योजना बनाते समय प्रकृति और पृथ्वी को ध्यान में ही नहीं बल्कि उसके केंद्र में रखना होगा। इसलिए आज दुनियाभर में कार्पोरेट जगत को अपने हर निर्माण के पहले उसके पर्यावरणीय प्रभावों को ध्यान में रखना पड़ता है। अगर अब भी हम सचेत नहीं हुए, तो हमारा कोई भविष्य नहीं बचेगा, क्योंकि जीवन तभी बचेगा, जब जैव विविधता बचेगी।

**क्यों नष्ट हो रही है जैव विविधता**

- तेजी से जंगलों की कटाई के कारण।
- शहरीकरण और अतिक्रमण के कारण।
- जलवायु परिवर्तन के कारण।
- नदियों और समुद्रों में बढ़ते प्रदूषण के कारण।
- रासायनिक खेती और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण।
- अवैध शिकार और वन्यजीव तस्करी के कारण।
- प्लास्टिक कचरे के बढ़ते खतरे के कारण।

इन सब कारणों से संयुक्त राष्ट्र से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक दुनिया में तकरीबन 10 लाख जीव प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर खड़ी हैं। भारत इस पूरी बहस में इसलिए दुनिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि-

- भारत विश्व के 17 मेगा जैव विविध देशों में शामिल है।
- देश में हजारों औषधीय पौधों की प्रजातियां हैं, जितनी दुनिया के दूसरे किसी भी देशों में नहीं है।
- यहां कृषि और मानसून व्यवस्था पर प्रकृति का गहरा प्रभाव है।
- करोड़ों लोगों की अजीविका जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर टिकी है।

इसलिए आज सिर्फ सरकार या विशेषज्ञों की तरफ देखने से बात नहीं बनेगी। धरती की जैव विविधता तभी बचेगी, जब हर आम और खास लोग-

- अपने इर्दगिर्द स्थानीय पेड़-पौधे लगाएंगे।
- प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करेंगे।
- अपने इर्दगिर्द के पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करेंगे।
- जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएंगे।

संक्षेप

### हरित क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये किया जा रहा निर्माण



**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या के हरित क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये व बैनामें की जमीन से अधिक व दूसरी जमीन पर अवैध निर्माण कराने की शिकायत उ.प्र. कांग्रेस विचार विभाग के महासचिव अश्वनी कुमार सिंह ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव व उपाध्यक्ष से करते हुए अवगत कराया है कि नगर क्षेत्र में जनौरा बाहर नगर पालिया गाटा सं0-91 जो प्राधिकरण द्वारा हरित क्षेत्र है उस पर नीतू सिंह पत्नी हनुमान सिंह निवासी गहखाड़ पोस्ट सहजनवा जिला गोरखपुर ने बैनामा कराकर 1808 वर्गफिट भूमि पर बगैर मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध निर्माण करा लिया है जिसकी सूचना पूर्व में प्राधिकरण को दी गयी व अवर अभियन्ता चन्दन गुप्ता द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया किन्तु अवर अभियन्ता द्वारा कोई कार्यवाही न करके उच्च अधिकारियों को भ्रामक सूचना दे दी गयी। उक्त मामले में अश्वनी कुमार सिंह ने उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने की मांग की है।

# शिकायतों का हो रहा त्वरित निस्तारण



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा जारी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विभागीय अधिकारी जनता दर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुन रहे हैं तथा उनका यथा सम्भव संतुष्टिपरक निस्तारण भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रतिदिन जिलाधिकारी के जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों में आवेदक राजमति पत्नी राम पटेश्वरी निवासी ग्राम दसौली पुराकलंदर सोहावल द्वारा आबादी में स्थित रास्ते को रोकने के संबंध में शिकायत की गयी थी, जिसके निस्तारण को उप जिलाधिकारी सोहावल को कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया था। तत्क्रम में उप जिलाधिकारी सोहावल ने नायब तहसीलदार मसौधा मय पुलिस बल द्वारा प्रकरण की जांच करायी गयी। जांच के उपरान्त दोनों पक्षों की उपस्थिति में आवागमन हेतु रास्ता उभय पक्षों की आपसी सहमति से खुलवाया गया तथा मौके पर ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि रास्ते की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जायें। इसी प्रकार आवेदन जुनैद अंसारी निवासी फिरोजपुर उपरहार तहसील सोहावल अयोध्या ने इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सोहावल एवं सी0ओ0 सदर को संयुक्त रूप के कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे, उक्त पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आपसी सहमति के आधार पर इंटरलॉकिंग कार्य करते हुये शिकायत का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को लंबित रखना अथवा लापरवाही बरतना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। किसी भी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी भी शिकायतकर्ता को खड़ा ना रखा जाए, सम्मानपूर्वक बैठा कर उनकी शिकायतें सुनीं जाए। उन्होंने ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन को त्वरित राहत मिले और उन्हें अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े।

- शिकायत पर आवागमन का रास्ता खुलवाया गया, इंटरलॉकिंग मार्ग बनवाया
- जिलाधिकारी के आदेश पर हुई त्वरित कार्यवाही

# डूबने से दो बहनों की मौत



**अयोध्या।** थाना खण्डासा क्षेत्र अंतर्गत डूंडी अमानीगंज गांव में शुक्रवार को दो सगी बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी बब्लू रैदास की पुत्रियां नैनी (5 वर्ष) और सुनैनी (8 वर्ष) दोपहर करीब 12 बजे घर से लगभग 100 मीटर दूर स्थित पांडे तारा तालाब में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान दोनों बच्चियां गहरे पानी में चली गई और डूबने लगीं। बताया गया कि बड़ी बहन ने बचाने के लिए शोर मचाया, जिसकी आवाज सुनकर आसपास मौजूद एक युवक तुरंत तालाब में कूद पड़ा। किसी तरह दोनों बच्चियों को बाहर निकाला गया। तब तक गांव के काफी लोग भी मौके पर पहुंच चुके थे। अचेत अवस्था में दोनों बच्चियों को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डासा लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मासूम बच्चियों की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में मातम पसरा हुआ है घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक खण्डासा सुरेंद्र कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक चंद्रभानु पासवान भी गांव पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि तहसील प्रशासन के माध्यम से जो भी अनुमन्य आर्थिक सहायता होगी, उसे जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार बब्लू रैदास मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा है। इस हादसे के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## खराब पड़े सरकारी मार्का हैंडपंप से ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विकास खंड पूरेडलई के ग्राम आल्हनमऊ मजरे महदीपुर में लगे सरकारी मार्को हैंडपंप भीषण गर्मी में खराब पड़े होने के चलते ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नल के रिबोर के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। लेकिन हैंडपंप की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सरकार द्वारा हैंडपंपों के रिबोर पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। फिर भी कई स्थानों पर स्थिति दयनीय बनी हुई है। जिम्मेदार अधिकारी ग्राम पंचायतों का नियमित निरीक्षण नहीं करते। जिसके कारण ऐसी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। इस संबंध में पूरेडलई खंड विकास अधिकारी शिवजीत सिंह ने बताया कि हैंडपंप को रिबोर करवाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## वाहन पोर्टल को एनआईसी टीम पुनः सुदृढ और पूर्णतः कार्यात्मक बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत

**बाराबंकी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि वाहन पोर्टल में सर्वर की धीमी गति और बार-बार लॉगआउट होने की समस्या से वाहन पंजीकरण, स्वामित्व हस्तांतरण, फिटनेस और परमिट जैसे काम नहीं हो पा रहे हैं। एनआईसी की विशेष टीम प्रणाली को पुनः सुदृढ और पूर्णतः कार्यात्मक बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने आगे बताया कि यह समस्या अनुप्रयोगों को पुराने बुनियादी ढांचे से नए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्थानान्तरित करने के दौरान उत्पन्न हुई है। तथा सिस्टम को जल्द से जल्द स्थिर व सुचारू बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

## 23 को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेर्नाइजेशन के तत्वाधान में होगा मेघा जॉब फेयर

**बाराबंकी।** जनपद का कोई भी युवा अब बेरोजगार न रहे इसी सोच को लेकर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेर्नाइजेशन (जीटो) लखनऊ मे मेघा जॉब फेयर आयोजित करेगा। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुये को-कन्वेनर नेहा जैन ने बताया कि आगामी 23 मई को लखनऊ यूनिवर्सिटी के मालवीय सभागार में मेघा जॉब फेयर आयोजित होगा। जिसमे 50 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेगी। जिसमें सेल्स, अकाउंट, बैक आफिस, बी-टेक, बीई, टेली कालर जैसे अनेकों रोजगार उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मौजूद होगे। कन्वेनर धीरज जैन ने बताया कि जॉब फेयर जीटो लखनऊ के चीफ सेक्रेटरी अभिषेक जैन के दिशा निर्देश में आयोजित होगा। जनपद के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। जहां बिना किसी परेशानी के आसानी से जॉब प्राप्त की जा सकती है।

## बार चुनाव 2026! प्रत्याशियों ने जनसंपर्क कर प्रचार किया तेज



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2026 में ज्यो-ज्यों दिन कम होते जा रहे है। तो वही प्रत्याशियों द्वारा प्रचार में तेजी लाई जा रही है। बार एसोसिएशन का चुनाव 21 मई कों मतदान, 22 को मतगणना होनी है। जिसको लेकर अध्यक्ष पद प्रत्याशी अशोक कुमार वर्मा व उनके समर्थको द्वारा सिविल कोर्ट, कलेक्टेज्ट परिसर मे जनसम्पर्क कर अधिवक्ताओ को पम्पलेंट सौप अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# भूमि का मुआवजा न मिलने पर सड़क की जुताई करेंगे किसानः घनश्याम वर्मा

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** किसान मसीहा भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि जल,जंगल,जमीन,पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के अवसर पर 84 कोसी परिक्रमा मार्ग में जा रही जमीनों को बचाने का आंदोलन करके ग्राम मंझनपुर में मनाया गया और चैधरी टिकैत को पुष्पांजलि अर्पित की गई। चैधरी टिकैत के 15वीं पुण्यतिथि जल जंगल जमीन पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है जनपद अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग में जा रही जमीनों को बचाने,गजट से अधिक ली जा रही जमीनों का मुआवजा वर्तमान दर से दिलाने, बिना गजट की भूमियों पर बनाई गई सड़क की फसल का मुआवजा दिलाने, गांव के सामने अंडरपास बनाने की मांग को लेकर महापंचायत करके मनाया गया।

किसान महापंचायत में उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर, क्षेत्राधिकारी पुलिस मिल्कीपुर, परियोजना निदेशक, इंस्पेक्टर खण्डासा पहुंच कर बिन्दुवार वार्ता करके समस्याओं के समाधान का प्रयास किया भारतीय किसान यूनियन नेताओं ने मांग किया की गाटा संख्या 255 जिसमें मात्र 25 ईयर का गजट किया गया है परंतु वास्तविक रूप से 272 ईयर जमीन ली जा रही है अर्थात गजट से 247 ईयर जमीन ज्यादा लिया गया है जिसका मुआवजा नहीं दिया गया है भाकियू नेताओं ने कहा कि कार्यदाई संस्था ने जबरदस्ती जमीन पर कब्जा किया है इसलिए कार्यदाई संस्था पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाए या दो वर्षों की फसल की क्षतिपूर्ति धनराशि दिलाई जाए अन्यथा बनी हुई सड़क को जुताई करके खेती की जाएगी जिसपर काफी मान मनोबल के बाद यह तय हुआ कि जब तक पुनः गजट करके जमीन का मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक सड़क पर कार्य नहीं किया जाएगा। उप जिलाधिकारी के आग्रह पर भाकियू नेताओं ने 8 जून तक का समय प्रशासन को दिया है 8 जून के पहले यदि किसानों को मुआवजा नहीं मिल जाता तो सड़क की जुताई कर दी जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने चै० महेंद्र सिंह टिकैत जी के द्वारा भारत के किसानों के हित में किए गए आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि चैधरी टिकैत ने देश के किसानों को आंदोलन करके स्वाभिमान से जीना सिखाया। जिसको भारत का किसान याद रखेगा।

# रामकोट व कटरा में बन रही मैकेनाइज्ड स्मार्ट पार्किंग का डीएम ने किया निरीक्षण



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में श्री राम मंदिर के समीप स्थित रामकोट एवं कटरा क्षेत्र में निमार्णाधीन मैकेनाइज्ड स्मार्ट पार्किंग परियोजना का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 65 करोड़ रुपये की लागत से विकसित की जा रही इस अत्याधुनिक पार्किंग परियोजना में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था को अत्याधुनिक तकनीक एवं स्मार्ट सुविधाओं से युक्त बनाया जाए। निमार्णाधीन स्मार्ट पार्किंग में कार पार्किंग, डॉरमेट्री, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पब्लिक टॉयलेट, सिक्योरिटी गार्ड रूम, सर्विस रूम, पंप रूम, फायर एवं डोमेस्टिक सुविधाओं के साथ कार्यालय संबंधी व्यवस्थाएं भी विकसित की जा रही हैं। यह परियोजना श्रद्धालुओं के लिए सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रेजिडेंसी श्री अरविंद कुमार एवं लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड-2 के अधिशासी अभियंता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाकियू संस्थापक बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 15वी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर



**बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन संस्थापक बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 15वी पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओ ने किसान मसीहा की याद में रक्तदान शिविर, हवन पूजन, वृक्षारोपण सहित विविध सामाजिक कार्यक्रमों आयोजित किये। इसी क्रम मे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर मे 20 किसानों अजित कुमार, नफीस मलिक, अजीत सूरतगंज, सत्यप्रकाश, जितेंद्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, बाबादीन, डॉ0 अनिल कुमार, इंद्रपाल, सीताराम, गुडडू, संजय कुमार, अरविंद कुमार, लवकुश, प्रमोद कुमार, सूरज कुमार, दुर्विजय सिंह ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। तो वही ग्राम फतहाबाद स्थित टिकैत प्रतिमा पर हवन पूजन कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद कर पुष्प अर्पित किये गये। तो वही ब्लॉक बनीकोडर, हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज, सिद्धौर में कार्यकताओं ने आम, नीम, अमरूद के पौधे रोपित किया गया। इस मौके पर युवा विंग जिलाध्यक्ष फैसल मलिक, अनिल वर्मा, उत्तम सिंह, अनुपम वर्मा, सतीश वर्मा रिन्कू, बलराम यादव, ओम प्रकाश, शिव नरायन सिंह, शारदा बक्श सिंह, डॉ0 राम सजीवन, संजय रस्तोगी, नौमिलाल, बाबादीन, राम मदन, रामानन्द, रईस अहमद, राजेश वर्मा, विशेष वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला बार वार्षिक चुनाव 2026 में नामांकन पत्रों की जांच व वापसी प्रक्रिया संपन्न

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 2026 नामाकंन पत्रो की जांच व वापसी प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी जुबेर अहमद अंसारी, चुनाव अधिकारी मुचकुन्द वर्मा, अपर चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश निगम, मुईनुद्दीन अहमद, शिवशंकर मेहरोत्रा, सहायक चुनाव अधिकारी अजय श्रीवास्तव, मुरलीधर द्विवेदी, चुनाव व्यवस्थापक उमाकांत द्विवेदी, दिनेश सिंह, मनोज सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिंह भदौरिया की देख-रेख मे सम्पन्न हुई। जंहा प्रत्याशियो के नामाकन पत्रो की गहनता से जांच करते हुये 80 वैध प्रत्याशियो की क्रमानुसार सूची जारी की गई। सहायक चुनाव अधिकारी ने बताया कि बीती 13 अप्रैल को 38 व 14 मई 2026 को 42 नामांकन पत्र दाखिल हुये थे। जिसके बाद आज शुक्रवार को नामाकन पत्रो की जांच व वापसी प्रक्रिया चुनाव अधिकारियो की देख-रेख मे वैध प्रत्याशियो की वर्णमाला क्रमानुसार सूची जारी की गई है। 21 मई को मतदान मे 2467 अधिवक्ता अपने मत का प्रयोग करेगे।

- निर्वाचन के लिए वैध प्रत्याशियो की क्रमानुसार जारी हुई सूची

# एसपी ने परेड की सलामी और किया निरीक्षण



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क डामर कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंची ईओ मोहिनी केसरवानी



**बंकी, बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। नगर पंचायत बंकी ई0ओ ने रेलवे क्रासिंग बंकी से मुख्य बाजार होते हुए मोहम्मदपुर तिराहा तक बन रही डामर रोड का गहनता से निरीक्षण कर पायी कमियों को तत्काल सुधारने को लेकर सम्बधित ठेकेदारो को निर्देशित किया।

तथा मुख्य बाजार के लोगों से रोड किनारे अतिक्रमण न करने की अपील भी की। ई0ओ ने कहा रोड पर अतिक्रमण मिलने पर जुर्माना के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्व नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# औषधि निरीक्षक राजिया बानो ने थोक व फुटकर मेडिकलों में की छापेमारी



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** कोडिनयुक्त कफ सिरप एवं नारकोटिक्स औषधि की अवैध ब्रिकी पर अंकुश लगाये जाने को लेकर औषधि निरीक्षक राजिया बानो ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत कुर्सी स्थित विशाल फार्मा, बाबागंज कुर्सी रोड स्थित संजीत मेडिकल स्टोर, बाबाकुटी स्थित कैलाश मेडिकल स्टोर, निंदुरा स्थित सिंह मेडिकल स्टोर, ब्रदर्स मेडिकल एजेंसी, हैदरगढ़ स्थित न्यू साहू मेडिकल स्टोर, कपिल फार्मा एवं साहू मेडिकल हॉल का औचक निरीक्षण कर दवा अभिलेखों, स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस एवं दवाओं की गुणवत्ता, फार्मासिस्ट, कॉम्पीटेन्ट पर्सन की उपस्थिति की जांच की। इस दौरान मेडिकल स्टोर में रखी विक्रयार्थ प्रदर्शित औषधियों में 8 औषधि का नमूना संग्रहित कर जांच एवं विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। तथा 3 प्रतिष्ठानों शिवाय मेडिकल्स, अंशुमान मेडिकल्स, शांति मेडिकल स्टोर बंद मिलने पर कारण बताओ नोटिस व 3 थोक प्रतिष्ठानों सत्यापन निरीक्षण में संचालन न होने पर लाइसेन्स निलम्बन, निरस्तीकरण हेतु सहायक आयुक्त औषधि अयोध्या को प्रेषित किया गया।

- छापेमारी मे 8 औषधि का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा प्रयोगशाला
- 3 प्रतिष्ठान बंद मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी

# अपराध गोष्ठी का किया आयोजन



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन, समस्त थाना/शाखा प्रभारियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश। पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा दपुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक तथा सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा सम्बोधन में कहा गया कि पीड़ितों को शीघ्र और प्रभावी न्याय दिलाने हेतु बेहतर पुलिसिंग आवश्यक है। जिसके दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु रात्रि गश्त को नियमित और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।थानों पर लंबित विवेचनाओं, विशेषकर एससी-एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पॉक्सो एक्ट आदि की समीक्षा करते हुए कार्य योजना बनाकर गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पॉक्सो एक्ट एवं महिला सम्बन्धी अपराधों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने पर विशेष बल दिया गया।मस्त थाना प्रभारियों को जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने तथा ग्राम प्रधानों, आपसी समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# बैडमिंटन कोर्ट के सुदरीकरण कार्य का डीएम ने किया लोकार्पण



**बहराइच।** इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच के बहुउद्देशीय हाल में स्थित बैडमिंटन कोर्ट एवं छत के सौन्दर्यीकरण कार्य का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल की उपस्थिति में सब जूनियर बालिका खिलाड़ी के हाथों फीता कटवाकर लोकार्पण किया गया। डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के आग्रह पर जिलाधिकारी के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र अन्तर्गत विकास शुल्क से कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. निर्माण खण्ड-4, देवीपाटन मण्डल द्वारा बैडमिंटन कोर्ट के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर इन्दिरा स्टेडियम में मौजूद डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज गुप्ता, संरक्षक अशोक मातनहेलिया, वरिष्ठ पदाधिकारी बिपिन चन्द्र अग्रवाल, भागवत शुक्ला, बैडमिंटन संघ के सचिव राकेश सिंह, बैडमिंटन खिलाड़ी राना अनिल सिंह, अनुतोष कमल, अमरेंद्र, लोकेश तोलानी ने डीएम का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि कोर्ट का सौन्दर्यीकरण हो जाने से जिले के खिलाड़ियों विशेषकर युवा खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा इन्दिरा स्टेडियम में खेला इण्डिया के तहत संचालित फुटबाल कैम्प में नियमित आने वाले खिलाड़ियों को किट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ाधिकारी आनन्द श्रीवास्तव द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया गया। लोकार्पण के पश्चात डीएम श्री त्रिपाठी ने इन्दिरा स्टेडियम का भ्रमण कर संचालित किये जा शिविरों तथा खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अन्य अवस्थापनाओं को दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## न्यायालय में आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव ने बताया कि मा. मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में सर्वोच्च न्यायालयों में लंबित वादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने के सम्बन्ध में 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह, 2026 का शुभारम्भ किया गया है।

सहभागी न्याय और न्याय की घर-घर तक पहुँच के विजन को आगे बढ़ाने के लिए, भारत का सर्वोच्च न्यायालय देश भर में मध्यस्थता के माध्यम से निपटारे और विवादों के सामंजस्य के लिए सर्वोच्च न्यायालय की कार्रवाई के तहत 21 अप्रैल प्रारम्भ हुआ समाधान समारोह 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को एक विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ समाप्त होगा।

संक्षेप

## इंडक्शन कुकिंग को गति दे रही स्टोवक्राफ्ट

बेंगलुरु। स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने 31 मार्च, 2026 को खत्म हुई तिमाही एवं वित्त वर्ष में अपने इंडक्शन एवं एनर्जी एफिशिएंट अप्लायंस पोर्टफोलियो में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। कुकिंग को लेकर लोगों की बदलती प्राथमिकता और वैकल्पिक कुकिंग सॉल्यूशंस की बढ़ती स्वीकार्यता से यह वृद्धि हुई है। बीती तिमाही में कंपनी की इंडक्शन कुकटॉप कैटेगरी विकास का प्रमुख कारक बनकर सामने आई है। वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में इस कैटेगरी की वैल्यू ग्रोथ 89.4 प्रतिशत रही। इसी अवधि में वॉल्युम ग्रोथ की तुलना में यह काफी ज्यादा है। यह मजबूत प्रदर्शन एनर्जी एफिशिएंट कुकिंग अप्लायंस को लेकर लोगों की बढ़ती प्राथमिकता को दिखाता है।

## एचडीएफसी लाइफ ने किया 4596 करोड़ का बोनस घोषित

मुंबई। एचडीएफसी लाइफ ने 16 अप्रैल 2026 को आयोजित कंपनी की बोर्ड बैठक में 4,596 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है। कंपनी का यह अब तक घोषित किया गया सबसे बड़ा बोनस है। इसका फायदा 22.2 लाख भागीदार (पार्टिसिपेटिंग) पॉलिसीधारकों को लाभ मिलेगा। यह कंपनी की अपने पॉलिसीधारकों को सर्वोपरि रखने, निरंतर प्रदर्शन और बेहतर वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है। घोषित कुल बोनस में से अनुमानित 3,761 करोड़ रुपए का भुगतान वित्त वर्ष 2026-27 में मैच्योरिटी या सर्वाइवल भुगतान के रूप में किया जाएगा। शेष बोनस पॉलिसीधारकों के खाते में जोड़ा जाएगा। यह पॉलिसी की शर्तों एवं नियमों के अनुसार भविष्य में देय होगा।

## एएएचएल और आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट ने किया समझौता

बंगलुरु। अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) और दुनिया की प्रमुख आतिथ्य कंपनियों में शामिल आईएचजी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने भारत के प्रमुख एयरपोर्ट-लिंक्ड और उच्च-विकास वाले शहरी स्थानों पर पांच होटलों को विकसित करने के लिए एक ऐतिहासिक मैनेज्ड होटल पोर्टफोलियो समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अदाणी ग्रुप हॉस्पिटैलिटी और एयरपोर्ट-केंद्रित शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए विश्व स्तरीय गंतव्यों का निर्माण करना चाहता है, जहां यात्रा, ठहरने और शहरी अनुभवों को भारत के तेजी से बढ़ते एविएशन इकोसिस्टम के साथ सहज रूप से जोड़ा जाए। हम यह प्लेटफॉर्म विश्व स्तर के प्रमुख होटल ब्रांड्स के साथ साझेदारी में बना रहे हैं, जो वैश्विक मानकों, परिचालन उत्कृष्टता और स्केल लाते हैं।

## ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने पेश किया रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज

बंगलुरु। ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज नामक एक नए सांस्कृतिक मंच की शुरूआत की है जिसका उद्देश्य फ्लेवर को केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियों से महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है। ऐसे समय में जब उपभोक्ता अधिक अर्थपूर्ण और प्रीमियम अनुभवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उनकी बदलती पसंद और जीवनशैली को दर्शाते हैं, ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए फ्लेवर को एक नई अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभवों की तलाश में हैं, जो केवल उपयोगिता तक सीमित न होकर अधिक खास, प्रीमियम और अलग महसूस हों।

## चांदी 21600 रुपये टूटी सोना 3200 रुपये लुढ़का

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी का भाव 21,600 रुपये टूटकर 2.75 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गया जबकि सोने की कीमत 3,200 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। मजबूत डॉलर और निवेशकों की भारी मुनाफावसूली से यह गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,200 रुपये यानी 1.93 प्रतिशत टूटकर 1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गया। बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमतें भी 21,600 रुपये यानी 7.3 प्रतिशत टूटकर 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

# सेंसेक्स में 161 अंकों की गिरावट




मुंबई। प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ बंद हुए। धातु, तेल एवं गैस और पीएसयू बैंक शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच निवेशकों में सतर्कता देखी गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार- चढ़ाव के बीच 160.73 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने एक समय करीब 470 अंक तक की बढ़त ले ली थी। लेकिन बाद में बिकवाली के दबाव में यह नीचे आ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 46.10 अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 23,643.50 पर बंद हुआ। इसके साथ ही दो दिनों से जारी तेजी का सिलसिला टूट गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट रही। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और सन फार्मा में बढ़त दर्ज की गई। हाल में आई तेजी के बाद निवेशक सतर्क हो गए हैं। बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल, कमजोर रुपये और ईंधन कीमतों में वृद्धि से मुद्रास्फीति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। चौथी तिमाही के मजबूत नतीजों और आकर्षक मूल्यांकन से कुछ सहारा मिल रहा है, लेकिन निकट भविष्य में बाजार की दिशा वैश्विक घटनाक्रमों और भू-राजनीतिक स्थिति पर निर्भर करेगी। इस बीच, रुपया पहली बार 96 के स्तर के नीचे फिसल गया और डॉलर के मुकाबले 95.94 प्रति डॉलर (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है जबकि सीएनजी कीमतों में दो रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड तीन प्रतिशत से अधिक चढ़कर 109.23 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 187.46 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 684.33 करोड़ रुपये का निवेश किया। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 789.74 अंक चढ़कर 75,398.72 अंक और एनएसई निफ्टी 277 अंक बढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुए थे।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मई को समाप्त सप्ताह में 6.29 अरब डॉलर बढ़कर 696.99 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर पर रहा था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद रुपये पर दबाव बढ़ने से आरबीआई को डॉलर बेचकर बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, आठ मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 56.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 552.39 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.64 अरब डॉलर बढ़कर 120.85 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत का आरक्षित कोष भी 1.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.87 अरब डॉलर पहुंच गया।

## आयकर के आईटीआर-1 एवं आईटीआर- 4 फॉर्म दाखिल करने की ऑनलाइन सुविधा शुरू

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुक्रवार को शुरू कर दी। ये फॉर्म मुख्य रूप से छोटे और मध्यम करदाताओं द्वारा भरे जाते हैं।

आयकर विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटी और ऑनलाइन फाइल करने की सुविधा अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है। इन दोनों फॉर्म को 30 मार्च को अधिसूचित किया गया था। ऑनलाइन फाइलिंग और एक्सेल यूटिलिटी शुरू होने के साथ ही करदाता अब आयकर रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर-1 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जबकि आईटीआर-4 (गैर-ऑडिट मामलों) के लिए यह समयसीमा 31 अगस्त तय की गई है। आईटीआर-1 (सहज) फॉर्म उन निवासी व्यक्तियों के लिए है, जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, ब्याज जैसे अन्य स्रोतों और 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। इसमें 1.25 लाख रुपये तक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की सूचना भी दी जा सकती है।

## रुपया 22 पैसे टूटकर 95.86 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 22 पैसे टूटकर 95.86 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की उंची कीमतों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा है।

कारोबार के दौरान एक समय यह 96 प्रति डॉलर के से नीचे चला गया था। रुपया इस वर्ष अब तक छह प्रतिशत से अधिक टूट चुका है और पिछले छह कारोबारी सत्रों में यह लगभग दो प्रतिशत कमजोर हुआ है। ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के साथ रुपये में गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं, अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन और एआई-आधारित निवेश अवसरों की कमी ने पूंजी प्रवाह पर दबाव डाला है। इसके अलावा, कमजोर शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से भुगतान संतुलन पर दबाव पड़ने की संभावना है, जबकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा रही हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.86 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह पिछले बंद भाव से 50 पैसे टूटकर 96.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अंततः रुपया 95.86 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से इसे कुछ सहारा मिला। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.96 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। हालांकि, अंत में दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.64 पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि कच्चे तेल की उंची कीमतों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के बीच रुपये में गिरावट जारी रहेगी। मजबूत डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक का कोई भी हस्तक्षेप और सोने-चांदी पर आयात शुल्क में बढ़ोतरी निचले स्तरों पर रुपये को सहारा दे सकती है।

## भारत का निर्यात बढ़कर 43.56 अरब डॉलर पर



नयी दिल्ली। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अप्रैल में 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर हो गया।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि अप्रैल में आयात में पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 71.94 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान व्यापार घाटा 28.38 अरब डॉलर रहा। अग्रवाल ने कहा कि पिछले महीने पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात 28 प्रतिशत घटकर 4.16 अरब डॉलर रहा, जबकि अप्रैल 2025 में यह 5.78 अरब डॉलर था। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया से आयात अप्रैल में 31.64 प्रतिशत घटकर 10.47 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 15.32 अरब डॉलर था।

# बट्टेखाते में डाले गये बैंकों के कर्ज निचले स्तर पर




मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की तरफ से बट्टेखाते में डाले गए कर्ज की राशि वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर कई वर्षों के निचले स्तर पर आ गई। कर्ज फंसने के मामलों में कमी और बकाया कर्ज की वसूली में सुधार इसके प्रमुख कारण रहे। सार्वजनिक बैंकों के वित्तीय नतीजों के द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक और इंडियन बैंक सहित अधिकांश बैंकों ने पिछले आठ वर्षों में सबसे कम कर्जों को बट्टेखाते में डाला।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने वित्त वर्ष 2025-26 में 6,330 करोड़ रुपये के कर्ज बट्टेखाते में डाले, जो 2017-18 के बाद सबसे कम है। इसी तरह, बैंक ऑफ इंडिया ने 5,735 करोड़ रुपये बट्टेखाते में डाले जो 2015-16 के बाद न्यूनतम स्तर है। इंडियन बैंक का कर्ज बट्टाखाता 2018-19 के बाद सबसे कम 6,695 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह, इंडियन ओवरसीज बैंक का 1,189 करोड़ रुपये रहा, जो कई वर्षों के निचले स्तर पर है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष में 1,718 करोड़ रुपये के कर्ज बट्टेखाते में डाले, जो 2021-22 के बाद सबसे कम है। आमतौर पर बैंक उन कर्जों को बट्टेखाते में डालते हैं, जिनकी वसूली की संभावना कम होती है और जिनके लिए 100 प्रतिशत वित्तीय प्रावधान करना पड़ता है। कर्ज को बट्टेखाते में डालने से बैंकों का बहीखाता साफ-सुथरा होता है और फंसे कर्ज (एनपीए) का स्तर कम दिखता है। हालांकि, बैंक फंसे कर्ज को बट्टेखाते में डालने के बाद भी वसूली की कोशिश जारी रखते हैं, ताकि बाद में मुनाफे को समर्थन मिले सार्वजनिक बैंकों के बट्टेखाते में डाली गयी कर्ज राशि में कमी की मुख्य वजह नए एनपीए में गिरावट, पुराने फंसे कर्जों में कमी और वसूली में सुधार है। बैंकों ने प्रावधान कवरेज अनुपात भी मजबूत किया है, जिससे बट्टेखाते में डालने की जरूरत घटी है। वित्त मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 31 मार्च 2026 तक पीएसबी का सकल एनपीए अनुपात घटकर 1.93 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 0.39 प्रतिशत रह गया, जो ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर है। इस दौरान फंसे कर्ज की कुल वसूली 86,971 करोड़ रुपये रही। बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, कर्ज वृद्धि और आय में बढ़ोतरी के चलते पीएसबी का शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह लगातार चौथा साल है जब सरकारी बैंकों ने सकल रूप से मुनाफा दर्ज किया।

# भारत और ब्रिटेन इस्पात मुद्दे को सुलझाने के लिए कर रहे है काम

नयी दिल्ली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन के हाल के इस्पात संरक्षण उपाय से उत्पन्न मुद्दों से निपटने के लिए भारत और ब्रिटेन विशिष्ट एवं रचनात्मक समाधान तलाश रहे हैं ताकि प्रस्तावित व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) को जल्द लागू किया जा सके। दोनों देशों ने 24 जुलाई 2025 को इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सचिव ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इसे लागू करने के बहुत करीब हैं। जैसा कि आप जानते हैं, कुछ अड़चनें हैं। ब्रिटेन हाल ही में एक इस्पात उपाय लेकर आया है जिसे भारत-ब्रिटेन समझौते की वार्ता के दौरान ध्यान में नहीं रखा गया था। हम इस इस्पात उपाय पर भी एक विशिष्ट, रचनात्मक समाधान खोजने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि भारत-ब्रिटेन सीईटीए को जल्द लागू किया जा सके। ब्रिटेन एक जुलाई 2026 से शुल्क-मुक्त इस्पात आयात पर सीमा लागू करेगा जिससे कुल कोटा मात्रा इस्पात संरक्षण उपाय की तुलना में 60 प्रतिशत कम हो जाएगी। इन स्तरों से अधिक आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत रद्द की, बरकरार रहेगी सजा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जेल की सजा निलंबित करने और उसे जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को शुक्रवार को रद्द करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा है। इसके साथ ही न्यायालय ने उच्च न्यायालय को दोषसिद्धि के खिलाफ उसकी अपील पर तेजी से दो महीने के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले को पुनर्विचार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के पास वापस भेज दिया और स्पष्ट किया कि यदि अपील पर तुरंत सुनवाई नहीं की जाती है, तो उच्च न्यायालय गर्मी की छुट्टियों की शुरुआत से पहले सजा के निलंबन के लिए सेंगर की याचिका पर नए सिरे से विचार कर सकता है।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश में

नेटवर्क, सिंचाई, रोजगार और सुरक्षा से जोड़ा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को महराजगंज में ?208 करोड़ से अधिक की 79 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं टूलकिट भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा व सहयोगी दलों के विधायक बनने के बाद विधानसभा क्षेत्रों में मंदिरों के सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी गई। पहले जनता के करोड़ों रुपये कब्रिस्तानों की बाउंड्री वॉल पर खर्च होते थे, जबकि अब वही धन मंदिरों में बेहतर सुविधाएं विकसित करने और आम जनता के हित में लगाया जा रहा है। महराजगंज में दिख रहा विकास सही सांसद और विधायक चुनने का परिणाम है। बनेलिया माई के नाम पर रोहिन नदी पर बैराज का निर्माण हो या गोरखपुर से सोनौली तक फोरलेन मार्ग का कायाकल्प, ये सब जनता के एक सही वोट की ताकत से संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले महराजगंज इंसेफेलाइटिस, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, अराजकता, माफियावाद और पलायन की त्रासदी झेल रहा था। दिमागी बुखार मासूम बच्चों की जान ले रहा था, सड़कें गड्ढों में तब्दील थीं, बिजली व्यवस्था चरमराई हुई थी, गरीबों की जमीनों पर कब्जे आम थे और किसान, नौजवान व बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस करते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार बनने के बाद महराजगंज की तस्वीर बदल गई। इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण हुआ, मेडिकल कॉलेज संचालित हुआ, नौतनवा, फरेंदा, चौक, सिसवा, श्यामदेउरवा, घुघली और पनियरा बेहतर सड़क नेटवर्क से जुड़ गए तथा गोरखपुर-सोनौली फोरलेन बनने से यात्रा समय दो घंटे से घटकर 45-50 मिनट रह जाएगा। वनटांगिया गांवों को पट्टा, मतदाता पहचान और सरकारी योजनाओं से जोड़कर सम्मानजनक जीवन देने का काम भी डबल इंजन सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महराजगंज अब शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिले में मेडिकल कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक और अन्य शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना हो चुकी है, जबकि स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए नए उद्योगों और बंद चीनी मिलों को नई कार्ययोजना के साथ पुनः शुरू करने की तैयारी है। महराजगंज, कुशीनगर और सिद्धार्थनगर से इंसेफेलाइटिस जैसी घातक बीमारी पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और केवल बीमारी ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश का बीमारू टैग भी हट गया है। उत्तर प्रदेश देश के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है, जिसे आगे बढ़ने से अब कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों की पीड़ा को कभी नहीं समझा, जबकि डबल इंजन सरकार हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनके जीवन में बदलाव ला रही है। महराजगंज के सैकड़ों नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए हैं और किसान सिंचाई, बीज, ट्रैक्टर, उन्नत खेती तथा सरकारी क्रय केंद्रों का लाभ उठा रहे हैं। माफिया का आतंक समाप्त हो चुका है, गरीबों की जमीनों पर कब्जा नहीं हो सकता, बेटियां सुरक्षित हैं और किसी में भी गोहत्या या जबरन अत्याचार करने का दुस्साहस नहीं बचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदियों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण हुआ है। महराजगंज के हजारों नौजवान, महिलाएं, किसान, व्यापारी और बुजुर्ग भी राममंदिर आंदोलन में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। 492 वर्ष बाद मंदिर का शिलान्यास हुआ और 496 वर्ष बाद प्रधानमंत्री के कर-कमलों से अयोध्या में रामलला विराजमान हुए।

### हाईकोर्ट ने

न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी ने इस मामले से संबंधित पांच याचिकाओं और एक रिट अपील पर पुरातात्विक व ऐतिहासिक तथ्यों, एएसआई की अधिसूचनाओं व उसके वैज्ञानिक सर्वेक्षण और कानूनी प्रावधानों की रोशनी में फैसला सुनाया।

उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में अयोध्या के राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद के मुकदमे में शीर्ष अदालत के फैसले में निर्धारित सिद्धांतों का भी उल्लेख किया। खंडपीठ ने सामाजिक संगठन हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस और कुलदीप तिवारी व अन्य लोगों की दायर दो अलग-अलग जनहित याचिकाएं मंजूर करते कहा, भोजशाला परिसर और कमाल मौला मस्जिद के विवादित क्षेत्र का धार्मिक स्वरूप वाग्देवी (सरस्वती) के मंदिर वाली भोजशाला के रूप में तय किया जाता है। खंडपीठ ने पाया कि इस स्थल पर हिंदू पूजा-अर्चना की निरंतरता कभी समाप्त नहीं हुई है, भले ही समय के साथ इसे विनियमित किया गया हो। अदालत ने कहा हम इस निष्कर्ष को दर्ज करते हैं कि ऐतिहासिक साहित्य ने स्थापित किया है कि विवादित क्षेत्र का स्वरूप भोजशाला के रूप में था जो परमार वंश के राजा भोज से जुड़ा संस्कृत अध्ययन केंद्र था और राजा भोज के काल से संबंधित संदर्भों सहित साहित्य और स्थापत्य-संबंधी संदर्भ संकेत देते हैं कि धार में देवी सरस्वती को समर्पित एक मंदिर विद्यमान था। हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ताओं ने लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में रखी वाग्देवी की प्रतिमा को भारत वापस लाने और उसे भोजशाला परिसर के भीतर पुनः स्थापित करने की गुहार भी की थी।

इस पर अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने भारत सरकार के समक्ष पहले ही इस बारे में कई अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं और सरकार इन पर विचार कर सकती है। उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि भारत सरकार और एएसआई भोजशाला मंदिर और इसमें संस्कृत शिक्षा के मामलों के प्रशासन और प्रबंधन के संबंध में निर्णय लेंगे और एएसआई कानूनी प्रावधानों के मुताबिक इस संपत्ति का समग्र प्रशासन और प्रबंधन जारी रखेगा। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि एएसआई का इस परिसर में धार्मिक पहुंच के परिरक्षण, संरक्षण और विनियमन पर पूर्ण पर्यवेक्षी नियंत्रण होगा। अदालत ने यह भी कहा कि हर सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह पुराने स्मारकों व इमारतों, पुरातात्विक तथा ऐतिहासिक महत्व के मंदिरों, गर्भगृहों और देवी-देवताओं से जुड़े आध्यात्मिक महत्व वाले स्थलों का संरक्षण सुनिश्चित करे। उच्च न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान हिंदू, मुस्लिम और जैन समुदायों के याचिकाकर्ताओं ने विस्तृत दलीलें पेश की थीं और विवादित स्मारक में अपने-अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का विशेष अधिकार मांगा था।

### शीर्ष अदालत

और इसकी रिपोर्ट त्रुटिपूर्ण थी तथा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में मुख्य रूप से इस रिपोर्ट पर भरोसा किया है। वारसी ने यह भी कहा कि विवादित तथ्यों वाले इस मामले का निपटारा संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत नहीं किया जाना चाहिए था और इसे दीवानी अदालत भेजा जाना चाहिए था। यह अनुच्छेद उच्च न्यायालयों को लोगों के मौलिक अधिकारों और अन्य कानूनी अधिकारों के मामलों में अलग-अलग रिट (औपचारिक आदेश) जारी करने की शक्ति देता है।

### नीट-यूजी

तौर पर यादव को 500 से 600 प्रश्न उपलब्ध कराए थे, ताकि अच्छे मेडिकल कॉलेज में दाखिले लायक अंक सुनिश्चित किए जा सकें। अधिकारियों के मुताबिक, मंगलीलाल बिवाल ने कथित तौर पर यादव से प्रश्नपत्र हासिल किया। यादव, राजस्थान के सीकर में नीट कोचिंग के दौरान उसके बड़े बेटे विकास बिवाल का परिचित था।

### 21 जून

प्रक्रिया आठ मई को शुरू हुई तथा आठ, नौ, 10 और 11 मई तक जारी रही। स्पष्टता मिली और यह पुष्टि हो गई कि प्रश्न पत्र लीक हो चुके हैं, तो हमने 12 मई को छात्रों के हित में यह (परीक्षा रद्द करने का) निर्णय लिया।

उन्होंने कहा, तत्काल चर्चा हुई और एनटीए तथा सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के साथ मिलकर प्रारंभिक जांच शुरू की। इसके बाद मामला भारत सरकार की संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया गया।

### अनियमितता पर

की प्रक्रिया को और अधिक सख्त बनाया गया है। योगी सरकार द्वारा अस्पताल इम्पैनलमेंट मॉड्यूल (एचईएम) पोर्टल के माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों का सत्यापन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के लिए 35 महत्वपूर्ण मानकों को पूरा करना अनिवार्य किया गया है। इनमें अस्पताल का पंजीकरण प्रमाणपत्र, फायर सेफ्टी एनओसी, आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, चिकित्सकों की शैक्षणिक योग्यता, एचएफआर पंजीकरण सहित अन्य जरूरी दस्तावेज और व्यवस्थाएं शामिल हैं। सीईओ ने बताया कि नेशनल हेल्थ अथॉरिटी और स्टेट हेल्थ एजेंसी की ओर से ई-मेल, दूरभाष, संदेश, पत्राचार और वर्चुअल बैठकों के माध्यम से अस्पतालों को हर स्तर पर सहायता दी गई। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि अब तक 95 प्रतिशत से अधिक अस्पताल सफलतापूर्वक एचईएम 2.0 पोर्टल पर माइग्रेट हो चुके हैं। हालांकि, कुछ निजी अस्पतालों ने निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं की। योगी सरकार की ओर से उन्हें कई बार अवसर दिए गए, लेकिन इसके बावजूद करीब 200 निजी चिकित्सालयों ने मानकों के अनुरूप प्रक्रिया पूरी नहीं की।

### विकास योजनाओं

धार्मिक धरोहरों के संरक्षण पर भी सकारात्मक विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्य निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के सुझाव सरकार की नीतियों को अधिक व्यावहारिक और जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### पेट्रोल और

कि राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गई है। डीजल अब 87.67 रुपये के मुकाबले 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। दरें राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) के अंतर के कारण अलग-अलग होती हैं। दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 79.09 रुपये प्रति किलोग्राम और मुंबई में 84 रुपये प्रति किलोग्राम है। हालांकि, घरों में खाना पकाने के लिए पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमले के बाद और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद से 50 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

### लखनऊ

और मानव अनुकूल एआई के माध्यम से ही समावेशी विकास और भरोसेमंद तकनीकी भविष्य का निर्माण संभव है। एनआईएचआईटी प्लेटफॉर्म इंडिया-यूएस सीईओ फोरम के तहत संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे इनमोबी, मास्टर कार्ड और टाटा संस का समर्थन प्राप्त है।

### अंतरराष्ट्रीय

दिया गया है और वे जांच में शामिल हो गए हैं। लुधियाना के साइबर अपराध पुलिस थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं और आयकर अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।




# लखनऊ ने सीएसके को 7 विकेट से हराया

## एलएसजी के लिए आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट झटके

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से बुरी तरह से रौंद दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए उरङ ने 188 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे लखनऊ ने 16.4 ओवर में हासिल कर लिया। पूरने ने चार गेंदों में चार छक्के जड़कर मैच खत्म किया।

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) कार्तिक शर्मा (71 रन) के अर्धशतक के बावजूद शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊसुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पांच विकेट पर 187 रन ही बना सकी। एलएसजी के लिए आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट झटके। मोहम्मद शमी और शाहबाज अहमद को एक एक विकेट मिला। सीएसके के लिए कार्तिक ने 42 गेंद की पारी के दौरान छह चौके और पांच छक्के लगाए। टीम के लिए शिवम दुबे ने नाबाद 32 रन और डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 रन का योगदान दिया। सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की पारी शुरू हो गई है। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श के साथ जोश इंग्लिस उतरे हैं। इंग्लिस इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं। सीएसके के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की पारी शुरू हो गई है। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श के साथ जोश इंग्लिस उतरे हैं। इंग्लिस इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं।



चेन्नई ने लखनऊ को 188 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने कार्तिक शर्मा की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाए। वहीं, लखनऊ के लिए आकाश सिंह ने तीन विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी और शाहबाज अहमद ने एक-एक सफलता अपने नाम की। चेन्नई को पांचवां झटका शाहबाज ने दिया। उन्होंने कार्तिक को मार्करम के हाथों कैच कराया। वह 42 गेंदों में 71 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे और प्रशांत वीर फिलहाल क्रीज पर मौजूद हैं। चेन्नई को चौथा झटका मोहम्मद शमी ने दिया। उन्होंने आकाश सिंह के हाथों ब्रेविस को कैच कराया। वह 16 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए और उन्होंने कार्तिक शर्मा के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी निभाई। कार्तिक शर्मा ने 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह डेवाल्ड ब्रेविस के साथ चौथे विकेट के लिए 60 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं।

# अनुशासन और निरंतरता आज के खेल की जरूरत: शोर्ड मारिन

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी आगामी टूर्नामेंटों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए पूरे अनुशासन के साथ खेलें। भारतीय टीम ने विश्व में नंबर दो टीम अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेली। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने जोरदार वापसी करते हुए अंतिम दो मैच (शूटआउट सहित) जीतकर सीरीज बराबर की।



भारत अगले महीने न्यूजीलैंड में होने वाले एफआईएच नेशंस कप की तैयारियों के तहत 21 मई से तीन जून तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा, जहां वह चार मैचों की श्रृंखला खेलेगा। नेशंस कप की विजेता टीम एलीट एफआईएच प्रो लीग के लिए क्वालीफाई करेंगी। नेशंस कप 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने सभी चार मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेलेगी। पिछले साल प्रो लीग से बाहर होने के बाद भारत को इसमें दोबारा प्रवेश पाने के लिए टूर्नामेंट जीतना जरूरी है। इस साल के शुरू में दूसरी बार भारतीय टीम की कमान संभालने वाले मारिन ने कहा, जनवरी में जब मैंने कार्यभार संभाला तो मेरा पहला काम खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर था। हमारे लगभग 14 खिलाड़ी चोटिल थे। इसके अलावा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण था। इससे बाकी चीजों पर ध्यान देने का समय नहीं मिला। हमने इसके बाद अर्जेंटीना का भी अच्छा दौरा किया। मारिन ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित ऑनलाइन संवाद में कहा, अर्जेंटीना विश्व में दूसरे नंबर की टीम है और इससे हमें विश्व हॉकी के मानदंडों का पता चला। उसके बाद हमने अभ्यास शिविर में फिटनेस पर काम किया। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया दौरे और नेशंस कप में मैं जो सबसे महत्वपूर्ण चीज हासिल करना चाहता हूं, वह है पूरे अनुशासन के साथ खेलना और अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना। अगर हम प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखते हैं तो हमारा स्तर काफी ऊंचा हो जाएगा। उन्होंने विश्व स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन और टीम संस्कृति पर भी जोर दिया। मारिन ने कहा, खेल की समझ भी महत्वपूर्ण है। मुझे अनुशासन पसंद है। यह मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है। हमें टीम संस्कृति पर भी ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने भी कहा कि विश्व स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन बहुत अधिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा, खिलाड़ी फिटनेस पर वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम फिटनेस का महत्व जानते हैं अगर हम फिट हैं तो हम किसी भी टीम को हरा सकते हैं। इसके अलावा अनुशासन भी जरूरी है।

संक्षेप

## रियाल मैड्रिड के कोच ने चौथी पसंद का स्ट्राइकर बना दिया

मैड्रिड। काइलिन एमबाप्पे गुरुवार को रियाल मैड्रिड के ओविएडो के खिलाफ स्पेनिश लीग फुटबॉल मैच में शुरुआती लाइनअप में जगह न मिलने के बाद कहा कि कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने उनसे कहा कि वह टीम के चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। अर्बेलोआ ने हालांकि एमबाप्पे की बात पर हैरानी जताई और कहा कि उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं की थी और वह नहीं जानते कि फ्रांस के इस फुटबॉलर को ऐसा क्यों लग रहा है। एमबाप्पे बाएं पांव में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से परेशान थे लेकिन उन्होंने कहा कि वह ओविएडो के खिलाफ शुरू से खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन अर्बेलोआ ने उन्हें मौका नहीं दिया। मैं पूरी तरह से फिट हूं लेकिन मैं इसलिए नहीं खेला क्योंकि कोच ने मुझसे कहा कि मैं टीम में (फ्रेंको) मास्टांटुओनो, विनी (विनीसियस जूनियर) और गोंज़ालो (गार्सिया) के बाद चौथी पसंद का स्ट्राइकर हूं। मैं इसे स्वीकार करता हूं। मैं शुरुआती लाइनअप में खेलने के लिए तैयार था, यह उनका फैसला था। आप कोच से नाराज़ नहीं हो सकते, आपको हमेशा कोच की राय का सम्मान करना चाहिए। मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा और शुरुआती लाइनअप में जगह बनाने का इंतज़ार करूंगा। अर्बेलोआ ने बाद में कहा कि उन्होंने एमबाप्पे से कभी नहीं कहा कि वह टीम में चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। मेरे पास चार स्ट्राइकर नहीं हैं और मैंने एमबाप्पे को ऐसा कुछ नहीं कहा। मुझे लगता है कि वह मेरी बात को सही तरह से नहीं समझ पाए। मैं उन्हें कभी यह नहीं कह सकता कि वह चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं।

## सिंधू थाईलैंड ओपन से बाहर

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुक्रवार को यहां थाईलैंड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में एक गेम की बढ़त बनाने के बावजूद जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से हार गईं। सिंधू 5,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि के सुपर 500 टूर्नामेंट के एक घंटे से ज्यादा समय तक चले महिला एकल क्वार्टरफाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची से 21-19, 18-21, 15-21 से हार गईं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीय सिंधू बृहस्पतिवार को डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 21-13, 21-15 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंची थीं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन के अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी दिन में बाद में क्रमशः पुरुष एकल और पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में खेलेगी।

# हार्दिक चोटिल हैं, केकेआर के खिलाफ अगले मैच में वापसी कर सकते हैं: शार्दुल ठाकुर

धर्मशाला। मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कप्तान हार्दिक पंड्या के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को भी खारिज करते हुए साफ किया कि वह चोटिल होने के कारण पिछले तीन मैच में नहीं खेल पाए तथा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अगले मैच में वापसी कर सकते हैं।



हार्दिक मुंबई की टीम के साथ धर्मशाला नहीं गए थे जहां उनकी टीम ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। सूर्यकुमार यादव भी अपने बच्चे के जन्म के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे और इसलिए जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की। वह इस सत्र में टीम के तीसरे कप्तान थे। ठाकुर ने पत्रकारों से कहा, हार्दिक चोटिल है और इसलिए वह पिछले कुछ मैच में नहीं खेल पाए। हार्दिक पीठ दर्द के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ भी मैच में नहीं खेल पाए थे। ठाकुर ने कहा, वह रायपुर (10 मई को आरसीबी के मैच के लिए) गए थे, लेकिन खेल नहीं पाए। वह अभी मुंबई में अभ्यास कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वह कोलकाता (20 मई को ईडन गार्डन्स) में खेलेंगे। उनके जैसे खिलाड़ियों की कमी हमें हमेशा खलती है। मुंबई इंडियंस की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। हार्दिक का इस दौरान प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और इसलिए फ्रेंचाइजी के साथ उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। ठाकुर ने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं चल रही हैं, कुछ सही हैं, कुछ गलत। लेकिन उनके धर्मशाला नहीं आने का फैसला टीम प्रबंधन ने किया था। पंजाब किंग्स के खिलाफ ठाकुर ने 39 रन देकर चार विकेट लिए और मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाई। ठाकुर ने कहा कि मुझे लगता है कि बुमराह के साथ मेरा तालमेल अच्छा है। हमने काफी बातचीत की है। मुझे अन्य गेंदबाजों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से वह अपने विचार साझा करने में कभी संकोच नहीं करते।

# मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह जगह मेरे लिए नहीं है: कोहली

नयी दिल्ली। विराट कोहली को अब भी क्रिकेट से इतना लगाव है कि वह अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने स्पष्ट किया कि अगर किसी विशेष माहौल में उनकी योग्यता पर लगातार सवाल उठाए जाते हैं, तो उन्हें यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी कि वह जगह उनके लिए नहीं बनी है।



इस 37 वर्षीय सुपरस्टार ने अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पॉडकास्ट पर कहा कि उन्हें अपने महत्व को लेकर किए जा रहे आकलन में लगातार बदलाव से नफरत है। कोहली ने कहा कि मैं हमेशा तैयार रहता हूं क्योंकि यही मेरी रोजमर्रा की जिंदगी है। मैं कसरत करता हूं, हम घर पर अच्छा खाना खाते हैं। मुझे इस तरह जीना पसंद है। यह केवल क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं है। मेरा कहने का मतलब है कि 2027 के विश्व कप को लेकर होने वाली बातें और बाकी सब। मुझे कई बार पूछा गया है कि क्या आप 2027 में खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मुझे इसका जवाब पता है और अगर मैं खेल रहा हूं तो फिर मैं क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं। भारत के लिए विश्व कप खेलना शानदार है। कोहली ने कहा, मेरा नजरिया बिल्कुल स्पष्ट है। मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं उसमें कुछ योगदान दे सकता हूं और टीम को भी लगता है कि मैं योगदान दे सकता हूं, तो मैं खेलता रहूंगा। अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करने की जरूरत महसूस कराई जाती है तो मैं उस माहौल में नहीं रह सकता। कोहली 2024 में टी20 अंतरराष्ट्रीय और 2025 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब केवल वनडे में खेलते हैं। पिछले कुछ वर्षों से बहुत कम वनडे मैच खेले जा रहे हैं जिससे कोहली कम अवसरों पर ही भारत का प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कोहली और एक अन्य स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा के टीम का हिस्सा बनने की उनकी इच्छा के बावजूद उनके भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है।

कोहली ने कहा कि जब तक टीम को उनकी जरूरत होगी, वह टीम के साथ बने रहेंगे।

उन्होंने कहा, मैं अपनी तैयारियों के प्रति ईमानदार हूं, मैं खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के प्रति ईमानदार हूं। मैं पूरी लगन से मेहनत करता हूं। जब मैं खेलने के लिए जाता हूं तो मैं दूसरों से कम नहीं बल्कि उनसे भी ज्यादा मेहनत करता हूं और सही तरीके से खेलता हूं। कोहली ने खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में कहा कि वह हमेशा कड़ी मेहनत के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा, मैं इसी तरह से तैयारी करता हूं। मैं 50 ओवर तक फील्डिंग करने के लिए तैयार हूं। इस तरह से खेलने के बाद भी अगर मुझे अपनी काबिलियत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह जगह मेरे लिए नहीं है। कोहली ने 2025-26 सत्र के दौरान दो दशकों के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का उदाहरण दिया। उन्होंने दिल्ली के लिए दो मैच खेले और उनमें से एक में शतक लगाने के साथ-साथ लिस्ट ए में सबसे कम पारियों में 16,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने। मैं तब स्पष्ट सोच के साथ वहां गया था कि मुझे वहां किसी को कुछ साबित नहीं करना है।

## भारतीय महिला टीम ने वुशु विश्व कप में दो स्वर्ण के साथ दबदबा कायम किया



मकाऊ। भारतीय वुशु टीम ने 11वें सांडा विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

महिला खिलाड़ियों के छह सदस्यीय दल में इन दोनों स्वर्ण पदकों को जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। सीमा सुरक्षा बल की एथलीट शिवानी ने महिला 75 किलोग्राम वर्ग में अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए रूस की प्रतिद्वंद्वी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। अपर्णा ने भी 52 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। इन दोनों खिलाड़ियों ने इससे पहले ब्राजील में आयोजित विश्व वुशु चैंपियनशिप में रजत पदक जीते थे, लेकिन इस बार उन्होंने अपने पिछले रजत पदक को सांडा विश्व कप में स्वर्ण पदक में बदलकर उल्लेखनीय सुधार दिखाया। भारतीय वायु सेना के एथलीट कुशल कुमार ने 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में चीन के प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एसएसबी की करीना कौशिक और आईटीबीपी के सागर धैया ने कांस्य पदक जीतकर भारत के कुल पदकों की संख्या पांच कर दी। भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को बधाई दी।

# केकेआर उम्मीद जीवंत बनाये रखने उतरेगा, गुजरात टाइटंस की नजर शीर्ष दो में जगह बनाने पर

कोलकाता। लगभग एक महीने के बाद अपने घरेलू मैदान पर वापसी करने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शीर्ष दो में जगह बनाने की कवायद में लगी गुजरात टाइटंस का सामना करेगी।



अनुभवी अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल की तरह इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है जिससे उन्हें फिर से कप्तान नियुक्त करने के फैसले पर सवाल उठने लग गए हैं। केकेआर को मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत के लिए सातवें मैच (आधे चरण) तक इंतजार करना पड़ा था। वह इस दौरान एक संतुलित टीम संयोजन तैयार करने में नाकाम रहा। केकेआर ने इसके बाद लगातार चार मैच जीते लेकिन पिछले मैच में विराट कोहली के शानदार शतक के कारण उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर के अब तीन मैच बचे हैं और अगर वह सभी मैच जीत जाता है तो अधिकतम 15 अंक तक पहुंच पाएगा। इसके बावजूद उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं हो पाएगी और इसके लिए उसे अगर मगर के समीकरणों से गुजरना होगा। एक और हार से उसकी आगे बढ़ने की संभावना खत्म हो जाएगी। केकेआर की लगातार चार मैचों में जीत का श्रेय काफी हद तक सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी को जाता है जबकि उपकप्तान रिंकू सिंह ने भी निरंतर योगदान दिया है। चक्रवर्ती बाएं पैर में चोट लगने के कारण आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल पाए थे जो टीम को महंगा पड़ा। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने उनकी वापसी के संकेत दिए हैं जो टीम के लिए अच्छी खबर है। केकेआर की बल्लेबाजी में पूरे सत्र में निरंतरता का अभाव रहा है। उसके बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी रिंकू को निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सवाल उठाए थे। युवा खिलाड़ी अंगकृष रघुवंशी 139.44 के स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों सहित 340 रन बनाकर केकेआर के कुछ सफल खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, जबकि रिंकू ने दो अर्धशतकों के साथ 148.95 के स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं। केकेआर के शेष घरेलू मैचों में गुजरात टाइटंस, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इन दोनों खिलाड़ियों की भूमिका अहम होगी। इसके विपरीत शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस का इस सत्र में अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा है। उसके शीर्ष पर काबिज आरसीबी के समान 16 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर है। गुजरात के इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक उसके गेंदबाजों को जाता है। उसकी तरफ से कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और जेसन होल्डर ने तेज गेंदबाजी विभाग अच्छी तरह से संभाला है जबकि स्टार स्पिनर राशिद खान ने मानो अपना पुराना जादू फिर से हासिल कर लिया है। बल्लेबाजी में उसके शीर्ष क्रम में गिल और साई सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन किया है। पिछले साल टूर्नामेंट में सर्वाधिक 759 रन बनाने वाले सुदर्शन इस बार भी अभी तक 501 रन बना चुके हैं। वह अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर काबिज हेनरिक क्लासेन से सिर्फ सात रन पीछे हैं। उन्होंने अपनी पिछली छह पारियों में पांच अर्धशतक लगाए हैं, जिनमें एक शतक भी शामिल है। गिल भी बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं, वहीं वाशिंगटन सुंदर ने मध्य क्रम में अच्छी भूमिका निभाई है। गुजरात को अगर शीर्ष दो में जगह बनानी है तो उसके इन प्रमुख खिलाड़ियों को अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना होगा।

**टीम इस प्रकार हैं:**

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, राहुल त्रिपाठी, फिन एलन, तेजस्वी सिंह, टिम सीफर्ट, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, कैमरन ग्रीन, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, नवदीप सैनी, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, मथीशा पथिराना, कार्तिक त्यागी, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, प्रशांत सोलंकी।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, अरशद खान, अशोक शर्मा, जोस बटलर, कॉनर एस्टरहुइज़न, गुरनूर बरार, जेसन होल्डर, कुलवंत खेजरोलिया, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, राशिद खान, साई किशोर, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, इशांत शर्मा, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, ल्यूक वुड, जयन्त यादव। मैच शुरू होने का समय: भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे।

# भारत के रक्षा इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

## राजनाथ सिंह ने आंध्र प्रदेश में लड़ाकू विमान अवसरंचना परियोजना की आधारशिला रखी

पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को श्री सत्य साई जिले में यहां लगभग 16,000 करोड़ रुपये की लागत वाली लड़ाकू विमान अवसंरचना परियोजना की आधारशिला रखी।

सिंह ने कहा कि यह भारत के रक्षा इतिहास में एक ऐतिहासिक अध्याय है। उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश में एक नए युग की शुरुआत हो रही है। सिंह और नायडू ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम अवसंरचना की आधारशिला रखी। रक्षा मंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज आंध्र प्रदेश के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत हो रही है और भारत के रक्षा इतिहास में एक ऐतिहासिक अध्याय लिखा जा रहा है। आज के शिलान्यास समारोह में चार बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत हो रही है। इनके अलावा आठ ड्रोन कंपनियां भी कुरनूल में ड्रोन सिटी की शुरुआत कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि आज दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे कठिन समय में यदि हम अपनी ताकत के दम पर खड़े हो सकते हैं, तो हम मजबूती से अपनी रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब भी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अन्य देशों पर निर्भर है और इसी कारण आज शुरू हो रही परियोजनाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि पुट्टपर्थी में शुरू की जा रही परियोजना का विकास वैमानिक विकास अभिकरण (एडीए) द्वारा किया जा रहा है जो रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का हिस्सा है। सिंह ने कहा कि यह एजेंसी पांचवीं पीढ़ी के एएमसीए लड़ाकू विमान का विकास कर रही है। सिंह ने कहा कि लगभग 16,000 करोड़ रुपये के निवेश से यहां विमान एकीकरण और उन्नत उड़ान परीक्षण केंद्र विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधाएं दुनिया के केवल कुछ ही देशों के पास हैं। मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि विभिन्न रक्षा सुविधाओं के विकसित होने से आंध्र प्रदेश देश की रक्षा ढाल बनकर उभरेगा। एएमसीए परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नायडू ने कहा कि यह पहल भारत के रक्षा क्षेत्र की क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी और स्वदेशी तकनीक के जरिए लड़ाकू विमान निर्माण को मजबूती देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुट्टपर्थी में लगभग 650 एकड़ भूमि पर स्थापित की जा रही एएमसीए परियोजना एक समर्पित टाउनशिप के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी और करीब 7,500 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। नायडू ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बढ़ती तकनीकी ताकत और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत पहल की सफलता का गौरवशाली उदाहरण बताया। भारत ने अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई 2025 में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर नाम से सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। एएमसीए परियोजना के साथ-साथ सिंह और नायडू ने कुछ अन्य रक्षा तथा ड्रोन सिटी परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी। एक विज्ञप्ति के अनुसार, बाद में दोनों नेताओं ने मिसाइलों, हथगोलों, अत्याधुनिक बंदूकों, लड़ाकू विमान के प्रोटोटाइप और अन्य रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# केरल, कर्नाटक और तेलंगाना की कांग्रेस सरकारें विमान ईंधन पर घटायें वैट : गोयल

मुंबई। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को केरल, कर्नाटक और तेलंगाना की कांग्रेस सरकारों से विमान ईंधन (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कटौती करने का आग्रह किया।

उन्होंने इन राज्यों को महाराष्ट्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार का अनुसरण करने की सलाह दी। गोयल ने यहां सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (एसईईपीजेड) में संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र के सुझाए गए खर्चों में कटौती संबंधी उपाय स्वैच्छिक प्रकृति के हैं और संकट के समय हर देशभक्त भारतीय को देश की मदद करनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि कर्नाटक, केरल और तेलंगाना जैसे जिन राज्यों में अभी कांग्रेस की सरकार है, वे भी एटीएफ के मुद्दे पर विचार करेंगे और जनहित से जुड़े कदम उठाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने एटीएफ पर वैट 18 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत करने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे हवाई माल ढुलाई शुल्क कम होगा, नए बाजारों की तलाश में यात्रा करने वाले निर्यातकों को सहायता मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विदेशी मुद्रा बचाने के लिए उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) पर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी सवाल पर गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील स्वैच्छिक है। उन्होंने कहा, उन्होंने (प्रधानमंत्री) अपील की है, अनुरोध किया है और मुझे भरोसा है कि देशहित में योगदान देने की भावना हर भारतीय में होगी। संकट के समय हमें खर्च में संयम बरतना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह संकट का समय है और ऐसे समय में हम सभी को खर्च में संयम बरतना चाहिए।



## संक्षेप

### महाराष्ट्र ने विमान ईंधन पर वैट घटाया

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने विमान ईंधन (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर (वैट) को 18 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह छूट 15 मई से अगले छह महीने तक लागू रहेगी। अधिकारी ने कहा कि राज्य के वित्त विभाग ने 14 मई को महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2002 के तहत इस संबंध में अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, यह रियायत 15 मई से 14 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद सरकार द्वारा अवधि नहीं बढ़ाने या संशोधन नहीं किए जाने की स्थिति में पुरानी दर लागू हो जाएगी। अधिसूचना में कहा गया कि महाराष्ट्र मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2002 की अनुसूची-बी की प्रविष्टि-6 में मौजूदा 18 प्रतिशत कर दर की जगह सात प्रतिशत कर दिया गया है।

# भ्रामक दावों पर दो कोचिंग संस्थानों पर लगा जुर्माना

नयी दिल्ली। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जेईई और नीट परीक्षा परिणामों से जुड़े भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड पर 10 लाख रुपये और सीकर स्थित करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी) पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि जांच में पाया गया कि दोनों कोचिंग संस्थानों ने अपनी प्रचार सामग्री में सफल छात्रों की उपलब्धियों को प्रमुखता से दिखाया, लेकिन यह महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली कि इन छात्रों ने किस तरह के पाठ्यक्रम में हिस्सा लिया था। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा के आदेश में इस गतिविधि को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार और उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन माना गया। मोशन एजुकेशन ने अपने विज्ञापनों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 91.2 प्रतिशत और आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 51.02 प्रतिशत सफलता दर का दावा किया था।

# भारी वर्षा के बीच गिरी छत, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

विजयपुरा (कर्नाटक)। कर्नाटक के विजयपुरा जिले में तेज हवाओं के साथ हुई भारी वर्षा के दौरान एक किराये के पुराने मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान गुरुनाथ बडिगेरा (35), उसकी पत्नी ज्योति बडिगेरा (28) और उनके दो बच्चों कलम्मा बडिगेरा (13) तथा कीर्ति बडिगेरा (9) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना विजयपुरा जिले के अलमेला तालुका के मोरतगी गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि इस परिवार के निजी आवास में मरम्मत कार्य हो रहा था जिसके कारण परिवार के लोग इस किराए के पुराने मकान में रह रहे थे।

# ड्रोन, यूएएस अब आसमान में बाज के पंजों की तरह : वायुसेना प्रमुख

नयी दिल्ली। भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ड्रोन और अन्य मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) से हवाई ताकत बढ़ी है और अब ये केवल आकाश में निगरानी करने वाले उपकरण ही नहीं हैं, बल्कि आसमान में बाज के पंजों की तरह हैं। वायुसेना अध्यक्ष ने मानवरहित हवाई प्रणालियों और यूएएस रोधी प्रणालियों पर एक रक्षा संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रेखांकित किया कि किसी भी आधुनिक हवाई खतरे से निपटने के लिए उस क्षेत्र की पूरी जानकारी अति महत्वपूर्ण है, और एक ही हवाई क्षेत्र में काम करने वाली तीनों सेवाओं के बीच पूर्ण समन्वय होना चाहिए। वायु सेना प्रमुख ने पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान हुई हालिया घटना का जिक्र करते हुए कहा, हमने देखा है कि क्या होता है... अगर आपके पास उक्त क्षेत्र की जानकारी नहीं है, तो आपको पता नहीं होता कि आपके लोग कहां हैं और दूसरे कहां हैं। हमने देखा है कि कुवैत में एफ-15 विमानों के साथ क्या हुआ। आपसी संघर्ष। इसलिए हम ऐसी घटनाओं को सह नहीं कर सकते। अमेरिका की मध्य कमान ने दो मार्च को एक बयान में कहा था कि एक मार्च को कुवैत के ऊपर तीन अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमान कथित तौर पर गलती से मित्र राष्ट्र की ओर से की गई गोलेबारी की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। यह संगोष्ठी थिंक-टैंक सेंटर फॉर एयरोस्पेस पावर एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीएपीएसएस) और इंडियन मिलिट्री रिव्यू (आईएमआर) प्रकाशन द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय वायु सेना के सुब्रतो पार्क में आयोजित की जा रही है। वायु सेनाध्यक्ष ने कहा कि ड्रोन, मानवरहित हवाई प्रणालियां (यूएएस) और यूएएस रोधी प्रणालियां आज के समय में बेहद प्रासंगिक हैं।












आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com